सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

रविवार, 21 अप्रैल, 2024 लखनऊ, महानगर, वर्ष 19, अंक 108, पेज 12, 2.00 रुपये
www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



## रत्न, आभूषण निर्यात 2023-24 में घटा

देश का रत्न और आभूषण निर्यात बीते वित्त वर्ष के दौरान 12.17 प्रतिशत घटकर 2,65,187.95 लाख करोड़ रुपये रहा। } 11

## दलित, पिछड़ों की विरोधी है कांग्रेस : शाह

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस दलित, पिछड़ों की सबसे बड़ी विरोधी पार्टी है। उन्होंने कहा कि वह अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति व अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को लेकर झूठ फैला रही है। } 12

# हाईस्कूल में प्राची व इंटर में शुभम टॉपर

## 10वीं में 89.55% व 12वीं में 82.60% छात्र उत्तीर्ण, पहली बार रिकॉर्ड 12 कार्य दिवसों में संपन्न करायी परीक्षा

जिला संवाददाता

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने शनिवार को 10वीं और 12वीं कक्षाओं के परीक्षा परिणाम घोषित किये, जिनमें क्रमशः 89.55 और 82.60 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। राज्य बोर्ड की 10वीं कक्षा की परीक्षा में शीर्ष तीन स्थानों पर छात्राओं ने अपना परचम लहराया है।

शिक्षा निदेशक (माध्यमिक) डॉ महेंद्र देव ने बताया कि 10वीं की परीक्षा में सीतापुर जनपद की प्राची निगम ने 98.50 प्रतिशत अंक के साथ प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि फतेहपुर जनपद की दीपिका सोनकर ने 98.33 प्रतिशत अंक के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं, सीतापुर की नव्या सिंह एवं स्वाति सिंह, प्रत्येक ने 98 प्रतिशत अंक हासिल किये और वे दोनों तीसरे स्थान पर रहीं। शिक्षा निदेशक ने बताया कि इंटरमीडिएट (12वीं) की परीक्षा में सीतापुर जनपद के ही शुभम वर्मा ने 97.80 प्रतिशत अंक के साथ प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि बागपत जनपद के विशु चौधरी ने 97.60 प्रतिशत अंक के साथ दूसरा स्थान हासिल किया।



उन्होंने बताया कि 12वीं की परीक्षा में, सीतापुर की शीतल वर्मा ने 97.40 प्रतिशत अंक के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। उन्होंने बताया की 10वीं कक्षा के 89.55 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए, जबकि इंटरमीडिएट के 82.60 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। देव ने बताया कि परिषद ने 2024 की बोर्ड परीक्षाओं के साथ नये कीर्तिमान स्थापित किए हैं। पहली बार रिकॉर्ड 12 कार्य दिवसों में परीक्षा संपन्न कराई गई और इतने ही ...शेष पृष्ठ 10 पर

### एक ही कॉलेज से निकले कई टॉपर




महमूदाबाद (सीतापुर)। हाईस्कूल और इण्टर की मेरिट में महमूदाबाद क्षेत्र के तीन दर्जन से अधिक विद्यार्थियों ने स्थान लाकर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। यूपी मेरिट में स्थान लाने वाले विद्यार्थियों व उनकी संस्थाओं के प्रबंधक व शिक्षकों को बधाई देने वालों का शनिवार परिणाम आने के बाद से तांता लगा रहा। बोर्ड परीक्षा के परिणाम आने के बाद ...शेष पृष्ठ 10 पर

### लखनऊ के रक्षित, आस्था व आदर्श अव्वल


रक्षित तिवारी (इंटर) (हाईस्कूल) आस्था मौर्या व आदर्श वर्मा

लखनऊ। यूपी बोर्ड परीक्षा में राजधानी लखनऊ के रक्षित तिवारी ने शहर का नाम रोशन किया है। रक्षित ने कक्षा 12 में प्रदेश में छठी और शहर में पहली रैंक हासिल की है। विजडम वे प्रोग्रेसिव इंटर कॉलेज के छात्र रक्षित तिवारी ने परीक्षा में 96.8 फीसदी अंक ...शेष पृष्ठ 10 पर

### संस्कृत शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षा के परिणाम घोषित

लखनऊ। यूपी बोर्ड परीक्षा के साथ-साथ शनिवार को उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षा का परिणाम भी घोषित किया गया। परिषद की पूर्व मध्यमा द्वितीय (10वी) परीक्षा में बहराइच की छात्रा मानसी चौरसिया टॉपर रहीं है। जबकि उत्तर मध्यमा द्वितीय (12वीं) में सुल्तानपुर की छात्रा पूनम तिवारी टॉपर रही हैं।

राजधानी स्थित माध्यमिक शिक्षा निदेशालय में अपर शिक्षा निदेशक माध्यमिक (राजकीय) अजय द्विवेदी, परिषद के सचिव शिवलाल और उप निदेशक विवेक नौटियाल ने परिणाम जारी किया। इस अवसर पर अजय द्विवेदी ने बताया कि परिषद की पूर्व मध्यमा और उत्तर मध्यमा स्तर की परीक्षा 15 फरवरी से एक मार्च तक प्रदेश में 129 केंद्र पर आयोजित की गयी। इसमें 31 हजार से अधिक छात्र शामिल हुए थे। प्रदेश में संस्कृत के 1166 विद्यालय हैं। जहां पर उत्तर मध्यमा द्वितीय (इंटर) तक की पढ़ाई होती है। पूर्व मध्यमा का परिणाम 87.42 प्रतिशत और उत्तर मध्यमा द्वितीय का 86.63 प्रतिशत रहा।

## संक्षेप

### मुरादाबाद से भाजपा उम्मीदवार सर्वेश सिंह का निधन

मुरादाबाद। मुरादाबाद से भाजपा के उम्मीदवार सर्वेश सिंह का शनिवार को निधन हो गया है। शुक्रवार को ही उनकी लोकसभा सीट पर मतदान हुए थे। वो खुद भी वोट डालने भी पहुंचे थे। अचानक आई इस खबर से न केवल पार्टी बल्कि पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है। शुरूआती तौर पर उनकी मौत हार्ट अटैक से बताई जा रही है। हालांकि अभी इसकी अधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। बता दें कि भाजपा के कुंवर सर्वेश कुमार सिंह ठाकुरद्वारा विधानसभा सीट से वर्ष 1991, 1993, 1996, 2002 औप 2012 में (पांच बार) विधायक निर्वाचित हो चुके थे। वह वर्ष 2014 में सांसद रह चुके थे। 2019 में उन्हें सपा के एसटी हसन ने हरा दिया था। उनके बेटे शुशांत सिंह बिजनौर जिले की बड़ापुर विधानसभा सीट से विधायक रहे हैं। डीएम मानवेंद्र सिंह ने बताया कि भाजपा प्रत्याशी कुंवर सर्वेश कुमार के निधन की जानकारी मिली है।

### कश्मीर में आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में शनिवार को आतंकवादियों के एक ठिकाने का भंडाफोड़ किया गया और वहां से कुछ संदिग्ध सामग्री जब्त की गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि खोजबीन और घेराबंदी अभियान के दौरान अरनास उपमंडल के दलास बरनेली क्षेत्र में आतंकियों के इस ठिकाने का भंडाफोड़ किया गया। आतंकी ठिकाने के बारे में विश्वसनीय जानकारी मिलने के बाद यह खोजबीन अभियान शुरू किया गया था। आतंकी ठिकाने से दो डेटोनेटर, एके असॉल्ट राइफल के 12 कारतूस, एक बैटरी और कुछ तार बरामद किए गए। रियासी जिले की वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मोहिता शर्मा ने कहा कि इलाके में खोजबीन अभियान अब भी जारी है और अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है।

### दिल्ली : घर में मृत मिले भाई-बहन, मां घायल

नयी दिल्ली। पूर्वी दिल्ली में नौ साल की एक लड़की और उसका किशोर भाई शनिवार को अपने घर में मृत पाए गए तथा उनकी मां घायल अवस्था में मिलीं जबकि उनके पिता लापता हैं। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक उन्हें अपराह्न दो बजे पांडव नगर के शशि गार्डन निवासी श्याम (42) के बारे में फोन आया, जो लापता है और उनका घर शुक्रवार से बंद है। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि सूचना मिलने पर पुलिसकर्मियों की एक टीम तुरंत मौके पर पहुंची और घर को बाहर से बंद पाया। घर के अंदर जाने पर उन्होंने 15 वर्षीय एक लड़के और नौ वर्षीय एक लड़की को मृत पाया और उनकी मां एक कमरे में बेहोश पड़ी थी।

# नतीजों से पहले ही कांग्रेस ने मानी हार

## अमेठी के बाद अब राहुल गांधी को छोड़ना पड़ेगा वायनाड : मोदी

एजेंसी

नांदेड़/परभणी (महाराष्ट्र)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को दावा किया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी केरल की वायनाड लोकसभा सीट से चुनाव हारने जा रहे हैं और 26 अप्रैल को वहां मतदान के बाद गांधी और उनकी टोली एक दूसरी सुरक्षित सीट की तलाश करेगी। मोदी ने कहा कि अमेठी के बाद राहुल गांधी को वायनाड भी छोड़ना पड़ेगा। महाराष्ट्र के नांदेड़ और परभणी में चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के नतीजे आने से पहले ही अपनी हार स्वीकार कर ली है। उन्होंने कांग्रेस को एक ऐसी बेल करार दिया, जिसकी अपनी कोई जड़ या जमीन नहीं है और वह उसे सहारा देने वाले को ही सुखा देती है। उन्होंने लोगों से विकसित भारत और विकसित महाराष्ट्र के लक्ष्यों को साकार करने



के लिए विपक्षी गठबंधन से सतर्क रहने को कहा। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए दावा किया कि इस लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के साहबजादे केरल के वायनाड निर्वाचन क्षेत्र से हारने जा रहे हैं। नांदेड़ और परभणी दोनों राज्य के मराठवाड़ा क्षेत्र में स्थित हैं। उन्होंने राहुल गांधी का जिक्र करते हुए कहा कांग्रेस के शहजादे को वायनाड में संकट दिख रहा है। शहजादे और उनकी टोली 26 अप्रैल को वायनाड में मतदान ...शेष पृष्ठ 10 पर

# मोदी सरकार को मिलेगा प्रचंड बहुमत

## प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश में बना सुरक्षा का बेहतर माहौल : योगी

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि लोकतंत्र के महापर्व में यूपी की 8 सहित देश के 21 राज्यों की 102 लोकसभा सीटों पर चुनाव संपन्न हुए हैं। अबतक के रुझान इस बात को बहुत स्पष्टता के साथ प्रदर्शित करते हैं कि पूरे देश में आम जन का मत मोदी सरकार के लिए प्रचंड रूप से सामने आ रहा है। स्वभाविक रूप से पीएम के नेतृत्व में देश में सुरक्षा का बेहतर माहौल बना हैए यह अद्भुत और अभिनंदनीय है।



सीएम योगी शनिवार को अपने सरकारी आवास पर मीडिया से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आधी आबादी तो पूरी तरह से मोदी जी के सुरक्षा के मॉडल को अंगीकार कर रही है। पीएम के नेतृत्व में देश में सुरक्षित माहौल के साथ सुशासन का मॉडल भारत ने पूरी दुनिया को दिया है। मुख्यमंत्री ने पश्चिम बंगाल सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि एक तरफ भाजपा शासित राज्यों में मोदी के मार्गदर्शन में सुरक्षा का बेहतर मॉडल दिया है, इसका हालिया उदाहरण रामनवमी का सकुशल आयोजन है, जबकि अपने तुष्टिकरण की नीति के लिए कुख्यात पश्चिम बंगाल में टीएमसी सरकार के कारण वहां रामनवमी की शोभायात्राओं पर हमले हुए हैं। सनातन आस्था को आहत करने की किस हद तक कुचेष्टाएं हो रही हैं, यह एक बार फिर वहां देखने को मिला है। उन्होंने कहा कि सुशासन की पहली शर्त रूल ऑफ लॉ है। मोदी के नेतृत्व में भाजपा पूरे देश और प्रदेशों में सुरक्षा का बेहतर ...शेष पृष्ठ 10 पर

# पीएम मोदी पर भ्रष्टाचार का एक भी आरोप नहीं : शाह

एजेंसी

मथुरा। केंद्रीय गृहमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने शनिवार को दावा किया कि पहले चरण में कांग्रेस-सपा का सूपड़ा साफ हो गया है।

लोकसभा चुनाव के पहले चरण में उत्तर प्रदेश की आठ सीट- सहारनपुर, बिजनौर, कैराना, मुजफ्फरनगर, नगीना (आरक्षित), मुरादाबाद, रामपुर और पीलीभीत में शुक्रवार को मतदान हुआ। शाह शनिवार को वृंदावन में भाजपा उम्मीदवार व सिने अभिनेत्री हेमा मालिनी के समर्थन में आयोजित एक चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा पूरे देश में लोकसभा का चुनाव हो रहा है। पहले चरण का मतदान हो चुका है। मैं पहले चरण का परिणाम बताऊं आपको, किसी को बताना मत तो ...शेष पृष्ठ 10 पर


मथुरा से उम्मीदवार हेमा मालिनी के पक्ष में वोट मांगते गृहमंत्री अमित शाह

# केवल अमीरों की परवाह करती है मोदी सरकार

### लोकतंत्र व संविधान के लिए बढ़ा खतरा : राहुल

एजेंसी

भागलपुर। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को भाजपा-आरएसएस और मुट्ठी भर अरबपतियों पर लोकतंत्र और संविधान के लिए खतरा उत्पन्न करने का आरोप लगाया। गांधी ने बिहार में अपनी पहली चुनावी रैली को संबोधित करते हुए अपनी पार्टी के नेतृत्व वाली केंद्र की पूर्ववर्ती संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के साथ तुलना करते हुए दावा किया कि हमने जितना कर्ज किसानों का माफ किया उससे चार गुना से भी अधिक मोदी सरकार ने उद्योगपतियों का माफ कर दिया। उन्होंने दावा करते हुए कहा देश के 22 उद्योगपतियों के पास 70 करोड़ की आबादी के समान संपत्ति है। देश में 70 करोड़ लोग ऐसे हैं जो प्रतिदिन 100 रुपये से कम पर गुजारा कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया, पिछले 10 वर्षों में, अंबानी और अडाणी जैसे लोग फले-फूले हैं। ये नाम तो आपने जरूर सुने होंगे। गांधी ने आरोप लगाया ...शेष पृष्ठ 10 पर


अमरोहा में चुनावी रैली के दौरान राहुल गांधी व अखिलेश यादव

### अखिलेश ने भाजपा पर साधा जमकर निशाना

मेरठ/अमरोहा। समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने राज्य में पहले चरण के मतदान से माहौल बदलने का दावा करते हुए शनिवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की फिल्म पहले दिन पहले शो में ही फ्लॉप हो गयी है। अखिलेश यादव मेरठ में विपक्षी इंडिया गठबंधन के घटक समाजवादी पार्टी (सपा) की उम्मीदवार सुनीता वर्मा के समर्थन में एक चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। यादव मेरठ की सभा के बाद अमरोहा में विपक्षी दलों के समूह इंडिया गठबंधन के प्रमुख घटक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की मौजूदगी में कांग्रेस उम्मीदवार ...शेष पृष्ठ 10 पर

## 2024 आज का मुकाबला

बंगलुरु V/S कोलकाता

पंजाब V/S गुजरात



### आज का मौसम

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 39.09 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 22.08 डिसे. |

### भीतर पढ़ें

- मथुरा में हेमा को टक्कर देंगे मुकेश धनगर (पृष्ठ-02)
- बरेली व आंवला सीट से बसपा के नामांकन खारिज (पृष्ठ-02)
- लड़कियों को खेलों में दें बढावा : तेंदुलकर (पृष्ठ-15)

विशेष खबर

**वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण के इंटरव्यू पर कपिल सिब्बल ने किया पलटवार**

# हम फिर लायेंगे चुनावी बांड : निर्मला सीतारमण

विशेष संवाददाता

नयी दिल्ली। चुनावी बांड मामले में वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण के बयान पर कांग्रेस ने तीखा हमला बोला है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने एक बयान में कहा कि सभी बड़ी राजनीतिक पार्टियों ने चुनावी बांड भुनाए हैं। इस मुद्दे पर किसी को कुछ कहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है, क्योंकि यह कानूनी था। उन्होंने यह भी कहा कि इस मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को देखते हुए और बहस करने की जरूरत है, ताकि चुनावी फंडिंग को लेकर कोई बेहतर व्यवस्था बनाई जा सके। उन्होंने कहा कि इस कानून को संसद ने पारित किया था। चुनावी बांड उस समय के कानून के अनुसार खरीदे गए थे। अब उनके बयान पर कांग्रेस ने पलटवार करते हुए भाजपा सरकार को घेरने की कोशिश की है। जिस पर राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने कहा कि भाजपा यह दावा कर रही है कि पारदर्शिता लाने के लिए चुनावी बॉण्ड योजना लायी गई थी जबकि उच्चतम न्यायालय पार्टी के इस दावे के उलट योजना को असंवैधानिक घोषित कर चुका है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि भाजपा का इरादा है कि 2024 के आम चुनाव के बाद सत्ता में वापस आने पर सभी हितधारकों के साथ परामर्श करके किसी न किसी रूप में चुनावी बॉण्ड वापस लाया जाए। सिब्बल ने इसपर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा निर्मला सीतारमण ने एक साक्षात्कार में कहा है कि हम चुनावी बॉण्ड वापस लाएंगे और साक्षात्कार में यह भी कहा गया है कि चुनावी बॉण्ड योजना पारदर्शिता लाने के लिए लाई गई थी। यह उच्चतम न्यायालय की टिप्पणी के बिल्कुल विपरीत है। उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि ये पारदर्शी नहीं हैं और इन्हें गैर-पारदर्शी तरीके से लाया गया था। सिब्बल ने कहा अब उनके (भाजपा) के सामने समस्या यह है कि उनके पास इस चुनाव के लिए पैसा है लेकिन वे जानते ...शेष पृष्ठ 10 पर



"सभी बड़ी राजनीतिक पार्टियों ने चुनावी बांड भुनाए हैं। इस मुद्दे पर किसी को कुछ कहने का नैतिक अधिकार नहीं है, क्योंकि यह कानूनी था। उन्होंने यह भी कहा कि इस मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को देखते हुए और बहस करने की जरूरत है, ताकि चुनावी फंडिंग को लेकर कोई बेहतर व्यवस्था बनाई जा सके। इस कानून को संसद ने पारित किया था। चुनावी बांड उस समय के कानून के अनुसार खरीदे गए थे।"

"भाजपा यह दावा कर रही है कि पारदर्शिता लाने के लिए चुनावी बॉण्ड योजना लाई गई थी जबकि उच्चतम न्यायालय पार्टी के इस दावे के उलट योजना को असंवैधानिक घोषित कर चुका है। ब उनके (भाजपा) के सामने समस्या यह है कि उनके पास इस चुनाव के लिए पैसा है लेकिन वे जानते हैं कि जब वे हारेंगे तो उन्हें पैसे की आवश्यकता होगी। हालांकि, निर्मला जी कह रही हैं (वे) जीतेंगे और इसे (चुनावी बॉण्ड योजना) वापस लाएंगे।"



# सड़क हादसों में सात की मौत, 52 लोग घायल

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मैनपुरी, मुजफ्फरनगर और उन्नाव जिले में हुएसड़क हादसे में सात लोगों की मौत हो गई जबकि 52 लोग घायल हो गए।

मैनपुरी जिले के बिछवां थानाक्षेत्र के फर्दपुर गांव के पास शनिवार तड़के एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को ट्रक ने टक्कर मार दी, जिससे चार महिलाओं की मौत हो गई और 20 अन्य घायल हो गए। बिछवां पुलिस थाने के निरीक्षक अवनीश कुमार त्यागी के मुताबिक, हादसा सुबह करीब 4 बजे हुआ, जिसमें तीन महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक अन्य ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। घायल 20 पुरुषों और महिलाओं को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया और तीन महिलाओं सहित चार अन्य को गंभीर हालत में सैफई अस्पताल ले जाया गया। हादसे में घायल और अस्पताल में भर्ती वीरेंद्र सिंह लोधी राजपूत ने कहा कि 25 महिलाओं सहित लगभग 35 लोग करौली पुलिस थानाक्षेत्र के बेलधारा गांव में बेटी के बच्चे के नामकरण समारोह में भाग लेने गए थे और वहां से ट्रैक्टर-ट्रॉली में वापस लौट रहे थे। उन्होंने बताया कि वे (कन्नौज) के छिबरामऊथाने के कुएरपुर गांव जा रहे थे। फर्दपुर गांव के पास ट्रैक्टर की हेड लाइट में कुछ खराबी आ गई और वे वाहन को ...शेष पृष्ठ 10 पर




# मथुरा में हेमा को टक्कर देंगे मुकेश धनगर

## समाजवादी पार्टी की साइकिल यहां कभी लोकसभा या विधानसभा के लिए नहीं दौड़ी

विशेष संवाददाता (vol)

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मथुरा यूपी ही नहीं देश की सबसे हाई-प्रोफाइल सीटों में से एक है। विपक्षी गठबंधन की तरफ से विजेंद्र सिंह को उतारने की अटकलों के बीच उनके भाजपा में जाने से इस सीट को लेकर चर्चा और भी बढ़ गई है। अब कांग्रेस ने मुकेश धनगर को हेमा मालिनी के खिलाफ प्रत्याशी बनाया है।

कृष्ण की लीलाओं की इस धरा की रज को छूकर पुण्य पाने की चाहत ऐसी कि साल में 6.50 करोड़ श्रद्धालु यहां आते हैं। कभी वृंदा का वन और हरियाली से भरपूर वृंदावन की तो रंगत तो पूरी तरह बदल चुकी है। वहां बांके बिहारी की एक छवि निहारने के लिए आतुरता बढ़ती ही जा रही है। ऐसे में श्रद्धालुओं की भीड़ के दबाव से वहां की कुंज गलियां कहने लगी हैं कि बस...अब और नहीं। वहां रहने वालों की भी आवाज है कि हमें राहत देने को कुछ कीजिए। अब पिछले 10 साल में बदली एक दूसरी तस्वीर...। श्रद्धालुओं की इतनी बड़ी संख्या का नतीजा है कि वृंदावन के आसपास के गांवों में भी कहीं खाली भूमि नहीं बची है।

छटीकरा रोड हो या यमुना एक्सप्रेस वे से वृंदावन को मिलाने वाली सड़क हर जगह मल्टी स्टोरी भवनों के साथ दर्जनों कालोनियां उग चुकी हैं। चंडीगढ़-दिल्ली रोड की तरह विशाल ढाबे और शानदार रेस्त्रां खुल गए हैं। विकास की यह धारा अभी और तेज होगी। वजह है कि बांकेबिहारी के भव्य कारिडोर बनाने को शुरूआत होने वाली है। साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का वह वाक्य... कृष्ण भी अब कहां मानने वाले हैं, जो कृष्ण जन्मभूमि को लेकर बहुत कुछ कहता है। इससे मथुरा में चुनावी हवा और गर्म हो चली है। पश्चिम की प्रभावी जाट बेल्ट में शुमार मथुरा सीट पर भाजपा से तीसरी बार जीत को सुपर स्टार हेमा मालिनी मैदान में उतरी हैं। वह उन नेताओं में हैं, जो 75 वर्ष की आयु के बावजूद टिकट पाने में सफल रही हैं।




इंडिया गठबंधन से कांग्रेस ने मुकेश धनगर को प्रत्याशी बनाया है, जो धनगरों को अनुसूचित जाति में शामिल करने के लिए संघर्ष करते रहे हैं। बसपा ने जाट समाज के सुरेश सिंह को महावत बनाकर भेजा है, जो सेवानिवृत्त आइआरएस अधिकारी हैं। मथुरा सीट पर इस बार 19.29 लाख मतदाता हैं, जो पिछली बार से 1,21,657 ज्यादा हैं। पिछले चुनाव में भाजपा प्रत्याशी हेमा मालिनी ने 6,71,293 वोट पाकर धमाकेदार जीत हासिल की थी। उन्होंने रालोद-बसपा और सपा गठबंधन के प्रत्याशी जयन्त चौधरी (3,77,822 मत) को पराजित किया था। अब रालोद और भाजपा का गठबंधन होने के बाद जयन्त हेमा के लिए प्रचार कर रहे हैं।

कांग्रेस के लिए मथुरा प्रदेश की उन सीटों में है, जहां पार्टी प्रत्याशी मानवेंद्र सिंह ने 2004 के चुनाव में जीत हासिल की थी। मुकेश के लिए एक चुनौती यह है कि सहयोगी दल सपा की साइकिल यहां कभी लोकसभा या विधानसभा के लिए नहीं दौड़ी। इसका दर्द अखिलेश यादव को भी रहा है। सपा मथुरा में मजबूती क्यों नहीं पा सकी, इस बारे में यहां के लोग कहते है कि वह सत्ता में थे तो अपराधी कट्टा लेकर चलते थे, ब्रज में यह संस्कृति नहीं है। पुलिस भर्ती की भी सबको पता है। बसपा प्रत्याशी सुरेश सिंह पूर्व में आरएसएस से जुड़े थे। परंतु टिकट के समय नीले खेमे का रुख कर लिया। उनके लिए संगठन से समन्वय करने के लिए भी समय देना पड़ रहा है। बसपा के लिए मांट विधानसभा क्षेत्र अच्छी खबर वाला है, जहां आठ बार विधायक रहे श्यामसुंदर शर्मा की वजह से पार्टी दूसरी जातियों के वोट में भी हिस्सेदारी कर सकेगी। आझई के 85 वर्षीय किशन सिंह कहते हैं कि किसने सोचा था कि अयोध्या का मंदिर बनेगा। मथुरा की बात फिर आगे बढ़ेगी। कांग्रेस ने 65 वर्ष की सत्ता में क्या मजबूत नेता नहीं दिया, इस पर कहते हैं कि इंदिरा गांधी थीं, अब तो कोई नहीं है। अड़ींग के सुनील सिंह का चेहरे का भाव बहुत कुछ कह देता है। वह कहते हैं कि मायावती को मौका दिया, लेकिन एससी-एसटी एक्ट में क्या हुआ, सबको पता है। भाजपा ने क्या दिया है? सांसद हेमामालिनी कैसी सांसद हैं? जीएलए विवि के पास दुकान करने वाले रवि कहते हैं कि हेमा जीत के बाद क्षेत्र में कभी नहीं आईं। परंतु चुनाव में मुद्दे राष्ट्रीय हैं। एक बड़ी समस्या यमुना प्रदूषण है और सभी दलों के एजेंडे में है। परंतु किसी प्रत्याशी के पास उत्तर नहीं कि मोक्षदायिनी को मोक्ष कैसे दिलाएंगे।

यमुना एक्सप्रेस वे बनने के बाद वृंदावन के साथ गोवर्धन, बरसाना की तस्वीर भी बदल चुकी है। छटीकरा से वृंदावन रोड पर ऐसा लगता है कि जैसे किसी मेट्रो सिटी में हों। ब्रज के स्वाद से भरपूर बेहतरीन खान-पान की दुकानें हैं। प्रेम मंदिर की छटा ने युवाओं की भीड़ को भी आकर्षित किया है। हर दिन दर्जनों टूर वहां पहुंचते हैं। रीयल एस्टेट में प्रोजेक्ट लांच की तेज रफ्तार है। ऐसे में यहां की आर्थिकी भी मजबूत हुई है। श्रद्धालुओं की भीड़ अब गोवर्धन और बरसाने में भी तेजी से बढ़ रहगी है।

## ...सियासी करवट

### नेतागीरी और फकीरी बड़ी चीज

चुनाव हो और आरोपों-प्रत्यारोपों की बौछार न हो, नेताओं की भाषा तल्ख न हो, ऐसा संभव नहीं हैं। हर आरोप सही हों, जरूरी नहीं लेकिन वे जनता के मन में हलचल तो पैदा करते ही हैं। नेतागीरी और फकीरी बड़ी चीज है। दोनों ही शून्य से शुरू होती है और अनंत तक जाती है। इसमें जिस तेजी से विकास होता है, उसी तेजी के साथ गिरावट भी आती है। जिस तरह डाल का चूका वानर कहीं का नहीं रहता, उसी तरह मौके से वंचित नेता भी अपना वजूद खो देता है। राजनीतिज्ञों को यह बात बखूबी पता है कि नेतागीरी हाथ की सफाई और नजरों के भ्रम का मामला है। जो जितनी सफाई से झूठ को स्थापित कर ले जाए, वह उतना ही बड़ा नेता। सबको पता है कि नेतागीरी के लिए साफ-सुथरी छवि का दिखावा बहुत जरूरी है और उससे भी ज्यादा आवश्यक है अपने प्रतिद्वंद्वी की छवि बिगाड़ना। इसके लिए तरह-तरह के हथकंडे अपनाए जाते हैं। नेताओंको पता है कि जिस तरह सौ बार पढ़ने पर हनुमान चालीसा याद होजाती है, उसी तरह एक झूठ को कई लोग बार-बार कहें तो वह झूठ भी सच लगने लगता है। राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भ्रष्टाचार का स्कूल चलाने का आरोप लगाया है। अरविंद केजरीवाल ने आरोप लगाया है कि सरकार उनकी धीमी मौत का षड़यंत्र कर रही है। यूपी की बांदा जेल में हाल ही में दिवंगत एक माफिया नेता ने भी कहा था कि जेल में उन्हें जहर दिया जा रहा है। यह मामला देश की सबसे बड़ी अदालत तक भी पहुंचा है। अगर इसी तरह के जेलों पर आरोप लगने लगे तो जेलों की विश्वसनीयता ही खतरे में पड़ जाएगी। जिसे देखो, वही आरोपों की फसल काटने लगेगा। अपराधियों को दंडित करने और इस बहाने उनके सुधार कर रही-सही संभावनाएं भी दम तोड़ देंगी। देश में एक नई तरह की अराजक संस्कृति विकसित हो जाएगी। जेल कभी भी राजनीति के विषय नहीं रहे लेकिन हाल के दिनों में जेल से राजनीति का जो चलन विकसित हुआ है, उस पर तत्काल विराम लगाए जाने की जरूरत है। जेल की अपनी नियमावली होती है, उसमें और घर में फर्क तो होता ही है, इस बात को समझे जाने की जरूरत है। चुनाव में हार-जीत सामान्य बात है। जीतेगा तो कोई एक ही, लेकिन हमेशा जीत पर अंगुली उठाना ठीक नहीं है। वैसे राजनीतिक भविष्यवाणी करने में कोई भी दल एक दूसरे से दूबर नहीं है। मनोवैज्ञानिक दबाव बनाने का खेल सभी खेल रहे हैं। अपने-अपने तरीके से। सब एक दूसरे का सूपड़ा साफ कर रहे हैं। कोई विकास का दावा कर रहा है तो कोई हर युवा को रोजगार देने की बात कर रहा है। हाल ही में हैदराबाद में एक धार्मिक स्थल पर एक प्रत्याशी द्वारा तीर चलाने की खबरें उछलीं तो इसके दो-एक दिन बाद ही एक नेता बीफ की दुकान पर पहुंच गए और दुकानदार को काटते रहो की नसीहत दे आए। वोटों की फसल काटने के लिए धार्मिक भावनाओं से खेलने का प्रयोग वैसे भी बहुत पुराना है। जनता सब जानती है, वह केवल विकास चाहती है, बकवास नहीं।


सियाराम पांडेय 'शांत'

## नेताजी कहिन

### पीडीए मतलब पारिवारिक डेवलपमेंट अथॉरिटी : भूपेंद्र

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने अखिलेश यादव द्वारा चुनावी रैली में लगाए गए आरोपों पर करारा पलटवार किया। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव पीडीए का नारा दे रहे हैं, जिसका असली अर्थ पारिवारिक डेवलपमेंट अथॉरिटी है। जिस तरह से उन्होंने अपने परिवारीजनों को टिकट बांटे हैं, उससे स्पष्ट है कि उनकी नीयत पीड़ित और दलितों के विकास की नहीं, बल्कि अपने परिवार के विकास को लेकर है। प्रदेश की जनता उनकी हकीकत अच्छी तरह जान चुकी है और इन आम चुनावों में वो एक बार फिर उनकी मंशा को नकार रही है। उन्होंने कहा कि वो जानते हैं कि अकेले दम पर वह उत्तर प्रदेश में भाजपा का सामना नहीं कर सकते। इसीलिए वो दूसरे दलों के साथ गठबंधन कर रहे हैं, लेकिन अफसोस कि उन्होंने जिन दलों से गठबंधन किया है, उनका वजूद ही यूपी से खत्म हो चुका है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश में अपनी जमीन खो चुके समाजवादी पार्टी के मुखिया फिर से सत्ता सुख भोगने के लिए आतुर हैं। इसके लिए वो अलग-अलग पार्टियों से गठबंधन करते फिर रहे हैं। इसके बावजूद वह जनता का दिल जीतने में बार-बार नाकाम रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनता जनार्दन पहले ही दो लड़कों और बुआ-बबुआ की जोड़ी को सिरे से नकारा चुकी है। एक बार फिर वही पुरानी दो लड़कों की जोड़ी यूपी आई है और फिल्म की शूटिंग कर रही है। लेकिन प्रदेश की जनता को रील नहीं रियल डेवलपमेंट चाहिए जो विगत 10 वर्ष में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और 7 वर्ष में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में मिल रहा है। वो पश्चिम को लेकर क्या बात कर रहे हैं, उनकी पश्चिम से लेकर पूरब तक हार सुनिश्चित है। प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि मेरठ की जनता को उनके झूठे वादों पर भरोसा नहीं हैं। वो जानती है कि ये किसानों का, युवाओं का और गरीबों का हक मारने वाले लोग हैं। ये सामूहिक नकल के हिमायती लोग हैं, नौकरियों में भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाले लोग हैं।



# रायबरेली में अभी प्रत्याशी ही तय नहीं , बदला-बदला सा है माहौल

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रायबरेली जिले में नामांकन 26 अप्रैल से होना है। जिला प्रशासन तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटा है। रायबरेली संसदीय क्षेत्र के रण में सेनाएं जंग के लिए मैदान में हैं, लेकिन बिना प्रत्याशियों के चुनाव का रंग फीका है। भाजपा, कांग्रेस और बसपा ने अब तक पत्ते नहीं खोले हैं। रण में बिना सेनापतियों के ही नेता अपनी-अपनी जीत के दावे कर रहे हैं।

पूर्व के चुनाव में नामांकन के पहले चुनाव का माहौल हमेशा बनाए लेकिन अबकी बार माहौल पूरी तरह से बदला हुआ है। कहीं भी चुनाव जैसा नजारा देखने को नहीं मिल रहा है। सबको सेनापतियों की घोषणा का इंतजार है। प्रत्याशियों की घोषणा के बाद ही चुनाव का रंग चोखा होने वाला है। सोनिया गांधी के राज्यसभा में जाने के बाद प्रियंका के रायबरेली के रण में सेनापति बनने के चर्चे तो खूब हैं, लेकिन घोषणा अब तक न होने के कारण कार्यकर्ताओं में जोश देखने को नहीं मिल रहा है। यूं तो अंदर ही अंदर कांग्रेसी चुनावी तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। सीट को बरकरार रखने के दावे भी कर रहे हैं, लेकिन प्रत्याशी को लेकर कोई मुंह नहीं खोल रहा है। बस यही कहा जा रहा है कि दमदार प्रत्याशी आएगा और कांग्रेस का प्रत्याशी ही जीतेगा। भाजपा के कई मंत्री यहां आकर जीत के दावे कर चुके हैं। अबकी हर हाल में कांग्रेस से सीट को हथियाने की बात कह रहे हैं, लेकिन हकीकत में आम वोटरों व भाजपाइयों में लोकल या बाहरी प्रत्याशी को उतारने की ही बहस सुनने को मिल रही है। अब तक किसी को भी मैदान में उतारने के संकेत हाईकमान से नहीं मिले हैं। भले ही मनोज पांडेय, दिनेश प्रताप सिंह और अजय अग्रवाल रोजाना आम जनता के बींच पहुंचकर माहौल बनाने में जुटे हैं। बसपा ने पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि रायबरेली और अमेठी में अपना प्रत्याशी उतारकर दमदारी से जंग लड़ा जाएगा, लेकिन नामांकन शुरू होने से कुछ दिन पहले तक बसपा ने भी पत्ते नहीं खोले हैं। हालांकि पिछले कई चुनावों को देखा जाए तो बसपा पूरे दम के साथ लड़ी। बसपा के प्रत्याशी टॉप-3 प्रत्याशियों में रहे। सपा इस बार भी कांग्रेस के साथ है। सपा अपना प्रत्याशी अबकी बार भी नहीं उतारेगी।

● भाजपा, बसपा, कांग्रेस ने नहीं खोले पत्ते

भाजपा, कांग्रेस व अन्य पार्टियों के नेता माहौल बनाने के लिए बैठकें कर रहे हैं। समर्थकों को जंग के लिए पूरी तरह से तैयार करने के लिए दम भी भर रहे हैं, लेकिन प्रत्याशियों के सवालों पर सभी चुप्पी साधे हैं। हमेशा सबसे पहले प्रत्याशी उतारने वाली कांग्रेस भी इस बार मैदान मारने में पीछे है। हो चाहे जो, इस बार चुनाव रोमांचक होने वाला है। कांग्रेस सीट छोड़ने को राजी नहीं है तो अबकी भाजपा कमल खिलाने में कसर नहीं छोड़ेंगी।

# ...खो रहीं वामपंथी विचारधारा!

भारत की राजनीति में, वामपंथी विचारधारा की एक महत्वपूर्ण भूमिका है और हमेशा रही है। हालांकि, एक राजनीतिक शक्ति के रूप में इसका प्रभाव कम हो रहा है। आज सभी पार्टियां वामपंथी विचारों को किसी न किसी स्वरूप में इस्तेमाल करती है।

एक समय विपक्षी गठबंधन का आधार रही माकपा अब पहले जैसी मजबूत नहीं रही है, अब ऐसा लग रहा है कि यह दल 'अतीत की परछाईं' मात्र बन कर रह गया है। अब राष्ट्रीय राजनीति में भाजपा से मुकाबला करने के लिए क्षेत्रीय पार्टियां माकपा का स्थान लेने लगी हैं। एक समय गैर-कांग्रेस व गैर-भाजपा वाले तीसरे मोर्चे में विभिन्न क्षेत्रीय दलों के बीच वाम मोर्चा की अहम भूमिका होती थी। लेकिन अब न तो वह संख्या है और न ही वह प्रभाव है।

अतीत में कई मौकों पर वाम दलों ने विपक्षी ताकतों को एकजुट करने में प्रमुख भूमिका निभाई लेकिन मौजूदा स्थिति में ऐसा करने के लिए संख्या बल नहीं है। इस तथ्य से इंकार नहीं है कि संसदीय राजनीति में संख्या एक महत्वपूर्ण कारक होती है।

भारत में वामपंथी दलों का नेतृत्व मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीएम) के हाथों में है। यह दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी कम्युनिस्ट पार्टी है। यह चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के बाद दूसरे नंबर की वामपंथी पार्टी है। साल 2004 से 2009 के बीच लोकसभा में इसकी ताकत 60 फीसदी कम हुई है। साल 2011 में वामपंथी दलों को पश्चिम बंगाल और केरल में अपनी सत्ता गंवानी पड़ी। पश्चिम बंगाल में सत्ता से बाहर होना वामपंथी राजनीति के लिए ज्यादा बड़ा नुकसान साबित हुआ।

**अतीत के झरोखे से**

भारत के पांचवें सबसे बड़े राज्य में वामपंथी दलों ने लगातार 34 साल तक शासन किया। लेकिन राज्य की सत्ता गंवाने के बाद उन्हें पंचायती चुनाव और नगर निगम के चुनाव में भी हार का सामना करना पड़ा। विभिन्न क्षेत्रीय दल अब वह करने का प्रयास कर रहे हैं। राष्ट्रीय राजनीति में समाजवादी पार्टी हमेशा वाम दलों की भरोसेमंद सहयोगी रही है। सपा उपाध्यक्ष किरणमय नंदा का कहना है कि अब वाम दलों की भूमिका महत्वहीन और अप्रासंगिक है। क्षेत्रीय दल जो कभी वाम दलों की छत्रछाया में राष्ट्रीय स्तर पर कार्य करते थे, अब वे प्रमुख राजनीतिक ताकतें बन गए हैं।

वाम दलों के पास गठबंधन का नेतृत्व करने के लिए कोई करिश्माई नेता नहीं है। उन्होंने कहा कि जब लोकसभा में वाम दलों के 50 से ज्यादा सांसद थे, उस समय माकपा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 1996 में संयुक्त मोर्चा के शासनकाल में और 2004 में संप्रग-एक के दौरान माकपा नीत वाम मोर्चा के लोकसभा में क्रमशः 52 और 61 सदस्य थे। 1989 में वीपी सिंह सरकार के दौरान वाम मोर्चा के लोकसभा में 52 सदस्य थे। लेकिन 2014 में लोकसभा में उसके सांसदों की संख्या घटकर 11 रह गयी। उसने अपना मुख्य गढ़ पश्चिम बंगाल भी खो दिया।

# बरेली और आंवला सीट से बसपा प्रत्याशियों के नामांकन पत्र खारिज

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। लोकसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी को बड़ा झटका लगा है। बरेली और आंवला लोकसभा सीट से बसपा प्रत्याशियों के नामांकन पत्र खारिज हो गए हैं। बरेली से छोटेलाल गंगवार और आंवला से आबिद अली ने नामांकन पत्र दाखिल किए गए थे। शनिवार को नामांकन पत्रों की जांच हुई। जांच में बसपा के दोनों प्रत्याशियों के नामांकन पत्रों में त्रुटि मिलने के कारण खारिज कर दिया गया है। अब बसपा दोनों सीटों के चुनावी मैदान से बाहर हो गई है।

जिला निर्वाचन अधिकारी रविंद्र कुमार ने बताया कि बरेली लोकसभा सीट से 28 प्रत्याशियों ने 42 नामांकन पत्र दाखिल किए गए थे। शनिवार को नामांकन पत्रों की जांच की गई। जांच के दौरान 14 प्रत्याशियों के नामांकन पत्रों को खारिज कर दिया गया है। 14 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र विधि मान्य हैं। उन्होंने बताया कि बरेली से बसपा प्रत्याशी छोटेलाल गंगवार ने दो नामांकन पत्र दाखिल किए थे। एक 16 और 18 अप्रैल को किया था। बसपा प्रत्याशियों के शपत्र में कुछ कॉलम खाली थे। इस कारण उनके नामांकन पत्र खारिज कर दिया गया है। बरेली सीट से 28, आंवला सीट से 20 प्रत्याशियों ने नामांकन कराया था। हालांकि, चुनावी मैदान में कितने प्रत्याशी दम दिखाएंगे यह नामांकन पत्रों की जांच और नाम वापसी के बाद तय होगा।

● बसपा को बड़ा झटका, छोटेलाल गंगवार और आबिद अली चुनावी मैदान से बाहर

आखिरी दिन बरेली सीट से पूर्व मेयर सुप्रिया ऐरन, सपा प्रत्याशी प्रवीण सिंह ऐरन, आंवला सीट से भी आबिद अली समेत कई अन्य ने नामांकन के दूसरे सेट दाखिल किए थे। बरेली और आंवला सीट से आखिरी दिन 12-12 नामांकन भरे गए। इसके चलते दिन भर नामांकन के लिए आवाजाही रही। सुरक्षा व्यवस्था चाकचौबंद रहीं। अब तक दोनों लोकसभा क्षेत्र से दाखिल हुए नामांकन की जांच आज हो रही है। नाम वापसी 22 अप्रैल को होगी। इसी दिन शाम को दोनों क्षेत्रों के प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी होगी।

# 'गांव की महिलाओं' को मिले किसानी का दर्जा

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। देश को एक बार फिर से प्रधानमंत्री चुनना है। प्रधानमंत्री कौन बनेगा? संसदीय क्षेत्र का कौन नेतृत्व करेगा, जैसे सवाल ईवीएम में कैद होकर रह जाएंगे। सवाल यह उठता है कि देश के गांवों में रह रहीं 70 फीसदी महिलाएं जब बराबर किसानी का काम करती है तो उन्हें किसानी का दर्जा क्यों नहीं दिया जा रहा है? कोई राजनीतिक दल इस मुद्दे को लेकर आगे क्यों नहीं आता? कि महिलाओं को भी पुरुषों के माफिक खेती के कार्यों में बराबर के अधिकार प्राप्त हो, योजनाएं बनायी जाए तो महिलाओं की भी भागीदारी सुनिश्चित की जाए।

गांवों को बचाने के लिए खेती को बचाना आवश्यक है, और खेती बचाने के लिए महिलाओं को साधन संपन्न बनाना भी उतना ही आवश्यक है। सरकारी नियमों के हिसाब से अभी किसान केवल वही माने जाते हैं, जिनके नाम से जमीन होती है, ऐसे में कितनी ही महिलाएं किसान के रूप में पहचानी जाने से वंचित रह जाती हैं। आंकड़े यह भी बताते हैं कि अगर महिला किसानों को कृषि कार्य में समान अधिकार हासिल होगा, तो उत्पादन में चालीस फीसद तक की बढ़ोतरी हो सकती है। साथ ही, वे आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनेंगी और समाज को भी आगे ले जा सकेंगी। कहा जाता है कि जब आप गांव में एक महिला को सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त तथा समृद्ध बनाते हैं तो वह महिला न केवल अपने परिवार को, अपने गांव को, बल्कि अपने देश को सुदृढ़ बनाती है। ऐसे में जरूरत है दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति की।

यह ठीक है कि महिला सशक्तिकरण के मामले में भारत की स्थिति कई मायनों में बेहद मजबूत है। यहां ग्राम पंचायतों में एक तिहाई स्थान महिलाओं के लिए आरक्षित हैं। विधानसभाओं और संसद में भी यही व्यवस्था करने की तैयारी है। फिर भी यह राजनीतिक सशक्तिकरण सामान्य तौर पर ग्रामीण महिलाओं के सामाजिक-आर्थिक ढांचे में पर्याप्त बदलाव नहीं ला पाया है। यही वजह है कि कृषि उद्यम में महिलाओं की भागीदारी होने के बावजूद उन्हें समाज और राज्य से उतना सम्मान नहीं मिलता, जिसकी वे हकदार हैं। हर दृष्टि से वे उपेक्षा की शिकार हैं। यों कहें, ग्रामीण सामाजिक-आर्थिक ढांचे में अब भी पुरुषों का दबदबा है। स्वास्थ्य एवं पोषण सबसे बड़ी चिंताएं हैं। महिलाएं ही पूरे घर के लिए खाना बनाती हैं, पर वे अमूमन भूखी रह जाती हैं। भारत में महिलाओं में कुपोषण के मामले तकरीबन उतने ही ज्यादा हैं, जितने कुछ अफ्रीकी देशों में खाद्य संकट के मामले हैं। पूरी दुनिया में कृषि क्षेत्र में ग्रामीण महिलाओं का अहम योगदान है। खाद्य एवं कृषि संगठन के एक अध्ययन के मुताबिक अगर महिलाओं को पुरुषों के बराबर परिसंपत्तियां, कच्चा माल और सेवा जैसे संसाधन मिलें, तो सभी विकासशील देशों में खेती ढाई से चार फीसद तक बढ़ सकती है। इससे भूखे लोगों की तादाद को 12 से 17 फीसद तक कम किया जा सकता है। इससे लोगों की आमदनी भी बढ़ती, जिससे जीवन स्तर और जीवन सुरक्षा में भी इजाफा होता।

**मुद्दा**



आर्थिक सर्वेक्षण 2017-18 के अनुसार पुरुषों का रोजगार के लिए गांवों से शहरों की तरफ पलायन करने से खेती के कार्यों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ जाती है। खेती के साथ ही आज की वर्तमान चुनौती जैसे कि जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक संसाधनों का क्षरण रोकने और प्रबंधन में महिलाओं के योगदान को नकारा नहीं जा सकता। महिलाएं बुवाई से लेकर रोपाई, निराई, सिंचाई, खाद डालना, पौध संरक्षण, कटाई, भंडारण आदि सभी कार्यों से जुड़ी हुई है। इसके अलावा वे खेती संबंधी अन्य धंधों जैसे, मवेशी पालन, चारे का संग्रह, दुग्ध और कृषि से जुड़ी सहायक गतिविधियों जैसे मधुमक्खी पालन, मशरूम उत्पादन, सूकर पालन, बकरी पालन, मुर्गी पालन आदि में भी सक्रिय रहती हैं। जाहिर है कि अगर महिओं को अच्छे संसाधान और सुविधाएं मिले तो खेती को दूसरे हरित क्रांति की तरफ ले जाने के साथ देश के विकास का परिदृश्य भी बदल सकती हैं। शहरी महिलाएं एक ओर जहां स्कूलों, कॉलेजों, दफ्तरो, कारखानों आदि में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिला कर देश के विकास से जुड़ी हुई है, वहीं दूसरी ओर गांव की महिलाएं खेत-खलिहानों में काम करके देश के आर्थिक विकास में अपना अमूल्य योगदान देती रहीं है। इसके बावजूद समाज में महिलाएं पुरुष से हेय समझी जाती हैं। इतिहास इस बात का साक्षी है कि महिला पुरुष की तुलना में अपने अधिकारों से सदा उपेक्षित रही हैं, इसीलिए हर समाज में महिलाओं के साथ शोषण, अन्याय और अत्याचार होता रहा है। खासकर ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं और भी अधिक उपेक्षित हैं। हालत यह है कि गांवों की महिलाओं को ने तो अच्छी शिक्षा ही दी जा रही है और न ही उन्हें अच्छा पोषण। महिलाएं आज भी अंधविश्वास और रुढ़ियों से त्रस्त है। यहीं नहीं खेती के कार्य में उनकी हिस्सेदारी बराबर होती है फिर भी उन्हें मजूदरी पुरुषों की तुलना में कम मेहनताना मिलता है। जमीन का मालिकाना हक भी सामान्य तौर पर पुरुषों के नाम होता है। खेती से जुड़े अधिकतर फैसले पुरुषों द्वारा लिए जाते हैं।

**खेती में महिलाओं की 60 से 80 प्रतिशत हिस्सेदारी :** भारत के कृषि क्षेत्र में कुल श्रम की 60 से 80 प्रतिशत हिस्सेदारी गांव की महिलाओं की है। जबकि खाद्य एवं कृषि संगठन के आंकड़ों पर गौर करें तो कृषि क्षेत्र में कुल श्रम में ग्रामीण महिलाओं का योगदान 43 प्रतिशत है, वहीं कुछ विकसित देशों में यह आंकड़ा 70 से 80 प्रतिशत है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद और डीआरडब्ल्यूए के 9 राज्यों में किए गए एक शोध से पता चलता है कि प्रमुख फसलों की पैदावार में महिलाओं की भागीदारी 75 प्रतिशत तक रही है। इतना ही नहीं, बागवानी में यह आंकड़ा 79 प्रतिशत और फसल कटाई के बाद के कार्यों में 51 प्रतिशत तक है। पशुपालन में महिलाओं की भागीदारी 58 प्रतिशत और मछली उत्पादन में 95 प्रतिशत तक है। स्थिति यह है कि महिलाओं की सबसे ज्यादा भागीदारी होते हुए भी कृषि विकास के लिए योजनाएं मुख्य रूप से पुरुषों को केन्द्र में रख कर बनाई जाती हैं। मुश्किल से 5 फीसद संसाधन महिलाओं को ध्यान में रख कर खर्च किए जाते हैं और इस दिशा में कोशिशें भी नहीं होतीं। इससे कृषि उत्पादन को भी भारी नुकसान होता है।

# इंटर में राजधानी के रक्षित, हाईस्कूल में आस्था व आदर्श रहे अव्वल

## यूपी बोर्ड का परिणाम जारी, स्कूलों में मेधावियों को पहनायी गयी माला, बांटी गयी मिठाई

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** यूपी बोर्ड परीक्षा में राजधानी के रक्षित तिवारी ने शहर का नाम रोशन किया है। रक्षित ने कक्षा 12 में प्रदेश में छठी और शहर में पहली रैंक हासिल की है। विजडम वे प्रोग्रेसिव इंटर कॉलेज के छात्र रक्षित तिवारी ने परीक्षा में 96.8 फीसदी अंक प्राप्त किये हैं। वहीं, हाईस्कूल की परीक्षा परिणाम की बात की जायें तो प्रदेश की टॉप टेन की मेरिट में राजधानी के किसी मेधावी ने भी स्थान नहीं बनाया।

फिलहाल एसएस भूपति मेमोरियल स्कूल की आस्था मौर्या और श्री दुर्गे मां बाल गोविंद इंटर कॉलेज, अंचलीखेड़ा मोहनलालगंज के आदर्श वर्मा ने संयुक्त रूप से टॉप किया। दोनों ने एक समान 96.67 अंक हासिल किये हैं। इन सभी मेधावियों के स्कूलों में शहर में टॉप टेन में स्थान बनाने पर खुशी मनायी गयी। स्कूलों में मेधावियों को माला पहनायी गयी और मिठाई बांटी गयी।

रक्षित तिवारी के अलावा कक्षा 12 में ही एसकेडी एकेडमी के कौशल और लखनऊ पब्लिक स्कूल की श्वेता प्रजापति ने 96.6 फीसदी अंक हासिल करके प्रदेश में सातवां और शहर में दूसरा स्थान हासिल किया है। पायनियर मांटेसरी इंटर कॉलेज की कृषिका गुप्ता 96.4 फीसदी अंकों के साथ प्रदेश में आठवें और शरह में तीसरे स्थान पर हैं। बाल गाइड इंटर कॉलेज की अपराजिता ने 96.2 फीसदी अंक के साथ प्रदेश में नौवां और शहर में चौथा स्थान हासिल किया है। नेशनल पब्लिक इंटर कॉलेज की रुबी निषाद, माउंट बेरी इंटर कालेज के मो. ताहिर, ब्राइट वे इंटर कॉलेज के आर्यन सिंह और महात्मा बी मेमोरियल स्कूल के अंशू कश्यप संयुक्त रूप से प्रदेश में 10वें स्थान पर और शहर में पांचवे नंबर पर हैं। इन सभी ने एक समान 96 फीसदी अंक प्राप्त हुए हैं। वहीं शहर में छठवें स्थान पर बाल निकुंज इंटर कालेज के दिव्यांश मिश्रा, लखनऊ पब्लिक इंटर कालेज के अंजुल कुमार, अभिनव गर्ल्स इंटर कालेज की आयुषी वर्मा, कृष्णा पब्लिक इंटर कालेज दिपांजलि कुमारी और कॉस्मोपोलिटन इंटर कालेज के विश्वास गुप्ता ने स्थान बनाया है। इन सभी के 95.8 प्रतिशत अंक आये है। सातवें नम्बर पर दो छात्रों एसकेडी एकेडमी के हर्षराज सिंह और कॉस्मोपोलिटन इंटर कालेज के सूयश त्रिपाठी ने 95.6 फीसदी अंक हासिल किये है। इसी तरह आठवें नम्बर में लखनऊ पब्लिक स्कूल की कोकब और अवधई एकेडमी के अभय मौर्य ने 95.4 फीसदी अंक अर्जित किये है। नौवें नम्बर पर बाल गाइड इंटर कालेज के श्रीयांक सिंह, लखनऊ पब्लिक कालेज की सौम्या वर्मा, एनडब्ल्यूपी इंटर कालेज के अभिनव उपाध्याय और द ओएएफ पब्लिक इंटर कालेज की सौम्या वर्मा ने 95.2 प्रतिशत अंक हासिल किये है। वहीं 10वें नम्बर पर हीरालाल यादव गर्ल्स इंटर कालेज के आफरीन खान, बाल गाइड इंटर कालेज की अदिति वर्मा, बाल निकुंज इंटर कालेज के कुशाग्र श्रीवास्तव व लकी कुमार, लखनऊ पब्लिक कालेज आर्यन आस्थना, एसआर मेमोरियल स्कूल की शिखा यादव और कमल डीपी इंटर कालेज की अंशिका गुप्ता ने स्थान बनाया है। इन सभी में 95 प्रतिशत अंक हासिल किया है।




**शहर में हाईस्कूल में आस्था और आदर्श ने किया टॉप :** एसएस भूपति मेमोरियल स्कूल की आस्था मौर्या और श्री दुर्गा मां बाल गोविंद इंटर कॉलेज, अंचलीखेड़ा मोहनलालगंज के आदर्श वर्मा ने संयुक्त रूप से टॉप किया। दोनों ने एक समान 96.67 अंक हासिल किये हैं। इसी तरह दूसरे नम्बर पर मानक नगर रेलवे इंटर कालेज के आदर्श तिवारी, दिव्यशिखा ज्ञानपीठ इंटर कालेज के शिवम गोस्वामी व बाल निकुंज इंग्लिश स्कूल के आरव गौतम ने 96.33 फीसदी है। तीसरे नम्बर पर बाल गाइड इंटर कालेज के मानस कुमार, बाल निकुंज इंटर कालेज के शिवांश पाण्डेय, अर्जुनगंज विद्या मंदिर इंटर कालेज के शिवम् रावत, द मॉडल पी इंटर कालेज की सलोनी यादव ने 96.17 प्रतिशत अंक हासिल किये। वहीं चौथे नम्बर पर हीरालाल यादव जी आई सी की आचल गुप्ता व बाल निकुंज गर्ल्स एकेडमी की विभा पाल ने 96 प्रतिशत अंक हासिल किये। पांचवें नम्बर पर ब्लोमिंग फ्लावर्स हाईस्कूल के हर्ष कुमार यादव, कॉस्मोपोलिटन इंटर कालेज की समीक्षा शुक्ला व बाल निकुंज इंग्लिश स्कूल के आर्यन विश्वकर्मा ने 95.83 प्रतिशत अंक अर्जित किये है। छठवें नम्बर पर एसकेडी एकेडमी के निशांत यादव, सेंट मेरी पब्लिक इंटर के सैय्यद उमेर अहमद, कृष्णा पब्लिक इंटर कालेज के आदित्य कुमार, विद्या पब्लिक स्कूल की कृष्णा साहू ने 95.67 प्रतिशत अंक प्राप्त किये हैं। सातवें नम्बर पर जीजस एंड मेरी इंटर कालेज की दृष्टि यादव, बाल निकुंज इंटर कालेज की तान्या मिश्रा ने 95.50 प्रतिशत अंक हासिल किये। वहीं आठवें नम्बर पर सेंट एक्सवेयर्स पी इंटर कालेज के शुभान अली, बाल निकुंज इंटर कालेज के लवकेश शुक्ला, चेतना पब्लिक इंटर कालेज की निशिता चौरसिया, शिशु विद्यापीठ इंटर कालेज के आकाश वर्मा, राजकुमार इंटर कालेज के कपिल व कृष्णा पब्लिक इंटर कालेज अभय कुमार ने 95.33 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। इसी क्रम में नौवें नम्बर पर बाल गाइड इंटर कालेज के सोम आनंद वर्मा, बाल निकुंज इंटर कालेज के अबुल हसन, प्रांजल दीक्षित व लकी यादव, लखनऊ एम.पी. कालेज के हिमांशु सिंह, एसएसएलके आई के काव्या मौर्या, सीपीएल पब्लिक इंटर कालेज की अल्का पटेल और जेके पब्लिक स्कूल के राज ने 95.17 फीसदी अंक अर्जित किया है। इसी तरह 10वें नम्बर पर शिवनंद इंटर कालेज में निवेदिता, विजडम वे प्रोग्रेसिव स्कूल की महिमा कनौजिया, ब्लोमिंग फ्लोवर्स हाईस्कूल का कर्मवीर मीना, क्रेटिव कान्वेंट के उज्ज्वल शर्मा, ब्राइट कैरियर की इशिका यादव, लॉयल पब्लिक इंटर कालेज के अनुभव मिश्रा ने 95 प्रतिशत अंक हासिल किया है।

## इंटर के मेधावी बोले

### डाक्टर बनना चाहते है रक्षित



चिनहट के विजडम वे प्रोग्रेसिव इंटर कालेज के रक्षित तिवारी यूपी बोर्ड की इंटर परीक्षा में लखनऊ में टॉप किया है। उन्होंने इंटर में 96.8 प्रतिशत हासिल किये हैं। हाई स्कूल में भी रक्षित ने 92.16 प्रतिशत अंक प्राप्त किया था। इसके पिता बाराबंकी में पंचायती राज विभाग में कार्यरत हैं। रक्षित ने बताया कि वह डॉक्टर बनना चाहते है। रिजल्ट के बाद वह अब नीट की तैयारी में लगेगा। रक्षित ने कहा कि किसी भी कार्य को मन लगाकर किया जाए तो निश्चित ही उपलब्धि हासिल होती है। इस कामयाबी के बाद उसने अन्य छात्रों को टिप्स देते हुए कहा कि कभी भी विचलित नहीं होना चाहिए।

### डाक्टर बनना चाहती हैं श्वेता



लखनऊ पब्लिक इंटर कालेज की इंटर की श्वेता प्रजापति ने 96.6 प्रतिशत अंक हासिल किये है। उन्होंने बताया कि वह भविष्य में डॉक्टर बनना चाहती है। इनके पिता नंदलाल प्रजापति केजीएमयू में लैब टेक्नीशियन हैं और मां चंद्रावती प्रजापति भी केजीएमयू में ओटी असिस्टेंट हैं। इनकी चार बहनें हैं और अपने मां-पिता की तरह सभी मेडिकल फिल्ड में अपना स्थान बनना चाहती है और बड़ी बहनों ने स्थान हासिल कर लिया है। इसके साथ उन्होंने बताया कि उनकी तैयारी में शिक्षकों का बड़ा योगदान रहा।

### कोकब बनना चाहती है सॉफ्टवेयर इंजीनियर




लखनऊ पब्लिक इंटर कालेज की इंटर की कोकब ने 95.4 प्रतिशत अंक हासिल किये है। उन्होंने बताया कि वह भविष्य में साफ्टवेयर इंजीनियर बनना चाहती है। इनके पिता काफी छोटी थी तभी उनका निधन हो गया था। अब उनकी मां ज़ेबा बुटिक चलाती है। वह अपनी मां की इकलौती बेटी है। प्रतिदिन सात से आठ घंटे पढ़ाई करती थी।

### डाक्टर बनना चाहती है सौम्या वर्मा

लखनऊ पब्लिक इंटर कालेज की इंटर की सौम्या वर्मा ने 95.2 प्रतिशत




अंक हासिल किये है। उन्होंने बताया कि वह भविष्य में डॉक्टर बनना चाहती है। इनके पिता सरोज कुमार वर्मा सरकारी स्कूल में शिक्षक है और हरदोई में पोस्ट है और उनकी मां प्रेमलता गृहिणी है। वह प्रतिदिन पांच से छह घंटे पढ़ाई करती थी। इसके साथ ही उन्होंने कोचिंग भी किया था।

### सीए बनना चाहते है वंश गुप्ता



लखनऊ पब्लिक इंटर कालेज की इंटर के वंश गुप्ता ने कामर्स स्ट्रीम से 90.6 प्रतिशत अंक हासिल किये है। उन्होंने बताया कि वह भविष्य में सीए बनना चाहते है। इनके पिता प्रदीप कुमार बिजनेस मैन है और मां वंदना गुप्ता गृहिणी है। उन्होंने बताया कि वह प्रतिदिन करीब पांच घंटे सेल्फ स्टडी करते थे। स्नातक में दाखिला लेकर साथ में सीए की तैयारी करेंगे।

### सीए बनना चाहती है जेहरा रिज़वी




लखनऊ पब्लिक इंटर कालेज की इंटर की कामर्स स्ट्रीम से जेहरा रिज़वी ने 76.4 प्रतिशत अंक हासिल किये है। उन्होंने बताया कि वह भविष्य में सीए बनना चाहती है। इनके पिता माजिद अली रिजवी बिजनेसमैन हैं और मां रीना रिजवी गृहिणी हैं। वह प्रतिदिन पढ़ाई तीन-चार घंटे पढ़ाई करती थी। साथ ही उन्होंने कोचिंग भी की थी।

### सीएफए बनना चाहती है लवी कश्यप



लखनऊ पब्लिक इंटर कालेज की इंटर की कामर्स स्ट्रीम से लवी कश्यप ने 80.8 प्रतिशत अंक हासिल किये है। उन्होंने बताया कि वह भविष्य में सीए या सीएफए बनना चाहती है। इनके पिता दिलीप कश्यप बिजनेसमैन है और मां गृहिणी है। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन सात से आठ घंटे पढ़ाई करती थी और बीकॉम आनर्स करने के बाद ही सीए या सीएफए की तैयारी करेंगी।

### बिजनेसमैन बनना चाहते हैं अपूर्व पटेल



लखनऊ पब्लिक इंटर कालेज की इंटर के अपूर्व पटेल ने 91.6 प्रतिशत अंक हासिल किये है। उन्होंने बताया कि वह भविष्य में बिजनेसमैन बनना चाहते है। इनके पिता उत्तम कुमार किसान है और मां दीप्ति वर्मा सरकारी स्कूल में शिक्षिका है। वह प्रतिदिन पांच से छह घंटे पढ़ाई करने का लक्ष्य तय कर रखा था और उसे पूरा करते थे।

### इंजीनियर बनना चाहता है आर्यन



लखनऊ पब्लिक इंटर कालेज की इंटर के आर्यन अस्थाना ने 95 प्रतिशत अंक हासिल किये है। उन्होंने बताया कि वह भविष्य में इंजीनियर बनना चाहते है। इनके पिता सुधीर कुमार अस्थाना पोस्ट मास्टर पद से सेवानिवृत्त है और मां बीना अस्थाना गृहिणी है। वह आईआईटी की तैयारी कर रहे है।

### डाक्टर बनना चाहते हैं अंजुल कुमार



लखनऊ पब्लिक इंटर कालेज की इंटर के अंजुल कुमार ने 95.8 प्रतिशत अंक हासिल किये है। उन्होंने बताया कि वह भविष्य में डाक्टर बनना चाहते है। इनके पिता उपदेश कुमार किसान हैं और मां सर्वागनी बेबी गृहिणी है। वह बेहतर परिणाम हासिल करने के लिए प्रतिदिन चार-पांच घंटे की पढ़ाई करते थे।

### डॉक्टर बनना चाहती है महिमा



चिनहट उत्तरधौना स्थित लोक बंधु राजनारायण मेमोरियल इंटर कॉलेज में पढ़ने वाली महिमा रावत ने 92.4 अंक प्राप्त किया है। यूपी बोर्ड की इंटरमीडिएट परीक्षा में उसने यह अंक लेकर स्कूल सहित पूरे क्षेत्र का नाम रौशन किया है। महिमा के पिता राकेश कुमार रावत मानसिक रूप से बीमार रहते हैं। घर में इसकी एक बड़ी बहन है। उसकी पढ़ाई में इसकी मां का काफी योगदान है। महिमा ने बताया कि सफलता के लिए टीचर की बात को ध्यान से सुनना सबसे महत्वपूर्ण है। पढ़ने लिखने की आदत रोज की होनी चाहिए। महिमा ने कहां पढ़ने लिखने की आदत में हफ्ते भर की भी गैपिंग नुकसानदायक साबित हो सकती है। महिमा डॉक्टर बनना चाहती है।

### कौशल डाक्टर बनकर करेंगे गरीबों की मदद



एसकेडी एकेडमी के कौशल इंटर में 96.60 फीसदी अंक हासिल किये है। उन्होंने बताया कि 10वी में मेरे 87 प्रतिशत अंक आये थे इसलिए थोड़ी निराशा हुई थी लेकिन, 12वीं में पूरी मेहनत के साथ पढ़ाई की। मेरा रिजल्ट देखकर फैमिली और स्कूल वाले बेहद खुश है। मुझे भी टॉप करके बहुत अच्छा लग रहा है। भविष्य में मैं डॉक्टर बनकर देश की सेवा करना चाहता हूं। साथ ही कमजोर लोगों की मदद करना है। परीक्षा की तैयारी के लिए सर जो होमवर्क देते उसे पूरा करते थे। सेल्फ स्टडी करता था। वहीं, केमेस्ट्री व बायो में एनसीईआरटी बुक से तैयारी की। इनके पिता रतन लाल बिजनेसमैन और मां ममता गृहिणी है।

### आईएएस बनना चाहती है आयुषी वर्मा




शिक्षा की शुरुआत घर से होती है तो परिवार में बच्चे भी आसमान में उड़ान भरने के लिए तैयार रहते है। उन्ही में से एक गायत्रीपुरम की रहने वाली आयुषी वर्मा है जो कक्षा 12 के रिजल्ट में 95.80 प्रतिशत पाकर अभिनव गर्ल्स इण्टर कालेज के साथ-साथ अपने परिवार का नाम रोशन किया है। आयुषी ने बताया कि दिन मे दो घंटे और रात में दो घंटे की पढ़ाई किया। जिसका परिणाम आपसब के सामने है। उसने बताया कि पीसीएम ग्रुप से पढ़ाई कर रही हूं आगे आईएएस बनने का सपना है। आयुषी के पिता ने बताया कि बेटी जहां तक पढ़ेगी वहां तक पढ़ाया जायेगा। पढ़ाई में कोई भी कोर कसर नही रखूंगा। आयुषी ने बताया कि मां ग्रहणी होने के बाद भी मेरे पढ़ाई में सहयोग करती है। मां ने हमेशा आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करती रहती है।

### इंजीनियरिंग करना चाहती हैं कृषिका गुप्ता

पॉयनियर मॉन्टेसरी इंटर कॉलेज की कृषिका गुप्ता के इंटर में 96.4 प्रतिशत अंक आये है। 10वी में मेरे 92.67 प्रतिशत अंक आये थे। परीक्षा के लिए सेल्फ स्टडी पर पूरा ध्यान दिया। टीचर्स जो टॉपिक देते थे उसे पूरी तरह पढ़ती थी। कोई दिक्कत होने पर टीचर से पूछ लेती थी। उन्होंने कहा भविष्य में इंजीनियरिंग करनी है। मेरे पिता राजू गुप्ता बिजनेसमैन और मां रूपा गुप्ता गृहिणी है।

## हाईस्कूल के होनहार बोले

### आदर्श इंजीनियर बन पिता की करेंगे मदद : आदर्श

हाईस्कूल में शहर प्रथम रैंक हासिल किये श्री दुर्गे मां बाल गोविंद इंटर कालेज, अंचलीखेड़ा मोहनलालगंज के आदर्श वर्मा ने बताया कि जेईई मैन की तैयारी कर इंजीनियर बनना चाहता है। इनके पिता देशराज वर्मा खेती करते है और सीमा वर्मा गृहिणी है। आदर्श ने बताया कि वह अपने पिता की किसानी के पैसे से पढ़ाई कर रहा है और भविष्य में पढ़ाई के बूते इंजीनियर बनकर अपने पिता की मदद करना चाहता है। उसने अपने जीवन का यही लक्ष्य तय कर रखा है। उन्होंने बताया कि यहां पर स्कूल के शिक्षकों की गाइडलाइन से ही उन्हें यह सफलता हासिल हुई है।



### इंजीनियर बनना चाहती हैं भैरवी मौर्या



लखनऊ पब्लिक इंटर कालेज की हाईस्कूल की भैरवी मौर्या ने 92.33 प्रतिशत अंक हासिल किये है। उन्होंने बताया कि वह भविष्य में इंजीनियर बनना चाहती है। उन्होंने अपने स्कूल टाइम के अलावा प्रतिदिन टाइम टेबल बनाकर पढ़ाई की। इनके पिता आरके मौर्य इंडिया बैंक में मैनेजर हैं और मां लक्ष्मी मौर्या गृहिणी है।

### आईएएस बनना चाहती है रिया सिंह यादव



लखनऊ पब्लिक इंटर कालेज की हाईस्कूल की रिया सिंह यादव ने 90.17 प्रतिशत अंक हासिल किये है। उन्होंने बताया कि वह भविष्य में यूपीएससी की परीक्षा पास कर आईएएस बनना चाहती है। इनके पिता राघवेन्द्र सिंह यादव टैक्स इंस्पेक्टर हैं और उनकी मां रानी यादव गृहिणी है। वह प्रतिदिन छह घंटे पढ़ाई करती थी।

### आईएएस बनाना चाहती हैं समीक्षा राजपूत



लखनऊ पब्लिक इंटर कालेज की हाईस्कूल की समीक्षा राजपूत ने 90.33 प्रतिशत अंक हासिल किये है। उन्होंने बताया कि वह भविष्य में यूपीएससी की परीक्षा पास कर आईएएस बनना चाहती है। इनके पिता बिहारी लाल हैं और उनकी मां रानी यादव गृहिणी है। वह प्रतिदिन छह घंटे पढ़ाई करती थी।

### ड्रेमोटोलॉजिस्ट बनना चाहती हैं एकता वर्मा



लखनऊ पब्लिक इंटर कालेज की हाईस्कूल की एकता वर्मा ने 86.83 प्रतिशत अंक हासिल किये है। उन्होंने बताया कि वह भविष्य में ड्रेमोटोलॉजिस्ट (स्किन की डाक्टर) बनना चाहती है। इनके पिता विनोद कुमार आर्मी में कैप्टन है और मां रामकली देवी प्राइवेट हॉस्पिटल में स्टाफ नर्स है।

### आईआईटी में दाखिल चाहती हैं आर्ची



लखनऊ पब्लिक इंटर कालेज की हाईस्कूल की आर्ची सिंह ने 90.67 प्रतिशत अंक हासिल किये है। उन्होंने बताया कि वह भविष्य में आईआईटी में दाखिला लेना चाहती है। इनके पिता संतोष कुमार सिंह रियल स्टेट का काम करते हैं और मां ममता सिंह गृहिणी है। वह प्रतिदिन छह घंटे पढ़ाई करती थी।

### इंजीनियर बनना चाहते है आराध्य ईशान तिवारी



लखनऊ पब्लिक इंटर कालेज की हाईस्कूल के आराध्य ईशान तिवारी ने 90.33 प्रतिशत अंक हासिल किये है। उन्होंने बताया कि वह भविष्य में इंजीनियर बनना चाहते हैं। इनके पिता इसी स्कूल में इंग्लिश विषय के शिक्षक है और इनकी मां प्रतीक्षा तिवारी गृहिणी है। वह प्रतिदिन नियमित रूप से दो घंटे पढ़ाई करते थे।

### सक्षम कर रहे हैं आईआईटी तैयारी



लखनऊ पब्लिक इंटर कालेज की हाईस्कूल के सक्षम जोशी ने 87 प्रतिशत अंक हासिल किये है। उन्होंने बताया कि वह भविष्य में इंजीनियर बनना चाहते हैं, जिसके लिए आईआईटी में दाखिला लेने के लिए तैयारी कर रहे है। इनके पिता रेलवे लोको में कार्यरत है और मां श्रद्धा जोशी प्राइवेट स्कूल में शिक्षिका है। वह प्रतिदिन चार-पांच पढ़ाई करते थे।

### यूपीएससी की तैयारी करना चाहते है विश्व प्रताप सिंह

लखनऊ पब्लिक इंटर कालेज की हाईस्कूल के विश्व प्रताप सिंह ने 86.5 प्रतिशत अंक हासिल किये है। उन्होंने बताया कि वह भविष्य में यूपीएससी की तैयारी कर आईएएस बनना चाहते है। इनके पिता हरबंश सिंह अधिवक्ता है और मां सुनीता सिंह गृहिणी है। वह प्रतिदिन चार घंटे पढ़ाई करते थे।



### जेईई की तैयारी कर रहे अनय सहाय



लखनऊ पब्लिक इंटर कालेज की हाईस्कूल के अनय सहाय ने 85.33 प्रतिशत अंक हासिल किये है। उन्होंने बताया कि वह भविष्य में आईआईटी में दाखिला लेना चाहते हैं, जिसके लिए जेईई की तैयारी कर रहे है। इनके पिता रवि सहाय बिल्डर है और मां जोत्सना सहाय गृहिणी है। वह प्रतिदिन चार घंटे पढ़ाई करते थे।

### अल्का पटेल ने विद्यालय में आयी प्रथम



नगराम के सीपीएल इंटर कालेज लक्ष्मनपुर की छात्रा अल्का पटेल ने हाई स्कूल परीक्षा में 95.16 प्रतिशत अंकों के साथ जिले की टॉप टेन मेरिट में 9वां स्थान व विद्यालय में प्रथम प्राप्त कर अपना परचम लहराया। वहीं छात्र आशीष कुमार वर्मा ने 94.40 प्रतिशत अंक के साथ इंटरमीडिएट परीक्षा में विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय के शिक्षकों द्वारा सभी छात्र छात्राओं के श्रेष्ठ प्रदर्शन पर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गयी।

### इंजीनियर बनना चाहते है सुयश पति त्रिपाठी



सरकारी कागजों में बेटा हो या बेटी पहले ही नाम मां का ही लिखा जा रहा है। इस हिसाब से मां ने अपने बेटा को पढ़ाई में अव्वल रखने के लिए हर संभव प्रयास कर रविवार को आये हाईस्कूल के रिजल्ट में बेटे सुयश पति त्रिपाठी को 509 अंक दिलाकर पढ़ाई में एक पंख लगाने का कार्य किया है। सुयश इस सम्मान जनक अंक पाने के बाद दुनिया में ऊंची उड़ान भरने का कार्य कर सकते है। मां मधुलिका त्रिपाठी ने बताया कि बच्चे के पढ़ाई के लिए ही 400 किलोमीटर दूर से आकर लखनऊ में रह रही हूं। सुयस ने बताया कि मेहनत से पढ़ाई कर इंजीनियर बनना है।

### अवध कॉलेजिएट का शत-प्रतिशत रहा परिणाम

लखनऊ। अवध कॉलेजिएट के यूपी बोर्ड के घोषित हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के परिणाम में छात्रों ने अपना परचम लहराया। छात्रों की उपलब्धि पर कालेज में जमकर खुशी मनायी गयी। कालेज के हाईस्कूल के छात्र वेदांश कुमार ने 93.3 , लवी विश्वकर्मा ने 92 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय तथा अपने माता-पिता का नाम रोशन किया। प्रबंधक सर्वजीत सिंह ने बताया कि इंटर के तीन छात्रों और हाईस्कूल के चार छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये है। वहीं, विद्यालय में परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। निदेशिका जतिंदर वालिया ने मेधावी छात्रों को उनके अच्छे अंक के लिए बधाई दी व माला पहनाकर मुंह मीठा कराया एवं अभिभावकों को भी धन्यवाद दिया। टॉपर्स के माता-पिता ने प्रबंधक सर्वजीत सिंह एवं निदेशिका जतिंदर वालिया को धन्यवाद दिया और मुंह मीठा कराया।



**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 112
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108

**मेट्रो**

# बैंक अफसर के फ्लैट से गिरकर नौकरानी की मौत

## गोमतीनगर विस्तार के एमआई रसल कोर्ट अपार्टमेंट की घटना, जांच में जुटी पुलिस

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** गोमतीनगर विस्तार स्थित एमआई रसल कोर्ट अपार्टमेंट की तीसरी मंजिल पर रह रहे असिस्टेंट बैंक मैनेजर के फ्लैट से गिरकर युवती की मौत हो गई। अपार्टमेंट कैंपस में खून से लथपथ युवती को पड़ा देख लोगों ने शोर मचाया। मौके पर पहुचीं पुलिस ने युवती को लोहिया अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

रहीमाबाद निवासी मोहनी उम्र 20 वर्ष गोमतीनगर विस्तार स्थित एमआई रसल कोर्ट अपार्टमेंट की तीसरी मंजिल पर फैजाबाद में तैनात असिस्टेंट बैंक मैनेजर के फ्लैट में बीते 25 दिनों से कार्य कर रही थी। शनिवार की सुबह वह फ्लैट की बालकनी से नीचे गिर गयी। जिसे लहुलुहान हालत में लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। गोमतीनगर विस्तार प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि छानबीन के दौरान चला कि युवती बालकनी में रखे पौधों में पानी डाल रही थी। इस दौरान अचानक पांव फिसलने से वह नीचे गिर गयी। जिससे उसकी मौत हो गयी। मौके पर लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है। जिसके बाद उचित कार्रवाई की जायेगी। वहीं, युवती की मां ने बेटी को तीसरी मंजिल से धक्का देकर गिराने का आरोप लगाया है।

## सेवानिवृत्त रेलवे कर्मी ने पारिवारिक कलह में दी जान

लखनऊ। पारा में पारिवारिक कलह से परेशान सेवानिवृत्त रेलवे कर्मी ने शनिवार सुबह घर के बरामदे में फांसी लगाकर जान दे दी। पारा के मुन्नू खेड़ा निवासी अभय वर्मा के मुताबिक बाबा सुंदर लाल वर्मा का शव शनिवार सुबह घर के दूसरी मंजिल पर बने बरामदे में फंदे से लटकता मिला। बाबा सुंदर लाल ने कुछ वर्ष पहले रानीपुर गांव में बने घर को परिवार वालों की सहमति के बिना बेच दिया था। मकान बेचने के बाद भी उनका सबसे छोटा बेटा उसी घर में रह रहा था। कई बार कहने के बाद भी वह घर खाली नहीं करने को तैयार नहीं हुए। उधर मकान खरीदने वाला व्यक्ति बाबा पर रुपये वापस लौटाने का दबाव बना रहा था। इस कारण वह परेशान चल रहे थे। इंस्पेक्टर पारा के मुताबिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे कार्रवाई की जाएगी।

## जीने का पिलर गिरने से बच्ची की मौत

लखनऊ। चिनहट में शनिवार को जन्मदिन की खुशियां उस वक्त मातम में बदल गई जब मासूम के ऊपर जीने का पिलर गिरने से मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि चिनहट तिराहा हरौनी मस्जिद पासी टोला निवासी अनिल रावत पेशे चालक है। अनिल की आठ वर्षीय बेटी श्रुति रावत का शनिवार को जन्मदिन था। जन्मदिन को लेकर श्रुति काफी उत्साहित थी। घर वह अपने बडे भाई आलोक के साथ खेल रही थी तभी घर के अंदर निमार्णाधीन जीने पर बना पिलर अचानक भरभराकर श्रुति के ऊपर गिर पड़ा। पिलर के नीचे दबकर श्रुति गंभीर रुप से घायल हो गई। घायल अवस्था में ही परिजन श्रुति को लेकर राम मनोहर लोहिया अस्पताल लेकर गए। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि श्रुति दूसरी क्लास मे पढ़ती थी। श्रुति की मां गीता का रो-रोकर बुरा हाल था। वह रो-रोकर कह रही थी कि आज मेरी बेटी का जन्मदिन था। जन्मदिन की सारी खुशियां मातम में बदल गयीं।

### सड़क हादसों में दो की मौत

लखनऊ। सरोजनीनगर इलाके में शुक्रवार रात तेज रफ्तार बाइक रेलवे ओवर ब्रिज पर अनियंत्रित होने के बाद डिवाइडर से टकरा गई। जिसमें बाइक पर पीछे बैठे युवक की मौत हो गयी। उन्नाव जिले के सोहरामऊ थाना अंतर्गत जैतीपुर निवासी सचिन रावत (20) अपने चचेरे भाई अभिषेक (22) के साथ शुक्रवार रात अपाचे बाइक से काकोरी के कालिया खेड़ा गांव से वापस अपने घर लौट रहा था। सरोजनीनगर के अमौसी रेलवे स्टेशन स्थित ओवर ब्रिज पर तेज रफ्तार बाइक अचानक अनियंत्रित होकर पुल के डिवाइडर से टकरा गयी। इस हादसे में सचिन उछलकर पुल से करीब 25 फीट नीचे गुड्डू यादव की छत पर जा गिरा। जबकि अभिषेक वहीं रोड पर काफी दूर जा गिरा। इस हादसे में गंभीर रूप से घायल दोनों को पास के टीएस मिश्रा हॉस्पिटल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने सचिन को मृत घोषित कर दिया। उधर सरोजनीनगर के रनियापुर गांव के सामने किसान पथ पर करीब (35) वर्षीय युवक को शुक्रवार रात किसी अज्ञात वाहन ने कुचल दिया। उसके सिर पर वाहन गुजरने से शव क्षत विक्षत हो गया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने आसपास के लोगों को बुलाकर उसकी पहचान कराने की कोशिश की। लेकिन शव क्षत विक्षत होने के कारण पहचान नहीं हो पाई। पुलिस का कहना है कि मृतक के पास कोई ऐसे कागजात भी नहीं मिले, जिससे कि उसकी पहचान कराई जा सके। मृतक नीले रंग की शर्ट और मटमैले रंग की पैंट पहने हुए था। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# पुलिस कर्मी बन प्रेमी जोड़ों को धमकाकर वसूली करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** पुलिस विभाग में दारोगा बता कर प्रेमी जोड़ों से समाजिक भय दिखाकर अवैध वसूली करने वाले चार अभियुक्तों को ठाकुरगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

डीसीपी पश्चिमी दुर्गेश कुमार ने बताया कि बीती 19 अप्रैल ठाकुरगंज पुलिस को पीड़ित मो० वारिस ने सूचना दी थी कि वह अपनी महिला मित्र के साथ हरिनगर से दुबग्गा जा रहे थे कि पेठा फैक्ट्री के पास चुपके से उनकी वीडियो बनाते हुए खुद को पुलिस वाला बताकर दोनों को धमकाते हुये 45 सौ रुपये व आधार कार्ड आदि हडप लिये गये है। जिस पर पुलिस टीम गठित कर शकील निवासी राघवपुर थाना महाराजगंज जिला रायबरेली, वीरेन्द्र रावत निवासी मुड़ियारा थाना मलिहाबाद, राजू निषाद निवासी तिलनिया पुरवा थाना थानगांव जिला सीतापुर समेत आरिफ निवासी छनदुईया खेड़ा पानदरीबा हरि मस्जिद के पास थाना दुबग्गा को गिरफ्तार कर लिया गया।

**प्रेमी जोड़ों को देख चुपके से बनाते थे वीडियो :** दारोगा रंजीत कुमार पाठक ने बताया कि पकड़े गये अभियुक्त आम्रपाली की तरफ जाने वाले मार्ग के किनारे स्थित जंगल मे छिपे रहते थे। जहां घूमने आने वाले प्रेमी युगल को देख कर चुपके से उनका आपस मे बातचीत करते हुए वीडियो बना लेते थे। जिसके बाद अपने अन्य साथियों के साथ बैगनआर कार से पुलिस कर्मी बन प्रेमी जोड़ों को धमकाते थे। जिनका वीडियो दिखाकर उनके परिजनों को दिखाने समेत सामाजिक बदनामी का भय दिखाकर, बलात्कार के झूठे मुकदमे मे जेल भेजने, इंकाउंटर कर हत्या करने जैसी धमकी देकर ब्लैकमेल करते हुए रुपये समेत अन्य सामान हडप लेते थे। इसके साथ सुनसान इलाकों में नशीले पदार्थ की तस्करी कर लोगों को बेचते थे। आरोपियों के पास से तीन किलो अवैध गांजा बरामद किया गया है। आरोपियों में शकील पेंटिग का कार्य करता है। वीरेन्द्र रावत पल्लेदारी का कार्य करता है। राजू निषाद सब्जी बेचने का कार्य करता है। जबकी आरिफ घोडे वाला तांगा चलाता है। इन लोगों ने कई लोगों को ठगने की बात कबूली है।

## परचून दुकान में शराब बेच रही महिला गिरफ्तार



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** फुटपाथ पर पॉलीथिन शेड में बनी परचून की दुकान में अवैध रूप से अंग्रेजी शराब बेच रही महिला को आबकारी और जिला प्रशासन की छापेमारी में गिरफ्तार कर लिया गया। लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए आबकारी, पुलिस और प्रशासन की टीमें ने हुसैनगंज थाना क्षेत्र के तहत चारबाग में छापेमारी की। इस दौरान संदिग्ध परचून की दुकानों, ठेलों और स्टेशन के पास फुटकर वस्तुओं की बिक्री करने वालों की जांच की गई।

चारबाग स्टेशन के पास एक शेड में बनाई गई अस्थायी परचून की दुकान पर विदेशी मदिरा की छह छोटी बोतलें बरामद की गईं। जिला आबकारी अधिकारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि इस मामले में ऐशबाग निवासी महिला आरती को गिरफ्तार किया गया है।

## छात्राओं को अग्नि शमन का दिया गया प्रशिक्षण

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**सरोजनीनगर।** दी मॉडल पब्लिक इंटर-कॉलेज में 150 छात्र-छात्राओं को अग्निशमन का प्रशिक्षण दिया गया। राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह के हिस्से के रूप में, एयरक्राफ्ट रेसक्यु एन्ड फायर फायटींग कर्मियों ने स्कूल का दौरा किया और छात्रों को विभिन्न प्रकार की आग और इसे बुझाने के तरीकों के बारे में जानकारी दी। इस कार्य के बारे में जानकारी साझां करते हुए सीसीएसआई हवाई अड्डे के प्रवक्ता ने कहा राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह 2024 के हिस्से के रूप में, एआरएफएफ टीम के सदस्यों ने स्कूल के 150 छात्रों के साथ विभिन्न प्रकार की आग, आग बुझाने वाले यंत्रों और उनके उपयोग के बारे में परिचित किया। एआरएफएफ टीम ने छात्रों के साथ ज्वलनशील पदार्थ के कारण लगने वाली आग को कैसे बुझाया जाए। इस पर व्यावहारिक सत्र भी आयोजित किया। छात्रों को भी आग बुझाने का प्रत्यक्ष अवसर दिया गया। बताते चलें कि 1944 में मुंबई डॉकयार्ड में एक जहाज विस्फोट के दौरान अपनी जान गंवाने वाले सभी बहादुर अग्निशामकों की याद में पूरे भारत में हर साल 14 अप्रैल से 20 अप्रैल के दौरान राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह मनाया जाता है। इस अवधि के दौरान अग्नि सुरक्षा और अग्नि-रोकथाम जैसी अनेक जागरूकता शिक्षा कार्यक्रमों द्वारा अग्नि-सुरक्षित वातावरण को बढ़ावा दिया जाता है। एनएफएस 2024 थीम लोगों और सरकारों से अग्नि सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता के रूप में बढ़ावा देने का आग्रह करती है। क्योंकि यह देश के लिए एक समृद्ध भविष्य बनाने में मदद कर सकता है।

## तालाब में उतराता मिला युवक का शव

नगराम। गुरुवार रात घर से निकले युवक का शव शनिवार सुबह गांव किनारे तालाब में उतराता हुआ मिला। छतौनी गांव निवासी कल्पना के अनुसार गुरुवार रात करीब नौ बजे उसका पति अमन (28) घर से निकला था। जो काफी देर तक वापस नहीं आया। खोजबीन के दौरान शनिवार सुबह उसके पति अमन का शव गांव किनारे तालाब में उतराता हुआ मिला। उसके पति को मिर्गी की बीमारी थी। आशंका है कि शौच के लिए तालाब के किनारे गया होगा। जहां मिर्गी आ जाने से पानी में गिर गया है। जिसमें डूबने से उसकी मौत हो गई होगी। थानाध्यक्ष नगराम विवेक चौधरी ने बताया कि मृतक की पत्नी कल्पना की सूचना पर शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा गया है। मृतक के परिजनों द्वारा किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया गया है। मृतक के परिवार में विधवा मां केतकी बहन अनामिका (14) व पत्नी कल्पना हैं।

## गैराज में लगी आग

**लखनऊ।** सरोजनीनगर में शुक्रवार देर रात ट्रक की चेचिस बनाने वाले गैराज में आग लगने से कई गाड़ियां जल गयी। सूचना पाकर पहुंची दमकल की गाड़ियों के जरिए दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत कर काफी देर बाद आग पर काबू पाया। सरोजनीनगर के ट्रांसपोर्ट नगर स्थित मुंशी खेड़ा के पास परवेज की अली बॉडी मेकर नाम से गैराज है। इस गैराज में दो आयसर, दो अशोक लेलैंड और एक ई रिक्शा खड़ा था। बताया जा रही है कि गैराज के अंदर अचानक संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। तेज धुआं और आग की लपेट उठती देख लोगों ने इसकी सूचना फायर कंट्रोल रूम को दी। सूचना पाकर सरोजनीनगर अग्निशमन अधिकारी सुमित प्रताप सिंह के नेतृत्व में दमकल गाड़ी लेकर पहुंचें दमकल कर्मियों ने आग बुझाने की काफी कोशिश की।

## छेड़छाड़ का विरोध पर युवती को पीटा

लखनऊ। दुबग्गा कोतवाली में 18 वर्षीय युवती ने छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज कराया है। आरोपी ने शौच के लिए गई पीड़िता के साथ गलत हरकत की थी। विरोध करने पर युवती को थप्पड जड़ कर आरोपी भाग निकला। जेहटा रोड निवासी युवती के मुताबिक शुक्रवार दोपहर वह शौच के लिए घर से निकली थी। तभी नौमीलाल ने युवती का पीछा करना शुरू कर दिया। काफी देर तक युवती आरोपी की हरकतों को नजरअंदाज करती रही। सुनसान जगह पहुंचते ही नौमीलाल ने युवती के साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी। उसे पीड़िता के साथ गलत काम करने का प्रयास किया। विरोध करने पर कई थप्पड़ जड़ दिए। जिसके बाद नौमीलाल भाग निकला। किसी तरह से घर पहुंच कर पीड़िता ने परिवार को घटना की जानकारी दी। जिसके बाद दुबग्गा कोतवाली में आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ और मारपीट की धारा में मुकदमा दर्ज कराया। इंस्पेक्टर अभिनव के मुताबिक आरोपी की तलाश की जा रही है।

## पत्नी पर किया हमला

लखनऊ। सरोजनीनगर कोतवाली में महिला ने पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। गहरू निवासी 27 वर्षीय महिला के मुताबिक शुक्रवार की दोपहर पति शराब पीकर घर लौटा था। जिसका पीड़िता ने विरोध किया। पत्नी के टोकने से पति का पारा चढ़ गया। आरोपी ने पास में रखे डण्डे से पत्नी के सिर पर ताबड़तोड़ कई वार कर दिए। इसके बाद घर छोड़ कर भाग निकला। पीड़िता के मुताबिक पति कई बार उस पर गलत आरोप भी लगा चुका है। इंस्पेक्टर सरोजनीनगर शैलेंद्र गिरि ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

## दो बाइकें चोरी

लखनऊ। सुशान्त गोल्फ सिटी इलाके में बीते शुक्रवार को दो अलग-अलग स्थानों से दो बाइकें चोरी हो गई। सरसवां गांव निवासी जगन्नाथ की बाइक को रात में उसके घर के बरामदे से चोरी कर लिया गया। वही सुरियामऊ थाना गोसाइंगज के रहने वाले राजेंश कुमार पांडेय की बाइक को मेदांता अस्पताल के पीछे से चोरी कर लिया गया।

## आत्महत्या के लिए उकसाने पर गिरफ्तार

माल। किशोरी को आत्महत्या के लिये उकसाने पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। माल कस्बे की महिला ने अपनी नाबालिक बेटी के आत्महत्या करने पर संदीप रावत पर मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप लगाया था की वह उसकी सत्रह वर्षीय बेटी को स्कूल जाते समय परेशान करता था। जिससे मेरी बेटी अवसाद में रहने लगी। जिसने दुखी होकर मौत को गले लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। जिसे काकराबाद तिराहे से गिरफ्तार कर लिया।

## नहाने गया किशोर नहर में डूबा

लखनऊ। सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में अपने दोस्त के साथ नहर में नहाने गया किशोर पानी मे डूब गया। सूचना पाकर मौके पर पहुँची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से नहर में तलाशी के प्रयास किया लेकिन तेज बहाव के चलते कुछ पता नही चल सका। पुलिस को एनडीआरएफ की टीम को बुलाना पड़ा। लेकिन कुछ पता नही चल सका। इंस्पेक्टर अंजनी कुमार मिश्रा ने बताया कि गोमती नगर विस्तार थाना क्षेत्र के मलेशेमऊ गांव निवासी मुबारक अली का 17 वर्षीय बेटा अली अपने दोस्त असलम के साथ शनिवार की दोपहर खुर्दही स्थित इंद्रा नहर में नहाने ले लिए आया था। नहर में तेज बहाव के चलते उसका संतुलन विगड़ा और नहर में डूब गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने आनन फानन में गोताखोरों को बुलाकर नहर में जाल डलवाया लेकिन तेज बहाव के चलते कुछ पता नही चल सका। पुलिस ने बताया कि नहर में खोजबीन के लिए एनडीआरएफ की टीम बुलाई गई है।

## मेडिकल विभाग में नौकरी के नाम पर ठगी

लखनऊ। आशियाना क्षेत्र में रहने वाले युवक ने मेडिकल विभाग में आउटसोर्स नौकरी दिलाने के नाम पर चार युवकों से एक लाख 95 हजार रुपए हड़प लिए। प्रभारी निरीक्षक छत्रपाल सिंह ने बताया कि सेक्टर एच निवासी जितेन्द्र कुमार के मुताबिक जनपद बाराबंकी नवाबगंज नाला रोड निवासी आरोपी अविनाश चन्द्र श्रीवास्तव ने सरकारी अस्पतालों में आउटसोर्स नौकरी लगवाने के नाम पर चार युवकों से एक लाख 95 हजार रुपये लिए थे। लेकिन नौकरी नहीं दिला सके। इस पर जब उससे फोन कर उससे अपने पैसा वापस करने को कहा गया तो आरोपी ने फोन उठाना बंद कर दिया और पैसा भी वापस नहीं कर रहा है। आरोपित के हरकतों से त्रस्त आकर पीड़ित ने स्थानीय थाने पर आरोपित के खिलाफ नामजद शिकायत की है।

## डिवाइडर से टकराने पर ट्रक पर सवार तीन घायल

लखनऊ। सुशान्त गोल्फ सिटी इलाके में शहीदपथ पर शानिवर की सुबह एक ट्रक कार को बचाने के चक्कर मे डिवाइडर से टकरा गया। घटना के दौरान ट्रक सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इंस्पेक्टर अंजनी कुमार मिश्रा के मुताबिक एक ट्रक मौरंग लेकर शहीद पथ के रास्ते बाराबंकी की ओर जा रहा था। 112 कंट्रोल रूम के सामने कार चालक ने ट्रक को ओवरटेक करते हुए कार को ट्रक के सामने ले गया। जिसे बचाने के लिये ट्रक चालक ने गाड़ी की स्टेरिग कटाने का प्रयास किया। जिसके बाद ट्रक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर स्ट्रीट लाइट के पोल से टकरा गया। घटना के दौरान ट्रक सवार रमईपुर थाना कानपुर नगर निवासी पूरन (27) चालक रहीश (24) तथा सद्दाम (22) गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलो को इलाज के लिए लोहिया भिजवाया। घटना के दौरान कार चालक कार के साथ फरार हो गया। दुर्घटना के बाद लंबा जाम लग गया। ट्रक हटवाने ले बाद यातायात सुगम हो सका।

## कालिका हट रेस्टोरेंट में लगी आग

लखनऊ। हजरतगंज क्षेत्र में परिवर्तन चौक के पास कालिका हट रेस्टोरेंट में शनिवार की दोपहर आग लग गयी। सूचना पर पहुचीं दमकल विभाग की टीम ने आग पर काबू पा लिया। अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि दी कालिका हट शॉप नंबर पांच नियर केडी सिंह बाबू स्टेडियम परिवर्तन चौक के पास आग लगने की सूचना मिली। आग बुझाने के दौरान पता चला कि रेस्टोरेंट के किचन में कढ़ाई में छोका दिया जा रहा था। जिससे निकली चमक से किचन के स्मोक एक्सट्रैक्शन मे चिपकी चिकनाई व चिपके धुएं में आग लग गई थी। कोई जनहानि नहीं हुई है।

## महिला से चेन लूट

सरोजनीनगर। बिजनौर इलाके में शनिवार तड़के लुटेरों ने महिला की चेन लूट ली। बिजनौर इलाके के औरंगाबाद स्थित गोमती एक्नलेव कॉलोनी निवासी व सचिवालय में समीक्षा अधिकारी प्रमोद गुप्ता के मुताबिक शनिवार सुबह करीब 6 बजे उनकी पत्नी संगीता गुप्ता (45) घर से कुछ दूरी पर शहीद पथ के पास सर्विस रोड पर मॉर्निंग वॉक कर रही थी। तभी इसी दौरान उधर से गुजर रहे दो बाइक सवार बदमाशों ने संगीता के गले में पड़ी सोने की चेन पर झपट्टा मारकर छीन ली और मौके से फरार हो गए।

## खाली प्लाट मे लगी आग

लखनऊ। सरोजनी नगर के नादारगंज स्थित सीपेट के पीछे खाली पड़े प्लाट मे अचानक आग लग गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे प्रभारी अग्नि शमन अधिकारी सुमित प्रताप सिंह ने घटना स्थल पर पहुँच कर कार्यवाई करते हुए आग को पूर्ण रूप से बुझा दिया। जिसमें किसी तरह का कोई नुकसान नहीं हुआ है।

**NOTICE**

I RAGHBENDRA KUMAR PRIYADARSHI R/o Vill-Mainpura, Po.-Mainpura Chanda, Ps-Kaler, Tehsil-Arwal, Dist.-Arwal, Bihar Changed our minor sons name-ANJISHNU to ANJISHNU KUMAR form today for all future purpose.

# संपूर्ण घरेलू उड़ान आज से टर्मिनल-3 पर

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** सभी एयरलाइंस अपना घरेलू परिचालन 21 अप्रैल की मध्यरात्रि से टर्मिनल-3 से शुरू करेगी। जिसमें इंडिगो एयरलाइंस, एयर इंडिया, विस्तारा, एयर इंडिया एक्सप्रेस, एयर एशिया इंडिया, फ्लाई बिग व स्टार एयर शामिल है। जबकी टर्मिनल एक से अंतर्राष्ट्रीय परिचालन जारी रहेगा। अकासा एयर 31 मार्च को टर्मिनल-3 पर स्थानांतरित होने वाली पहली एयरलाइन थी। चौधरी चरण सिंह अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर अधिकारियों ने बताया कि सभी घरेलू उड़ानों का परिचालन नए एकीकृत टर्मिनल (टी3) पर स्थानांतरित किया जा रहा है। हवाईअड्डा अपने घरेलू परिचालन शुरू करने के लिए नवनिर्मित एकीकृत टर्मिनल में सभी एयरलाइन भागीदारों का स्वागत करता है। अंतर्राष्ट्रीय परिचालन फिलहाल टर्मिनल 1 से जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि 2,400 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित और प्रथम चरण में प्रति वर्ष 80 लाख यात्रियों की क्षमता वाले टर्मिनल 3 का उद्घाटन प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 10 मार्च 2024 को किया गया था। दुसरे चरण में इसकी क्षमता प्रति वर्ष 1.3 करोड़ यात्रियों तक बढ़ जाएगी। टर्मिनल-3 13,000 से अधिक लोगों को रोजगार प्रदान करेगा। प्रवक्ता ने कहा की सभी प्रस्थान करने वाले घरेलू यात्रियों को लक्ष्मण सर्कल के पास अप रैंप से जाना होगा। जबकि पिक-अप के लिए आने वाले रिश्तेदारों को टर्मिनल 3 के आगमन की ओर ग्राउंड-लेवल जारी रखना होगा। हम एयरलाइंस के साथ काम कर के यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि टर्मिनल 3 से यात्रा करनेवाले यात्रियों को लाभ होगा और उन्हें विश्व स्तरीय अनुभव मिलेगा। प्रवक्ता ने कहा की लखनऊ हवाईअड्डा घरेलू यात्रियों को एयरपोर्ट मेट्रो स्टेशन सहित टी3 की ओर मार्गदर्शन करने के लिए हवाईअड्डे के आस-पास अनेक जगहों पर ग्राहक सेवा सहयोगियों और साइनेज को तैनात करेगा। सीसीएसआई हवाई अड्डे के टर्मिनल 3 में यात्रियों को सहज अनुभव प्रदान करने के लिए डिजी यात्रा, पर्याप्त चेक-इन काउंटर, सामान्य उपयोग वाले कोमन युज सेल्फ सर्विस कियोस्क, सेल्फ बैगेज ड्रॉप सर्विस, स्वचालित ट्रे पुनर्प्राप्ति प्रणाली, उन्नत सामान स्क्रीनिंग मशीनें सहित कई प्रमुख विशेषताएं हैं। विमान के लिए बैगेज रिक्लेम बेल्ट और एयरोब्रिज और अतिरिक्त पार्किंग बे भी है। नवनिर्मित एप्रन यात्री बोर्डिंग गेटों को 7 से बढ़ाकर 13 और यात्री बोर्डिंग पुलों को 2 से बढ़ाकर 7 हो गए हैं। वर्तमान में, हवाई अड्डा 29 घरेलू गंतव्यों को जोड़ता है और 110 से अधिक घरेलू उड़ानें संचालित करता है। हवाई अड्डे पर प्रवेश द्वार से लेकर रोशनदान तक उत्तर प्रदेश की कला और वास्तुकला के साथ एक अनोखा दृश्य-श्रव्य अनुभव जीवंत हो गया है। चेक-इन काउंटर 'चिकनकारी' और 'मुकैश' कढ़ाई के प्रबुद्ध रूपांकनों से यात्रियों को मंत्रमुग्ध कर देंगे। फ्रॉस्टिंग पर ग्राफि क्स रामायण और महाभारत जैसे महाकाव्यों की कहानियों को दशार्ते हैं। टर्मिनल 3 में कई स्थिरता संबंधी विशेषताएं हैं जैसे वर्षा जल संचयन कुएं, सीवेज उपचार संयंत्र, सौर ऊर्जा जैसी पुनर्चक्रण योग्य सामग्रियों की पर्याप्त तैनाती है। टर्मिनल 3 इंटरसिटी इलेक्ट्रिक बस सेवा और ऐप-आधारित टैक्सी सेवाओं के साथ एक मल्टी-मॉडल ट्रैवल हब होगा।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबन्धक (इंजी०)/ वाराणसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते है।

ई-निविदा सूचना सं०: एनईआर-बीएसबी-2024-09, कार्य का नाम: वाराणसी मण्डल में लिडार सर्वेक्षण प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुए स्टेशन यार्ड एवं अनुभागो का विस्तृत आधुनिक इन्जीनियरिंग सर्वेक्षण कार्य और ग्रेडिएन्ट सत्यापन करना। अनुमानित लागत (₹): 3,91,08,723/-, बिड सिक्योरिटी (अमानत राशि) (₹): 3,45,600/-, निविदा बन्द होने की तिथि : 09.05.2024, स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि : 04 माह।

● निविदा सूचना संख्या एनईआर-बीएसबी-2024-09 दिनांक 09.05.2024 को 14:30 बजे तक आनलाईन जमा कर सकेंगे। ● पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखे। ● यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अंतर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

मण्डल रेल प्रबन्धक/(इन्जी०) वाराणसी
मुजाधि/डब्ल्यू - 27

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

# यूपी में हीट वेव का अलर्ट, दिन के साथ बढ़ रहा रात का पारा

विशेष संवाददाता (vol)

- नगर निगम तैयार करा रहा सिटी हीट ऐक्शन प्लान
- त्रैमासिक आधार पर चार चरणों में गर्मी से बचाव के होंगे काम

**लखनऊ।** राजधानी समेत प्रदेश में इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है। लखनऊ समेत ज्यादातर शहरों में दिन का तापमान 40 डिग्री के ऊपर पहुंच गया है। दोपहर में गर्म हवाएं चल रही हैं। अधिकतम और न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी होने के कारण गर्मी का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में गर्मी और बढ़ सकती है। राज्य आपदा प्रबंध प्राधिकरण की ओर से हीट वेव को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। उपाध्यक्ष ले. जनरल योगेंद्र डिमरी की ओर से मौसम को देखते हुए दिशा-निर्देश नगर निगम को सिटी हीट ऐक्शन प्लान तैयार करने को कहा गया है। उन्होंने कहा है कि लू से बचाव के लिए लोगों को स्वयं जरूरी उपाय करना होगा। हीटवेव से बचाव एवं इसके दुष्प्रभावों को न्यूनतम करने के लिए लखनऊ शहर के लिए सिटी हीट ऐक्शन प्लान तैयार किये जाने के निर्देश नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने दिए हैं। उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, यूनिसेफ के तकनीकी सहयोग से लखनऊ शहर के लिए त्रैमासिक आधार पर चार चरणों में सिटी हीट ऐक्शन प्लान तैयार किया जा रहा है। इस सम्बन्ध में त्रैमासिक चरणों में होने वाले विभिन्न कार्यो, गतिविधियों को सम्पन्न कराये जाने के लिए नगर निगम से नोडल अधिकारी नामित किए गए हैं। नगर निगम, लखनऊ से अपर नगर आयुक्त पंकज कुमार श्रीवास्तव, पर्यावरण अभियन्ता संजीव प्रधान को सहायक नोडल अधिकारी नामित किया गया है।



जलवायु परिवर्तन के कारण हीटवेव की घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही है, जिससे सामान्य जन-जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। हीटवेव से विशेष रूप से कमजोर वर्गों के व्यक्ति, वृद्ध, रोगी, श्रमिक आदि को स्वास्थ्य संबंधी गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ता है। हीटवेव से बचाव एवं इसके दुष्प्रभावों को न्यूनतम करने के लिए लखनऊ शहर के लिए सिटी हीट ऐक्शन प्लान तैयार गया है। पहले तीन चरण में नगर निगम के अधिकारियों का संवेदीकरण कार्यक्रम, क्षमता निर्माण कार्यशाला का आयोजन, आवश्यक आंकड़ों का संग्रहण जिसमें स्वास्थ्य डेटा, समस्त कारणों से होने वाली मृत्यु दर का डेटा और भारतीय मौसम विभाग का तापमान एवं आर्द्रता डेटा जुटाया जाएगा। दूसरे चरण में प्रमुख रणनीतियों का निर्धारण, नगर निगम स्तर पर सिटी हीट ऐक्शन प्लान के लिए समन्वय। तीसरे चरण में सिटी हीट ऐक्शन प्लान का विकास करना, प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन, अंतर- विभागीय ढांचा तैयार करना, आंकड़ों का विश्लेषण तथा जन-जागरूकता सामग्री का विकास, आदि। चौथे चरण में सिटी हीट ऐक्शन प्लान की समीक्षा कर जारी करना, सिटी हीट ऐक्शन प्लान का क्रियान्वयन करना।

## उबलते पारे ने किया परेशान, 44 डिग्री तक पहुंच रहा तापमान

राजधानी समेत अन्य जिलों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया जा रहा है। वहीं बीते शुक्रवार को लखनऊ में दिन का तापमान करीब 2.5 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोत्तरी के साथ इस माह पहली बार 41 डिग्री तक पहुंच गया था। शनिवार को भी राजधानी का अधिकतम तापमान 40.1 डिग्री रहा जबकि न्यूनतम तापमान सामान्य से 3.5 डिग्री अधिक 25.1 डिग्री रहा। आलम यह है कि सुबह से ही चिलचिलाती धूप लोगों को परेशान कर रही है। अगले चौबीस घण्टों के मौसम के बारे में अनुमान है कि पूर्वी उत्तर प्रदेश में अलग-अलग स्थानों पर 20 से 30 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज सतही हवाएं चलने के आसार हैं। 23 से 26 अप्रैल तक प्रदेश में एक बार फिर गर्मी का प्रकोप बढ़ेगा। मौसम विभाग के मुताबिक, बुलंदशहर, बलिया, कानपुर में रात का पारा 6.2 डिग्री उछाल के साथ रिकार्ड 27 से 28.1 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज किया गया। बता दें कि यह सिलसिला अगले 5 दिनों तक चलने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, अगले एक सप्ताह तक यूपी के अधिकतर इलाकों में मौसम शुष्क बना रहेगा। धूप और तेज गर्म हवा की थपेड़े से लोगों की परेशानी बढ़ सकती है। इस माह के आखिरी में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस पार हो सकता है। वहीं अगले 6-7 दिनों तक बारिश के कोई आसार नहीं दिख रहे हैं। मौसम विभाग की माने तो यह सिलसिला अगले चार-पांच दिनों तक रहेगा। पश्चिमी विक्षोभ की वजह से उत्तर प्रदेश के पश्चिमी क्षेत्र में हल्की बूंदाबांदी हो सकती है। लेकिन लखनऊ, कानपुर, बाराबंकी, सीतापुर, हरदोई समेत पूर्वांचल के किसी भी जिले में बरसात नहीं होगी। वहीं वाराणसी में 43.7, प्रयागराज में 43.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। यह अभी तक का सबसे ज्यादा तापमान दर्ज किया गया है। इसके अलावा आगरा, बहराइच, फुर्सतगंज, बहइराच, जौनपुर, कानपुर, सुल्तानपुर में क्रमश : 42-42 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। बीते चौबीस घण्टों के दौरान वाराणसी और प्रयागराज मण्डलों में दिन का तापमान सामान्य से काफी ज्यादा दर्ज किया गया। शुक्रवार को गोरखपुर, अयोध्या, कानपुर, लखनऊ, आगरा मण्डलों में रात का तापमान सामान्य से काफी अधिक, वाराणसी, प्रयागराज, मुरादाबाद, मेरठ मण्डल में सामान्य से अधिक रहा। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार 22 अप्रैल को पश्चिमी यूपी में अलग-अलग स्थानों पर बारिश होने या गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने के आसार हैं। मौसम में यह बदलाव उत्तरी पाकिस्तान के ऊपर केन्द्रित एक चक्रवातीय दबाव और पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता की वजह से आएगा।

## अब तक जब्त की गयी 31399.69 लाख की शराब, ड्रग व नकदी

**लखनऊ।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि 1 मार्च से 19 अप्रैल तक कुल 31399.69 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नगदी आदि जब्त किये गये। इसमें 2951.14 लाख रुपये नकद धनराशि, 4061.32 लाख रुपये कीमत की शराब, 21074.87 लाख रुपये कीमत की ड्रग, 2156.05 लाख रुपये कीमत की बहुमूल्य धातुएं एवं 1156.30 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गयी। आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 19 अप्रैल को कुल 147.05 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग व नगदी आदि जब्त किया गया। इसमें 22.43 लाख रुपये नकद धनराशि, 46.43 लाख रुपये कीमत की 17355.70 लीटर शराब एवं 78.18 लाख रुपये कीमत की 18416 ग्राम ड्रग जब्त की गयी। 19 अप्रैल को प्रमुख जब्ती में अमेठी की तिलोई विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 30 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 150 ग्राम ड्रग तथा बरेली की मीरगंज विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 28 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 280 ग्राम ड्रग पकड़ी गयी।

## आपराधिक व्यक्तियों के 492 लाइसेंसी शस्त्र जब्त

**लखनऊ।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि सघन जांच के लिए 513 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1859 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 मार्च से 19 अप्रैल तक पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 492 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये। 4291 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये गये। इसी प्रकार शांति भंग की आशंका में सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 24,57,190 लोगों को पाबन्द किये जाने के लिए नोटिस भेजे गये है, जिनमें से 19,28,329 लोगों को पाबन्द किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त पुलिस विभाग द्वारा 7168 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 7189 कारतूस, 2856०5 किलोग्राम विस्फोटक व 376 बम बरामद कर सीज किये गये। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 2817 केन्द्रों पर रेड डाली गयी और 138 केन्द्रों को सीज किया गया। 19 अप्रैल को पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 3 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये गये। सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 37,327 लोगों को पाबन्द किया गया। साथ ही 156 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 134 कारतूस 3 किलोग्राम विस्फोटक व 8 बरामद कर सीज किये गये। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 98 केन्द्रों पर रेड डाली गयी और 3 केन्द्रों को सीज किया गया।

## कुल 1,09,14,326 हटायी गयी प्रचार-प्रसार सामग्री

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि अब तक सार्वजनिक एवं निजी स्थानों से कुल 1,09,14,326 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। इसमें सार्वजनिक स्थानों से 66,24,047 तथा निजी स्थानों से 42,90,279 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों से वालराइटिंग के 7,17,342, पोस्टर के 30,89,149, बैनर के 18,74,926 एवं अन्य 9,42,630 मामलों में कार्यवाही की गयी। इसी प्रकार निजी स्थानों में से वालराइटिंग के 5,72,099, पोस्टर के 19,64,354 बैनर के 10,51,295 एवं अन्य 7,02,531 मामलों में कार्यवाही की गयी। इसी प्रकार अब तक वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग के 1271 मामलों में तथा लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 2191 मामलों में कार्यवाही की गयी। बिना अनुमति के सभा व भाषण करने, मतदाताओं को लुभाने के लिए नकदी बांटने, वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग एवं अन्य मामलों में 79 एफआईआर दर्ज, 6 एनसीआर सहित कुल 85 प्रकरण में रिपोर्ट दर्ज की गयी है।

# सपा के पूर्व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सहित कई नेता हुए भाजपा में शामिल

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** कैसरबाग स्थित भाजपा लखनऊ महानगर कार्यालय पर लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने समाजवादी पार्टी के पूर्व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुमेश मिश्रा एवं पूर्व पार्षद प्रत्याशी ओम नगर वार्ड समीर मिश्रा के साथ बड़ी संख्या में आए कार्यकताओं को भाजपा की सदस्यता दिलायी।

लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बीजेपी परिवार में सम्मिलित होने पर बधाई देते हुए कहां कि अब लोकसभा चुनाव के कुछ ही दिन शेष बचे हैं केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के साथ लखनऊ सांसद एवं भारत सरकार रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा लखनऊ महानगर में किए गए विकास कार्यों को जनता तक पहुंचने का कार्य करेंगे। छोटे समूह में टोलिया बनाकर प्रचार प्रसार करें। वोटिंग वाले दिन अपना तथा अपने परिवार के साथ आसपास के क्षेत्रवासियों को शत प्रतिशत मतदान करने साथ भाजपा को वोट दिलाने का काम करें तथा लखनऊ बोले पांच लाख पार संकल्प को पूरा करने में सहयोग प्रदान करें। सदस्यता ग्रहण करने में धीरज कटापलिया, अर्पित दीक्षित जिला सचिव समाजवादी छात्र सभा, सुनील मालानी, जुगल किशोर भवानी, जय रामदास खत्री, दीपक उपाध्याय, अंशु शुक्ला, अभिषेक सदाना, मुकेश यादव, कुलदीप वाजपेई, रमाकांत दुबे, अभिषेक तिवारी, गुलशन मोहला, नलिन शुक्ला, प्रभात मिश्रा, दीपक अग्रवाल, मोहम्मद आसिफ खान, डॉ दलजीत सिंह, शरद यादव, राजकुमार शर्मा, सौरभ प्रताप सिंह, अभिषेक शुक्ला, अजीत यादव, विनय मिश्रा, सरिता मिश्रा, धीरज तिवारी, आशीष पाठक, अनिल कुमार सिंह, आर्य वर्मा, मोहित चावला, दीप भारती, पूजा वर्मा, अरविंद मिश्रा, सचिन रस्तोगी, शिवम, अमित त्रिवेदी, हर्ष खन्ना प्रशांत तिवारी आदि पदाधिकारी ने भाजपा की सदस्यता ली।



# स्कूलों, वार्डों में लगी चुनावी पाठशाला, लोगों को मतदान की शपथ दिलायी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लोक सभा निर्वाचन के अंतर्गत राजधानी में 20 मई को मतदान की तिथि निर्धारित है। निर्वाचन में भारत निर्वाचन आयोग की ओर से न्यूनतम 70 प्रतिशत मतदान का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस लक्ष्य को हासिल करने को लेकर मतदाताओं को जागरुक किए जाने के लिए नगर निगम की ओर से विभिन्न गतिविधियां यथा चुनाव पाठशाला का आयोजन, स्थानीय सम्पर्क, फोरम एवं जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। इसी क्रम में शनिवार को नगर निगम के जोन क्षेत्रांतर्गत विभिन्न मोहल्लों में चुनाव पाठशाला का आयोजन किया गया जिनमें विभिन्न अधिकारियों की ओर से नागरिकों से सम्पर्क कर चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने की अपील की गई। मतदाताओं को बूथ की जानकारी दी गयी तथा मतदान की अपील करते हुए मतदान किए जाने के लिए शपथ दिलायी गयी। इसी क्रम में नगर में स्थित विभिन्न विद्यालय इत्यादि संस्था जैसे कि जोन-1 में रेड हिल स्कूल, मुमताज इंटर कालेज, राजकीय जुबली बालिका इं.का., मॉडल मान्टेसरी स्कूल, जोन 2 में सुभाष विद्या मन्दिर स्कूल मवैया, बापू शिक्षा केन्द्र चित्ता खेडा, राधिका देवी धर्मशाला, एमडी शुक्ला नादान महल रोड, जमीयत उलेमा ऐशबाग चौकी के पीछ, सेन्ट जुलिया हाई स्कूल, प्राथमिक विद्यालय भीम नगर, कमला कान्वेन्ट स्कूल, टाउन हाल न्यू तिलक नगर, भारतीय आर्दश शिक्षा मन्दिर नन्दा खेड़ा, सेन्ट जोजफ गर्ल्सइ0कालेज, जोन-3 में हजारी लाल पूर्व माध्यमिक विद्यालय पुरनिया, दयानंद इंटर कालेज महानगर, जोन-5 में स्वामी विवेकानंद विद्यालय, पायनियर स्कूल, सेंट काइस्ट पब्लिक स्कूल गीतापल्ली, सरस्वती शिक्षा सदन बालिका जुनियर हाईस्कूल बड़ा रेलवे कालोनी, जोन-6 में कश्मीरी मोहल्ला गर्ल्स इंटर कॉलेज, चेतना पब्लिक स्कूल हैदरगंज द्वितीय, जोन-7 में सरस्वती शिक्षा सादर बालिका जूनियर्स हाई स्कूल, जोन-8 में जी डी गोयनका पब्लिक स्कूल सेक्टर ए शुशांत गोल्फ सिटी-1, प्राथमिक विद्यालय निलमथा, एस के डी अकादमी सेक्टर-2 वृन्दावन योजना, जूनियर हाई स्कूल एवं प्रा0 वि0 औरंगाबाद जागीर, बेसिक प्रा.वि. रहीमाबाद, सिटी मॉडल पब्लिक स्कूल एल.डी.ए, सेंट एसं डे पब्लिक स्कूल सेक्टर एफ, एलडीए, प्रा.वि. कन्या भदरुख, प्रा.वि. हैबतमऊ मवैया, प्रा.वि. खरिका, पूर्व माध्यमिक विद्यालय बरिगावा इत्यादि में मतदान के लिए नागरिकों को जागरुक करते हुए शपथ दिलायी गयी।




## लखनऊ भी मेट्रोपोलिटन सिटी के रूप में दिखाई दे रहा है : आनंद द्विवेदी

**लखनऊ।** लखनऊ लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी का परचम लहराने के उद्देश्य से महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी की अध्यक्षता में पूर्व पार्षदों और अनुसूचित समाज के जनप्रतिनिधियों के साथ बैठकें आहूत की गई। बैठक में वरिष्ठ नेता नीरज सिंह, लोकसभा संयोजक एमएलसी मुकेश शर्मा ने वरिष्ठ पदाधिकारीयों के साथ आगामी चुनावी रणनीति तय की। नीरज सिंह ने कहा कि आप सब की सक्रियता और भूमिका इस चुनाव की दशा और दिशा तय करेगी। भारत को श्रेष्ठ भारत ही नहीं विश्व गुरु बनाने का यज्ञ चल रहा है जिसको सफल बनाने के लिए हम सभी को आहुति देनी है। प्रत्येक सैक्टर के अंदर पूरा देश प्रगति के साथ आगे बढ़ रहा है और लखनऊ भी मेट्रोपोलिटन सिटी के रूप में दिखाई दे रहा है। भारतीय जनता पार्टी द्वारा किए जा रहे हैं विकास कार्य और अनगिनित कल्याणकारी योजनाओं का लाभ बड़ी संख्या में अनुसूचित वर्ग को भी मिला है। आपके साथ अनुसूचित समाज के घर घर जाएंगे और उपलब्धियां को बताएंगे। हमारा यह प्रयास होना चाहिए कि हर मतदाता वोटिंग मशीन तक पहुंचे।

# कोई भी दल ब्राह्मण को अपना वोट बैंक न समझे : शिवशंकर

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

- ब्राह्मण संगठन पूरे देश में ब्राह्मण प्रत्याशियों के पक्ष में वोट देने का ले सकते हैं संकल्प
- आवश्यकता पड़ने पर अपने प्रत्याशी भी उतार सकती है

**लखनऊ।** ब्राह्मण बाहुल्य लखनऊ पूर्व विधानसभा से किसी भी पार्टी द्वारा किसी ब्राह्मण को टिकट न दिये जाने एवं विभिन्न मुद्दों को लेकर ब्राह्मण समाज में भारी नाराजगी है। लखनऊ प्रेस क्लब में शनिवार को आयोजिक प्रेस वार्ता में लगभग 50 संगठनों के प्रतिनिधियों ने सभी राजनैतिक पार्टियों को चेतावनी दी कि इन विषयों पर यदि ध्यान नहीं दिया गया तो सभी ब्राह्मण संगठन पूरे देश में ब्राह्मण प्रत्याशियों के पक्ष में वोट देने का संकल्प ले सकते हैं और आवश्यकता पड़ने पर अपने प्रत्याशी उतारने पर भी विचार कर सकते हैं। प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए ब्रह्म सागर के मुखिया कैप्टन एस. के. द्विवेदी, ब्राह्मण परिवार के शिव शंकर अवस्थी, अखिल भारतीय ब्रह्म समाज के सी.पी. अवस्थी, छावनी परिषद के पूर्ण उपाध्यक्ष प्रमोद शर्मा उपकार सोसायटी के सिद्धेश दुबे, ब्राह्मण चेतना परिषद के तेज शंकर अवस्थी, सनातन महासभा के डा. प्रवीण बाजपेयी, गोस्वामी समाज के तेजस्वी गोस्वामी, भट्ट ब्राह्मण महासभा के कमल किशोर शर्मा, कमल बाजपेयी, विजय अवस्थी, विजय मिश्र, राष्ट्रवादी ब्राह्मण समाज से अनिल मिश्र एवं ब्राह्मण परिवार के भानू पाण्डेय,,, भट्ट ब्राह्मण सभा के अजय राय,,,, पनुन कश्मीर के अध्यक्ष रवि कचरू सहित सैकड़ो प्रतिनिधियों ने आज प्रेस वार्ता में कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि कोई भी पार्टी ब्राह्मण को अपना वोट बैंक समझने की भूल न करें। ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधियों ने यह भी कहा है यदि सभी पार्टियों ने अपना रवैया नहीं बदला तो ने केवल लखनऊ पूर्व विधान सभा, अपितु पूरे देश के ब्राह्मण एकजुट होकर निर्णय लेने के लिए बाध्य होंगे। अखिल भारतीय ब्रह्म समाज के महामंत्री देवेन्द्र शुक्ल ने यह जानकरी देते हुए शीघ्र ही पूरे प्रदेश के ब्राह्मणों की एक बड़ी बैठक करने पर विचार करने की सूचना दी।



# महावीर जयंती की पूर्व संध्या पर हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** चौबीसवें एवं अन्तिम तीर्थंकर महावीर के 2623 वें जन्मकल्याणक की पूर्व संध्या पर जैन महिला मण्डल, आशियाना की ओर से शनिवार को सांस्कृतिक संध्या का आयोजन हुआ। मंगलाचरण के साथ दीपप्रज्वलन आशियाना जैन महिला मण्डल की अध्यक्षा अल्पना जैन, जैन सेवासमिति के अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश जैन, जैन मिलन के अध्यक्ष संजीव जैन, किरण जैन आभा जैन ने किया।

**08 से 15 वर्ष के बालक बालिकाओं की प्रस्तुति :** लावण्या, काव्या, द्रव्य, एरिन, जिनिशा, सिद्धी अनिका प्रतिका, अर्णिमा, उन्नत, आराध्या दिवम गर्वित, अनादि, मान्या, रिची और टुकटुक ने लघु नृत्य नाटिका से सबका मन मोह लिया। महिला मण्डल सदस्यों अल्पना, ऋतु, रिमझिम, राखी, सोनी, वन्दना, मीनू, स्वाती, प्रीती, मनीषा ,कुसुम शाह, सीमा, शिखा, रीना, अनीता, नैनशी ने तीर्थंकर महावीर के ज्ञान दर्शन पर भावनात्मक नृत्य प्रस्तुति दी।



**महावीर के उपदेश :** प्रो. अभय कुमार जैन ने अपने संम्बोधन में बताया कि महावीर के सत्य और अहिंसा के उपदेश जीवन को धैर्यवान, स्वाबलंबी और परोपकारी बनाते है। अमिता जैन ने बताया कि महावीर के उपदेश संस्कारों का सृजन करते हैं। अध्यक्ष अल्पना जैन और मंत्री ऋतु जैन ने स्वागत एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन उपाध्यक्ष डॉ. सविता जैन ने किया।

**महावीर जयंती आज, निकलेगी शोभायात्रा :** महावीर जयंती 21 अप्रैल को राजधानी में धूमधाम से मनाई जायेगी। श्री जैन धर्म प्रवर्द्धनी सभा के अध्यक्ष विनय जैन ने बताया कि जयंती की शुरूआत प्रातः 5:30 बजे डालीगंज, चौक, यहियागंज, सआदतगंज, इन्दिरानगर, गोमतीनगर आदि इलाकों से प्रभात फेरी से होगी। अगले क्रम में सुबह 9 बजे चारबाग जैन मन्दिर से शोभा यात्रा निकाली जायेगी। उन्होंने बताया कि शाम 5 बजे महावीर पार्क डालीगंज में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा।

# फिल्म रुसलान के ट्रेलर ने दर्शकों को किया उत्साहित

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

- उसके खोज का हिस्सा बनने के लिए कर रहे हैं बेसब्री से इंतजार: आयुष शर्मा
- रुस्लान को प्रमोट करने शहर पहुंचे फिल्म के कलाकार
- आयुष शर्मा स्टारर फिल्म का ट्रेलर कर रहा है दर्शकों को इंप्रेस
- 'वजूद क्यों ढूंढे तू, जब हुनर ही तेरा साथी है'

**लखनऊ ।** मच अवेटेड फिल्म रूसलान से सामने आया दमदार डायलॉग, खूबसूरती से ट्रेलर के सार को खुद में लिए हुए हैं। इस शुक्रवार को लखनऊ में रिलीज किया गया ट्रेलर में फिल्म की कहानी की झलक देखने मिलती है, जिसमें नायक को हम खुद की खोज करते हुए देखते हैं। लीड रोल, जिसे आयुष शर्मा ने निभाया है, वह अपनी पहचान की खोज के लिए एक अथक यात्रा पर निकलता है, जिससे उसकी दुनिया बिखरने का खतरा पैदा हो जाता है। डायरेक्टर करण एल. बुटानी की विजनरी कहानी के साथ-साथ शानदार विजुअल और थ्रिल करने वाले एक्शन सीन्स भी हैं, जो दर्शकों को अपनी सीटों से बांधे रखते हैं। फिल्म में सुश्री मिश्रा को लीड एक्ट्रेस पेश किया गया है, जहाँ वह एक्शन फॉर्म में नजर आने वाली हैं।

रूसलान में एक्शन और सस्पेंस के अलावा, गहरी बातें, मुद्दे हैं जो पहचान और मकसद पर बात करते हैं। यही वह चीजें हैं जो दर्शकों को फिल्म से जोड़ती हैं। बेहद दमदार कहानी और दिल को छू लेने वाले विजुअल्स के साथ रूसलान का ट्रेलर दर्शकों को अपनी कुर्सी के किनारे बैठने पर मजबूर करता है। आयुष शर्मा कहते हैं, ₹मेरा दिल बेसब्री से इंतजार कर रहा है क्योंकि हमने दुनिया के सामने 'रूसलान' का ट्रेलर पेश कर दिया है। यह फि ल्म प्यार की मेहनत रही है और अब, एक के बाद एक हर फ्रेम सामने आ रहा है, मैं अपनी यात्रा को दूर-दूर तक के दर्शकों के साथ शेयर करने के लिए अपने उत्साह को रोक नहीं पा रहा हूँ। तैयार हो जाइए, क्योंकि 'रूसलान' आपको एक ऐसे सफर पर ले जाने वाला है जिसे आप कभी नहीं भूलेंगे! एक्टर्स सुश्री मिश्रा ने हमें बताया, ₹एक एक्टर के तौर पर 'रूसलान' का हिस्सा बनना चैलेंजिंग और ग्रोथ से भरा एक रोमांचक सफर रहा है। हमारे ट्रेलर के रिलीज के साथ, मैं दर्शकों को हमारे द्वारा बनाई गई दुनिया की एक झलक दिखाने के लिए उत्साहित हूँ। मुझे यकीन है कि लोग 'रूसलान' की इंटेंसिटी और इमोशन में डूब जाएँगे - यह एक ऐसी फि ल्म है जो इसे देखने वाले हर व्यक्ति पर एक न मिटने वाली छाप छोड़ेगी।₹



डायरेक्टर करण एल. बुटानी कहते हैं, मैं 'रूसलान' के ट्रेलर को देखकर बेहद गर्व और उत्साह से भर गया हूं। हमने इस फिल्म को बनाने में अपना पूरा दिल और जान लगा दिया है, और मैं दर्शकों को हमारी कहानी की पूरी गहराई का अनुभव कराने के लिए उत्सुक हूं। 'रूसलान' दुनिया भर के दर्शकों को रोमांचित करेगी।₹ वहीं, फिल्म के प्रोड्यूसर के के राधामोहन (श्री सत्य साई आर्ट्स) कहते हैं, ₹एक एंटरटेनिंग एक्शन थ्रिलर बनाने की कोशिश की है जो दर्शकों को अपनी तरफ खींचेगी। इस फिल्म में इमोशन, एक्शन सस्पेंस और हर एक एंटरटेनर होने का एलिमेंट है। फिल्म के ट्रेलर ने हमारी ऑडियंस को कहानी की एक झलक दी है और मुझे यकीन है कि यह उनका बेहद पसंद आएगी।₹

अब जैसे की फिल्म की रिलीज के लिए काउंटडाउन शुरू हो गया है वैसे दर्शकों के बीच फिल्म को देखने के लिए उत्सुकता भी बढ़ती हुई देखने मिल रही है। दर्शन भी इस अनोखी कहानी को देखने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। आयुष शर्मा, सुश्री मिश्रा, जगपति बाबू और विद्या मालवड़े स्टारर रूसलान को करण एल. बुटानी ने डायरेक्ट किया है और जबकि के. के. राधामोहन (श्री सत्य साईं आर्ट्स) द्वारा इसे प्रोड्यूस किया गया है। फिल्म 26 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। जबकि, एनएच स्टूडियोज द्वारा 'रूसलान' को वर्ल्ड वाइड रिलीज किया जाएगा।

## आनंद द्विवेदी और नीरज सिंह पहुंचे लखनऊ बार एसोसिएशन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

- राजनाथ सिंह के लिए मांगा समर्थन

**लखनऊ ।** कलेक्ट्रेट स्थित लखनऊ बार एसोसिएशन के सभागार में लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में अधिक मतदान करने के लिए बैठक आयोजित की गई जिसमे लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी भाजपा वरिष्ठ नेता नीरज सिंह अधिवक्ताओं के बीच पहुंचे।

लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी परिवारवाद की पार्टी नहीं है, यहां पर छोटा कार्यकर्ता भी बड़े पद पर पहुंच सकता है। केंद्र एवं राज्य सरकार ने हर वर्ग को ध्यान में रखकर योजनाओं का लाभ जनता तक पहुंचने का काम कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व का परिणाम है कि विश्व की पांच बड़ी देशों की अर्थव्यवस्थाओं में भारत का नाम है। आज भारत डिफेंस के क्षेत्र में एक्सपोर्टर देशों में शुमार है। वरिष्ठ भाजपा नेता नीरज सिंह ने कहा कि आप सबके बीच आना मुझे अपने परिवार के बीच आना जैसा लगता है, आप सबने हमेशा रक्षा मंत्री एवं सांसद राजनाथ सिंह का समर्थन किया है। आगामी लोकसभा चुनाव वाले दिन बड़ी संख्या में आप, अपने परिवार के सदस्यों के साथ भारतीय जनता पार्टी कमल वाले निशान का बटन दबाकर ऐतिहासिक जीत दर्ज कराकर विजय बनाएंगे। उक्त अवसर पर लखनऊ बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेश पांडेय, प्रसून शुक्ला, संतोष राय, आदर्श मिश्रा, विपिन कुमार यादव, सुमेर चंद रावत, मारुत कुमार शर्मा, अनुज कुमार यादव जी एवं अन्य अधिवक्ता बंधु उपस्थित रहे ।

# राज्यपाल ने किया कार्यशाला समर्थ से सामर्थ्य का शुभारंभ

## राज्यपाल की अध्यक्षता में दो दिवसीय कार्यशाला में उच्च शिक्षा में समर्थ पोर्टल को प्रदेश में क्रियान्वित करने पर हुआ विचार मंथन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ में उच्च शिक्षा हेतु समर्थ पोर्टल को प्रदेश में क्रियान्वित करने पर विचार मंथन हेतु दो दिवसीय कार्यशाला ह्लसमर्थ से सामर्थ्यह्व का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल ने विश्वविद्यालय परिसर में विभिन्न उत्पादों के स्टॉल का निरीक्षण किया। उत्पादों में टिशू कल्चर द्वारा विकसित प्लांट, स्टेम शिक्षा, आयुर्वेदिक औषधि उत्पाद, वाणिज्यिक गौशाला आदि से संबंधित उत्पादों की प्रस्तुति की गयी। कुलाधिपति की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन से शिक्षा मंत्रालय की पहल पर समर्थ पोर्टल की मदद से राज्य विश्वविद्यालयों में एंटरप्राइज रिसोर्स प्लानिंग (ईआरपी) स्थापित की जानी है। कार्यशाला में अपर मुख्य सचिव राज्यपाल डॉ. सुधीर महादेव बोबडे ने समर्थ पोर्टल का आरंभ, उद्देश्य, लाभ, महत्व व पोर्टल के उत्तर प्रदेश राज्य में क्रियान्वयन में कुलाधिपति की भूमिका, समर्थ पोर्टल को लागू करने की बाध्यता, लाभ एवं महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह पोर्टल पिछले पांच वर्षों से केंद्रीय विश्वविद्यालयों में संचालित हो रहा है। जिसके सकारात्मक परिणाम भी देखने को मिल रहे हैं। ऐसे में इस पोर्टल को उत्तर प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालयों में लागू करना का यह सही समय है। उन्होंने कहा कि सूचना संचार प्रौद्योगिकी में एक डिजिटल ढांचा बनाने से विश्वविद्यालयों के हितधारकों को एक पारदर्शी प्रणाली प्रदान की जाएगी। प्रबंधन और वितरण के स्तर पर एक सक्षम वातावरण बनाया जाएगा। डेटा के लिए विश्वविद्यालय किसी पर निर्भर नहीं रहेंगे। इस पोर्टल पर उनका डेटा न सिर्फ सुरक्षित रहेगा बल्कि एक क्लिक पर कहीं से भी उपलब्ध होगा। इस पोर्टल के माध्यम से वित्तीय समाधान और बचत भी सुलभ होगी। यह पोर्टल विश्वविद्यालयों की 14 जनहित गारंटी सेवाओं को पूरा करने में भी सहायक होगा। उन्होंने सभी विश्वविद्यालय को नये सत्र से पोर्टल को लागू करने के लिए तैयारी करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में समर्थ पोर्टल उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ी छलांग साबित होगा। कार्यशाला का परिचय देते हुए विशेष कार्याधिकारी शिक्षा राज्यपाल डॉ. पंकज एल. जॉनी ने कहा कि परीक्षा से लेकर परिणाम तक विश्वसनीयता और पारदर्शिता लाने के लिए समर्थ पोर्टल सबसे उपयोगी है। इस पोर्टल के लागू होने के बाद विश्वविद्यालयों के कई तरह के खर्चे कम हो जायेंगे। उन्होंने कहा कि यह पोर्टल न केवल विश्वविद्यालयों को डिजिटल रूप से सुचारू रूप से चलाने में सहायक है बल्कि इसके कई अन्य लाभ भी होंगे।

कार्यशाला में समर्थ पोर्टल के संयोजक दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली के प्रो. संजीव सिंह ने पोर्टल का परिचय देते हुए बताया कि पूरी तरह से स्वदेशी एकीकृत समर्थ पोर्टल का अब तक पूरे देश के 3000 से अधिक संस्थाओं में क्रियान्वयन हो चुका है तथा 1.26 करोड़ बच्चे पोर्टल पर पंजीकृत हो चुके हैं तथा लगभग 04 हजार करोड़ से अधिक का डिजिटल भुगतान किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि पोर्टल के माध्यम से विश्वविद्यालय डाटा की समीक्षा करने के साथ-साथ आवश्यकतानुसार हम कई बदलाव भी ला सकते हैं। इस प्रकार यह पोर्टल विश्वविद्यालयों को एनईपी 2020 को लागू करने में मदद करेगा तथा छात्रों की समस्याओं को समझकर अल्प समय में उनका समाधान भी किया जा सकेगा। इस प्रकार समर्थ पोर्टल के माध्यम से विश्वविद्यालयों में सुशासन लाया जा सकता है।




# आज होगा श्री श्याम ज्योत मंडल का सामूहिक कन्या विवाह समारोह

**लखनऊ।** श्री श्याम ज्योत मंडल की ओर से 21 अप्रैल को सात कन्याओं का सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम रविवार को महाराजा अग्रसेन विद्यालय मोतीनगर के प्रांगण में संपन्न होगा। मंडल के मीडिया प्रभारी अनुपम मित्तल ने बताया कि अपराह्न 1 बजे धूमधाम से बारात निकाली जाएगी। दोपहर 3 बजे पाणिग्रहण संस्कार होगा। सांयकाल 7 बजे आशीर्वचन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। इसमें लखनऊ शहर तथा अग्रवाल समाज के अग्रणी व्यक्ति उपस्थित होकर वर-वधू को आशीर्वाद प्रदान करेंगे। यह विवाह पूर्णतया निःशुल्क, दहेज रहित एवं हिन्दू विवाह के नियमों के अनुरूप होगा। श्री श्याम ज्योत मंडल लखनऊ शहर में खाटू श्याम के प्रचार की अग्रणी संस्था है और सामाजिक सेवा के लिए भी निरंतर काम कर रही है। कोविड के दूसरे चरण में लगभग 2000 ऑक्सीजन सिलेंडर निःशुल्क वितरित किए थे। कोविड पहले चरण में संस्था ने जरूरतमंदों के लिए भोजन और खाद्य सामग्री का वितरण भी किया था। सामाजिक सेवा की भावना से ओतप्रोत मंडल ने इस वर्ष सात कन्याओं का विवाह कराने का संकल्प लिया है।

# दरभंगा-दौराई के बीच चलेगी विशेष ट्रेन

**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकाल में यात्रियों की हो रही अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए यात्री जनता की सुविधा हेतु 05537/05538 दरभंगा-दौराई-दरभंगा साप्ताहिक ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी का संचलन दरभंगा से 04 मई से 29 जून तक प्रत्येक शनिवार को तथा दौराई से 05 मई से 30 जून तक प्रत्येक रविवार को 09 फेरों के लिये निम्नवत किया जायेगा। 05537 दरभंगा-दौराई साप्ताहिक ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी 04 मई से 29 जून तक प्रत्येक शनिवार को दरभंगा से 13.15 बजे प्रस्थान कर सीतामढ़ी, बैरगनिया, रक्सौल, नरकटियागंज, कप्तानगंज, गोरखपुर, खलीलाबाद, बस्ती, दूसरे दिन गोण्डा, सीतापुर, शाहजहॉपुर, बदायूँ, कासगंज, हाथरस सिटी, मथुरा जं., भरतपुर, बांदीकुई, जयपुर, किशनगढ़, अजमेर होते हुए दूसरे दिन रात दौरई 22.30 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में 05538 दौराई-दरभंगा साप्ताहिक ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी 05 मई से 30 जून तक प्रत्येक रविवार को दौराई से 23.45 बजे प्रस्थान कर तीसरे दिन दरभंगा 06.50 बजे पहुंचेगी। इस गाड़ी में एस.एल.आर.डी. के 02, साधारण द्वितीय श्रेणी के 04, शयनयान श्रेणी के 10, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 02 तथा वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 01 कोच सहित कुल 19 कोच लगाये जायेंगे।

# एलटीटी व आनंद विहार के लिए चलेंगी विशेष ट्रेनें

**लखनऊ।**: रेलवे प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकाल में यात्रियों की हो रही अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए यात्री जनता की सुविधा हेतु 01085/01086 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर- लोकमान्य तिलक टर्मिनस ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी 21 अप्रैल को लोकमान्य तिलक टर्मिनस से तथा 23 अप्रैल को गोरखपुर से 01 फेरे के लिए चलायी जायेगी। 01085 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी 21 अप्रैल को लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 23.50 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन ठाणे, कल्याण, नासिक रोड, मनमाड, जलगांव, भुसावल, खण्डवा, इटारसी, भोपाल, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई जं., उरई, तीसरे दिन कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, गोण्डा, बस्ती होते हुए गोरखपुर 09.30 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में 01086 गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक विशेष गाड़ी 23 अप्रैल को गोरखपुर से 15.30 बजे प्रस्थान करतीसरे दिन लोकमान्य तिलक टर्मिनस 00.25 बजे पहुंचेगी।इस गाड़ी में वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 03, शयनयान श्रेणी के 07, सामान्य द्वितीय श्रेणी के 04 तथा एस.एल.आर.डी. के 02 कोचों सहित कुल 16 कोच लगाये जायेंगे। 05584 आनन्द विहार टर्मिनस-रक्सौल ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी 21 अप्रैल को आनन्द विहार टर्मिनस से 09.00 बजे प्रस्थान कर गाजियाबाद , मुरादाबाद, सीतापुर, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर , दूसरे दिन बगहा, नरकटियागंज होते हुए रक्सौल 05.30 बजे पहुँचेगी। इस गाडी में एस.एल.आर.डी के 02 तथा शयनयान श्रेणी के 19 कोचों सहित कुल 21 कोच लगाये जायेंगे।

# दो दिन और जुड़ सकेगा वोटर लिस्ट में नाम

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लोकसभा के पहले चरण का चुनाव समाप्त हो चुका है इसके बाद दूसरे चरण का होना है। ऐसे मे अभी भी दो दिन और नाम वोटर लिस्ट में जुड़ सकता है और हटवा सकते है। यदि त्रुटि है, नाम नहीं है तो बिना देरी आवेदन करें। मतदाता बनने केलिए अपने मोबाइल या लैपटॉप से भी आवेदन कर सकते हैं। चुनाव आयोग ऑनलाइन मतदाता फार्म भरने के कई विकल्प दे रहा है। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी अभय किशोर ने बताया कि यदि वोटर लिस्ट में नाम नहीं है तो बिना देरी आवेदन करें, ताकि इस लोकसभा चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें।

- ऑफलाइन भी कर सकते हैं आवेदन

मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए अब कम समय बचा है। जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्य पाल गंगवार के अनुसार मतदाता बनने के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 23 अप्रैल निश्चित की गई है। यदि किसी का नाम मतदाता सूची में शामिल होने से छूट गया है या किसी के नाम में त्रुटि है अथवा किसी को नाम हटवाना है तो वह इस अवधि में आवेदन कर सकता है। आप जिले के मतदाता हैं या नहीं इसके लिए एक बार वोटर लिस्ट जरूर चेक कर लें। इसके लिए आपको अपने विधान सभा क्षेत्र के वीआरसी यानी मतदाता पंजीकरण केन्द्र जाना होगा। इसके अलावा आप जिले की वेबसाइट पर भी अपना नाम जोड़ और बदलवा सकते है। यदि ऑनलाइन आवेदन करने में दिक्कत आ रही है तो अपनी विधानसभा क्षेत्र के वीआरसी यानी मतदाता पंजीकरण केन्द्र पहुंचे। सुबह से शाम के बीच यहां बीएलओ या सुपरवाइजर की मदद से फार्म भरा जा सकता है।

# महानिदेशक मानव संसाधन रेलवे बोर्ड ने किया बरेका का दौरा

## बरेका हमेशा से ही बेहतर परिणाम देने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य करता रहा है : नवीन गुलाटी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** महानिदेशक मानव संसाधन रेलवे बोर्ड नवीन गुलाटी ने बनारस रेल इंजन कारखाना का दौरा किया। सर्वप्रथम महानिदेशक मानव संसाधन रेलवे बोर्ड नवीन गुलाटी का बरेका प्रशासन भवन आगमन पर महाप्रबंधक बासुदेव पांडा ने स्वागत किया। तत्पश्चात महाप्रबंधक कॉन्फ्रेंस हॉल में प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर एस. के. श्रीवास्तव ने पौधा भेंट कर श्री गुलाटी का स्वागत किया। महाप्रबंधक समेत बरेका के समस्त विभागाध्यक्षगण एवं अधिकारियों के साथ आयोजित समीक्षा बैठक में मानव संसाधन एवं कर्मचारियों के कल्याण से संबंधित सभी पहलूओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से बरेका में कार्यरत कर्मचारीयों एवं अधिकारियों के पदोन्नति रिक्त पदों की जानकारी उनके कल्याणार्थ किये जा रहे कार्य एचआरएमएस माड्यूल सिस्टम के द्वारा किए जा रहे सभी कार्यों के विषय में जानकारी दी गई।




इस अवसर पर सर्वप्रथम श्री गुलाटी ने बीते वित्तीय वर्ष में बरेका के द्वारा सर्वाधिक लोको उत्पादन किए जाने पर अधिकारियों व कर्मचारियों को शुभकामना देते हुए कहा कि बरेका की रेल इंजन निर्माण क्षमता देख उच्च कोटी के उत्पादन से मैं काफी प्रभावित हूँ। बनारस रेल इंजन कारखाना बेहतर कार्य कर रहा है। बरेका हमेशा से ही बेहतर परिणाम देने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य करता रहा है साथ ही यात्री एवं गुड्स ट्रेन के अच्छे परिचालन में बरेका का अहम योगदान है। बरेका द्वारा किए जा रहे कर्मचारी कल्याण प्रयासों की भी सराहना की। अंत में श्री गुलाटी को महाप्रबंधक बासुदेव पांडा द्वारा स्मृति स्वरूप रेल लोको मॉडल भेंट किया गया।

बैठक में प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर एस. के. श्रीवास्तव, प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक रजनीश गुप्ता, प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर सुब्रत नाथ, प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी जनार्दन सिंह, प्रमुख मुख्य इंजीनियर विनोद शुक्ल, प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रणवीर सिंह चौहान, वित्त सलाहकार एवं मु. लेखा.प्रौद्योगिकी हस्तांतरण अजय श्रीवास्तव, उप महाप्रबंधक अनुज कटियार, उप मुख्य कार्मिक अधिकारी मुख्यालय श्याम बाबू एवं उप मुख्य कार्मिक अधिकारी कर्मशाला राजेश कुमार सहित समस्त विभागाध्यक्ष एवं अधिकारीगण उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी राजकुमार गुप्ता ने किया।

# डाबर ग्लूकोज ने लांच किया एनर्जाइज इंडिया कैंपेन




**लखनऊ।** डाबर की ओर से इंस्टेन्ट एनर्जी ड्रिंक डाबर ग्लूकोज ने युवाओं में खेल प्रतिभा को बढ़ावा देने तथा देश भर की स्पोर्ट्स एकेडमियों के युवा एथलीट्स को एनर्जी एवं स्टैमिना के महत्व पर जागरुक बनाने के लिए एक कैंपेन एनर्जाइज इंडिया का लॉन्च किया गया है। इस कैंपेन के तहत डाबर ग्लुकोज ने लखनऊ की बीपी हलवासिया मेमोरियल इंडियन पैरा जूडो अकादमी में एनर्जी एवं स्टैमिना मैनेजमेन्ट पर एक विशेष जागरुकता सत्र का आयोजन किया। इस मौके पर दिनेश कुमार, मैनेजर, कार्पोरेट कम्युनिकेशन, डाबर इण्डिया लिमिटेड, मुनव्वर अंजार, महासचिव, उत्तर प्रदेश जूडो एसोसिएशन, सुषमा अवस्थी एनआईएस, मुख्य कोच भारतीय जूडो टीम आदि प्रमुख लोग मौजूद थे। सत्र के दौरान सुषमा अवस्थी ने एथलीट्स को बताया कि किस तरह से वे खेल के दौरान अपने प्रदर्शन को बेहतर बना सकते हैं और अपनी पूर्ण क्षमता का उपयोग कर सकते हैं। इसके साथ ही खेल में अच्छा परफोर्मेन्स देने के लिए पोषण और हाइड्रेशन बहुत जरूरी है। इस मौके पर डाबर ने एकेडमी के टॉप तीन एथलीट्स कार्तिक मिश्रा, अभिषेक यादव व रोजी को सम्मानित भी किया। मार्केटिंग हेड प्रशांत अग्रवाल ने कहा यह कैंपेन खेल में एनर्जी के साथ बेहतरीन परफोर्मेन्स देने के लिए प्रेरित करेगा।

# किसान आंदोलन के कारण कई ट्रेनें रद, कई के मार्ग बदले

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** पंजाब के शंभू स्टेशन के पास पिछले कई दिनों से चल रहे किसान आंदोलन के कारण रेलवे प्रशासन ने अनेक ट्रेनें निरस्त करने के साथ मार्ग परिवर्तित व शार्ट टर्हमनेशन किया है। 21 अप्रैल को रद रहने वाली ट्रेन में 12053 हावड़ा-अमृतसर रद रहेगी। तो 15211 दरभंगा-अमृतसार एक्सप्रेस अंबाला कैंट में टर्मिनेट होगी और अंबाला-अमृतसर के मध्य रद रहेगी।तो 13307 दरभंगा-फिरोजपुर कैंट वाया अंबाला, चंडीगढ़, सरहिंद व स्नेहवाल होकर चलेगी। जबकि जबकि 15707 कटिहार-अमृतसर आम्रपाली एक्सप्रेस वाया जाकाल, धुरी, लुधियाना कैंट होकर चलेगी।तो 120 54 अमृतसर-हावड़ा एक्सप्रेस 21 अप्रैल को रद रहेगी। 12238 जम्मूतवी-वाराणसी बेगमपुरा एक्सप्रेस 21 अप्रैल को स्नेहवाल, चंडीगढ़, अंबाला होकर चलेगी।13006 अमृतसर-हावड़ा पंजाब मेल 21 अप्रैल को स्नेहवाल, चंडीगढ़, अंबाला होकर चालेगी। 15708 अमृतसर-कटिहार एक्सप्रेस 21 अप्रैल को वाया लुधियाना, धुरी, जाकाल होकर चलेगी। 12588 जम्मूतवी-गोरखपुर अमरनाथ एक्सप्रेस 21 अप्रैल को स्नेहवाल, चंडीगढ़, अंबाला होकर चलेगी।



# गोमतीनगर में अवैध कॉम्पलेक्स सील




विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी के निर्देश पर शहर में अवैध निर्माण के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शनिवार को प्रवर्तन जोन-1 की टीम ने गोमती नगर में एक अवैध व्यावसायिक निर्माण को सील किया। प्रवर्तन जोन-1 की जोनल अधिकारी वंदना पाण्डेय ने बताया कि रहमत अली अंसारी व अन्य की ओर से गोमती नगर के विनयखण्ड में भूखण्ड संख्या-सीपी-3/2 पर लगभग 1800 वर्गमीटर क्षेत्रफल में स्वीकृत मानचित्र के विपरीत व्यावसायिक बिल्डिंग का निर्माण कराया जा रहा था। जिसके विरूद्ध विहित न्यायालय ने सीलिंग के आदेश पारित किये थे। आदेश के अनुपालन में सहायक अभियंता शिवा सिंह के नेतृत्व में अवर अभियंता सत्यवीर सिंह व सुरेन्द्र द्विवेदी की ओर से प्राधिकरण पुलिस व स्थानीय थाने के पुलिस बल के सहयोग से निर्माणाधीन बिल्डिंग को सील कर दिया गया।

# बिजली की चिंगारी से जली सात बीघे गेहूं की फसल

**लखनऊ।** रहीमाबाद के ससपन के पास स्थित वृंदावन गांव में शनिवार को बिजली के तारों के आपस में टकराने से निकली चिंगारी से लगभग सात बीघा गेहूं की फसल जल राख हो गई। किसानों ने बताया सुबह 10 बजे खेतों में आग लगी थी। किसानों ने आसपास के तालाब से बाल्टियों से पानी भर कर आग बुझाने का प्रयास किया। लेकिन जब तक सुलेमान की दो बीघा, नत्था की दो बीघा व रामसेवक की लगभग डेढ़ बीघा गेहूं की फसल जल गई। मौके पर पहुंचे एसओ अनुभव सिंह ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने पुलिस और ग्रामीणों की मदद से आग पर लगभग आधे घंटे में काबू पाया। अप्रैल माह में अभी तक रहीमाबाद, मलिहाबाद क्षेत्र में लगभग 70 बीघा फसल जलकर राख हो चुकी है। आग लगने का मुख्य कारण खेतों के ऊपर से गुजर रहे बिजली के झूलते जर्जर तार रहे हैं।

# मेट्रो ने यात्री को नकदी से भरा खोया पर्स लौटाया

**लखनऊ।** मेट्रो टीम ने शनिवार को अमौसी मेट्रो स्टेशन पर एक यात्री का खोया हुआ पर्स लौटाया। इसमें 7825 रुपये नकद थे। सुरक्षा गार्ड सुनील शुक्ला को पर्स ट्रेन के अंदर लावारिस पड़ा मिला और उसे गुम होने से बचाने के लिए तुरंत स्टेशन नियंत्रक को सौंप दिया गया। कुछ समय बाद, दावेदार ने स्टेशन पर खोए हुए पर्स के बारे में पूछताछ की और यह जानकर राहत महसूस की कि उसका सामान सुरक्षित था और स्टेशन कंट्रोलर राजीव चौहान की ओर से सत्यापन के बाद उसे सौंप दिया गया था।

# अपग्रेड हो रहे स्टेशनों का डीआरएम ने किया निरीक्षण

## आनंदनगर, बढ़नी, तुलसीपुर, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर स्टेशनों का हो रहा अपग्रेडशन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के मण्डल रेल प्रबन्धक आदित्य कुमार ने आज मण्डल के शाखाधिकारियों के साथ गोरखपुर - आनन्दनगर - बढ़नी - गोण्डा रेलखण्ड का विंडो ट्रेलिंग तथा अमृत भारत स्टेशन योजना के अन्तर्गत चल रही विकास परियोजनाओं एवं यात्री सुविधाओं संबंधित कार्यो का निरीक्षण किया। निरीक्षण के आरम्भ में मण्डल रेल प्रबंधक ने आनंदनगर रेलवे स्टेशन पर अमृत भारत योजना के अन्तर्गत होने वाले विकास कार्यो के ले-आउट प्लान के साथ रेलवे स्टेशन के सौंदर्यीकरण, यात्री सुविधाओं के आधुनिकीकरण व अपग्रेडेशन कार्यों की अधिकारियों से चर्चा की तथा स्टेशन पर पुनर्विकास कार्य को तीव्र गति से किये जाने हेतु निर्देश दिया।

- गोरखपुर – आनन्दनगर – बढ़नी – गोण्डा रेलखण्ड का विंडो ट्रेलिंग लिया जायजा



इसके उपरान्त सिद्धार्थ नगर एवं बढ़नी स्टेशन पहुंचने पर उन्होंने पुनर्विकास कार्यों के अन्तर्गत रेलवे स्टेशन के सकुर्लेटिंग एरिया, स्टेशन भवन के सौंदर्यीकरण, यात्री सुविधाओं के आधुनिकीकरण व अपग्रेडेशन कार्यों की ले आउट प्लान के साथ अधिकारियों से चर्चा की तथा स्टेशन पर ऑन ड्यूटी स्टेशन मास्टर से गाड़ी संचालन से संबंधित परिचालनिक संरक्षा ज्ञान को परखा।

निरीक्षण के अन्त में मण्डल रेल प्रबंधक ने तुलसीपुर एवं बलरामपुर रेलवे स्टेशनों पर सरकुलेटिंग एरिया, प्लेटफॉर्म व स्टेशन पर स्थित यात्री प्रतीक्षालय को देखा तथा अमृत भारत योजना के अन्तर्गत होने वाले पुनर्विकास कार्यो की समीक्षा की तथा कार्य की प्रगति का अवलोकन किया गया एवं कार्य को तय समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंनें उक्त रेल खण्ड के मध्य ट्रैक बैलास्ट, ओवरहेड ट्रैक्शन, एलाइनमेंट, कॉशन आर्डर एवं ट्रैक फिटिंग, स्टेशन भवन, पॉइंट एवं क्रॉसिंग, सिग्नल, कर्व तथा पुलों का संरक्षा निरीक्षण किया।

अमृत भारत स्टेशन योजना के अन्तर्गत आनंदनगर स्टेशन को रूपया दस करोड़ पच्चीस लाख की लागत से, सिद्धार्थनगर स्टेशन को रूपया ग्यारह करोड़ अठारह लाख की लागत से, बढ़नी स्टेशन को रूपया पंद्रह करोड़ पांच लाख की लागत से, तुलसीपुर स्टेशन को रूपया ग्यारह करोड़ उनहत्तर लाख की लागत तथा बलरामपुर रेलवे स्टेशन को रूपया सोलह करोड़ उन्नयासी लाख की लागत से नयी यात्री सुविधाओं को प्रदान करने के साथ ही पुरानी सुविधाओं को भी अपग्रेड किया जा रहा है। इस अवसर पर वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर/प्रथम, वरिष्ठ उप मुख्य इंजीनियर/गति शक्ति, वरिष्ठ मण्डल विद्युत इंजीनियर/(सामान्य), स्टेशन प्रबंधक/गोरखपुर एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

# अफ्रीका में व्यापार के अवसरों की खोज पर रोड शो का आयोजन

**लखनऊ।** पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के यूपी स्टेट चैप्टर ने इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल प्लेटफॉर्म के सहयोग से 'अफ्रीका में व्यापार के अवसरों की खोज' पर एक रोड शो का आयोजन किया। शनिवार को इस आयोजन के बाद पीएचडी हाउस में एक इंटरैक्टिव सदस्यों की बैठक और सांस्कृतिक शाम का आयोजन किया गया। सत्र का उद्देश्य वैश्विक व्यापार परिदृश्य के लिए अफ्रीका की उल्लेखनीय क्षमता को उजागर करना था। अफ्रीकी महाद्वीप में भारतीय उद्यमों के लिए व्यावहारिक चर्चा, नेटवर्किंग और रास्ते की गहरी समझ के लिए एक मंच भी प्रदान करना था। इंटरएक्टिव फोरम में राजेश निगम, सह-अध्यक्ष, यूपी चैप्टर, पीएचडीसीसीआई और अध्यक्ष-तकनीकी, करम सेफ्टी प्राइवेट ने भाग लिया और भाग लिया।

अतुल श्रीवास्तव, क्षेत्रीय निदेशक, यूपी चैप्टर, पीएचडीसीसीआई ने प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए व्यापारिक घरानों से अफ्रीका के साथ आपसी सहयोग के अवसरों का पता लगाने का आग्रह किया। एराइज आईआईपी के अमित कौशिक ने प्रतिनिधियों को एराइज आईआईपी के संचालन और गैबॉन, बेनिन और टोगो जैसे कई अफ्रीकी देशों में इसके महत्वपूर्ण प्रभाव के बारे में जानकारी दी। उन्होंने संगठन की ओर से स्थापित विशेष आर्थिक क्षेत्रों (एसईजेड) के विकास और वर्तमान प्रगति के बारे में विस्तार से बताया, जो लकड़ी से लेकर गोंद उत्पादन और कैप्सूल पैकेजिंग तक फैले उद्योगों की एक विस्तृत श्रृंखला के लिए केंद्र बिंदु बन गए हैं। कौशिक ने इन एसईजेड की कार्यप्रणाली का विवरण देते हुए एक व्यापक प्रस्तुति दी, साथ ही भारतीय निवेशकों को जोन के विकास में भाग लेने के लिए लुभाने के लिए आकर्षक प्रोत्साहनों पर जोर दिया। पीएचडीसीसीआई के सचिव अभिषेक बनवारा ने अफ्रीकी महाद्वीप में पीएचडीसीसीआई द्वारा की गई विभिन्न पहलों पर प्रकाश डाला। राजेश निगम, सह-अध्यक्ष, यूपी चैप्टर, पीएचडीसीसीआई और अध्यक्ष-तकनीकी ने अफ्रीका में व्यवसायों की प्रतीक्षा कर रहे आशाजनक अवसरों पर प्रकाश डाला।

# चुनाव को लेकर व्यापारियों की बैठक आज

**लखनऊ।** व्यापारी समाज की भारतीय जनता पार्टी के समर्थन में रविवार को एक महत्वपूर्ण बैठक हजरतगंज स्थित हलवासिया कोर्ट में होगी। बैठक के मुख्य अतिथि संसदीय कार्य एवं वित्त मंत्री सुरेश खन्ना होंगे। बैठक की अध्यक्षता अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष संदीप बंसल करेंगे। यह जानकारी देते हुए अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष सुरेश छाबलानी, युवा के प्रदेश महामंत्री आकाश गौतम ने बताया कि इस बैठक में समाजसेवी सुधीर हलवासिया राष्ट्रीय, मंत्री प्रदीप अग्रवाल महिला प्रदेश अध्यक्ष अनीता जायसवाल, युवा प्रदेश अध्यक्ष रायबरेली से अतुल गुप्ता महामंत्री संगठन, बाराबंकी से अनुपम अग्रवाल अवध क्षेत्र के प्रभारी सदस्य सीतापुर से भगवती गुप्ता और युवा के प्रदेश उपाध्यक्ष बछरावां से चंद्र प्रकाश गुप्ता, युवा महानगर अध्यक्ष अश्वन वर्मा, जिला अध्यक्ष ललित सक्सेना सहित लखनऊ के प्रमुख व्यापारी उपस्थित रहेंगे।

# पानी व सीवर की समस्याओं का ससमय होगा निस्तारण

**लखनऊ।** शहर में अब पानी व सीवर की समस्याओं का ससमय निस्तारण हो सकेगा। नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह के निर्देश पर सीवर एवं शुद्ध पेय जल इत्यादि जलकल विभाग से संबंधित समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए टोल फ्री एवं सीयूजी नंबर जारी किया गया है। जिससे कि आम जन जलकल विभाग से संबंधित समस्याओं के निस्तारण के लिए अपनी शिकायत ससमय (व्हाट्स एप एवं कॉल कर) दर्ज करवा सकेंगे। दर्ज हुई शिकायत को संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी को अग्रसित कर त्वरित रूप से समस्या का निस्तारण तय समयावधि के अंदर होगा। 8177054100, 8177054010, 8177054003 व 8177054177 पर कॉल, व्हाट्स एप किया जा सकता है। सीवर की समस्या के लिए निजी कंपनी सुएज इंडिया लि. का टोलफ्री नंबर 1800-313-0522 जारी किया गया है।

संक्षेप

## पीपल के पेड़ से लटका मिला युवक का शव

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** खण्डासा थाना क्षेत्र स्थित संत भीख दास आश्रम मंदिर परिसर में पीपल के पेड़ की डाल से रस्सी के सहारे एक युवक का संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटका मिला है। युवक का शव रस्सी के सहारे फांसी के फंदे पर झूलता हुआ मंदिर जाने वाले लोगों को सुबह दिखा। युवक के पीठ पर बैग भी टंगा हुआ था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पेड़ से शव नीचे उतरवाकर पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही युवक के मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार खण्डासा थाना क्षेत्र के संत भीखा दास तपोस्थली परिसर स्थित पीपल के पेड़ की डाल से संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक पीठ पर बैग टंगे हुए रस्सी के सहारे फंदे से लटका हुआ था। शनिवार को सुबह ग्रामीण पूजा अर्चन के लिए मंदिर जा रहे थे तभी पेड़ से लटके युवक पर उनकी निगाह पड़ी और भयभीत हो गए। कुछ ही देर में बड़ी संख्या में लोग मंदिर परिसर में पहुंच गए और घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी। सूचना पाकर थानाध्यक्ष खण्डासा विवेक सिंह, चैकी प्रभारी प्रभारी सुधीर त्रिपाठी, उप निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार पुलिस कर्मियों की टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पेड़ से लटके युवक के शव को नीचे उतरवाकर बैग की जब तलाशी ली तब युवक का आधार कार्ड निला। प्राप्त आधार कार्ड से मृतक की पहचान ध्रुव चंद पुत्र राममिलन ग्राम जैथरी पोस्ट शुजागंज थाना रौनाही के रूप में हुई है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि इतनी दूर से युवक मे आकर आत्महत्या यहां क्यों किया, यह भी जांच का विषय है और कहीं भी आत्महत्या कर सकता था। फिलहाल पुलिस हत्या और आत्महत्या दोनों पहलुओं पर जांच कर रही है। खण्डासा पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही युवक की मौत कैलाश का पर्दा उठ सकेगा।

# यूपी बोर्ड परीक्षा: टॉपर सूची में अयोध्या के 7 मेधावी





जिला संवाददाता(vol)

**अयोध्या।** माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा के शनिवार को घोषित परिणाम में हाईस्कूल के प्रदेश के टॉप 10 में अयोध्या के सात मेधावियों ने स्थान हासिल किया है। प्रदेश में सातवां स्थान पाने वाले में तीन छात्र शामिल हैं जिनमें सेवरा के बलदेव इंटर कॉलेज के पीयूष, उरुर अमौना देवा इंटर कॉलेज के आनंद कुमार और सिलौनी मया के नंद किशोर स्मारक इंटर कॉलेज के तरुण तिवारी शामिल हैं। इसके अलावा प्रदेश में नौवां स्थान कनौसा गर्ल्स इंटर कॉलेज की सिद्धि श्रीवास्तव और रामपुर भगन के वीनस इंटर कॉलेज की शालिनी यादव ने हासिल किया है। महादेवगंज गोयड़ी की दीपाजलि व रामपुर भगन के डायमंड इंटर कॉलेज के अवनीश प्रताप ने दसवां स्थान हासिल कर जनपद का मान बढ़ाया है।

वहीं उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाई स्कूल और इंटरमीडिएट के शनिवार को घोषित बोर्ड परीक्षा परिणाम में एसएसवी इंटर कॉलेज के दो छात्रों ने जिले की मेरिट सूची में अपना स्थान बनाकर विद्यालय का नाम रोशन कर दिया है। इंटर के परीक्षा परिणाम की सूची में विद्यालय के छात्र अनुपम जायसवाल और अनुराग भट्ट ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. मणि शंकर तिवारी ने इंटर की परीक्षा में 95 फीसदी अंक प्राप्त करने के साथ जिले की मेरिट सूची में छठा स्थान पाने वाले अनुपम जायसवाल और उनके पिता शिक्षक सुशील जायसवाल को विद्यालय में मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने जिले की मेरिट सूची में सातवां स्थान पाने वाले अनुराग भट्ट को भी शुभकामनाएं दीं और उज्जवल भविष्य की बधाई दी। प्रधानाचार्य डॉ. तिवारी ने बताया कि विद्यालय के 366 छात्रों ने हाई स्कूल की जबकि 361 छात्रों ने इंटरमीडिएट की परीक्षा दी थी। उन्होंने कहा कि यह हर्ष का विषय है कि विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत है। इस दौरान डॉ तिवारी ने कहा कि होनहार विद्यार्थी अलग होते हैं।

उनकी प्रतिभा से ही विद्यालय गौरवान्वित होता है। विद्यार्थियों का हौसला अफजाई करने के दौरान विद्यालय के शिक्षक डॉ. देवेंद्र कुमार मिश्रा, रवि प्रकाश श्रीवास्तव, शशांक मिश्रा, शैलेंद्र सागर मिश्रा और विवेकानंद पाण्डेय सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे। छात्रों ने खुशी में एक दूसरे को कंधों पर उठाया और मिठाई खिलाकर व गले मिलकर बधाई दी। निराला नगर स्थित ओपीएस विद्यालय में का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। विद्यालय में अंशुमन यादव ने 95.33ज अंक प्राप्त कर विद्यालय के प्रथम रहे इसी तरह आर्यन चैहान अंजू यादव अनुष्का मौर्य गुंजन मिश्रा नैंसी यादव अनुष्का रावत मानसी अभिनव वर्मा इंटरमीडिएट में विद्यालय का भी रिजल्ट शत प्रतिशत रहा विद्यालय में समरेंद्र यादव 90.8ज जानशी श्वेता वर्मा अलका यादव श्रेयांश यादव निमिषा मौर्य आदि बच्चे सफल हुए।

## ग्रामीण क्षेत्र के होनहारों ने लहराया सफलता का परचम

-यूपी बोर्ड की हाई स्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा में ग्रामीण क्षेत्र के होनहार बालक व बालिकाओं ने अपना परचम लहराया है। शिक्षा क्षेत्र मिल्कीपुर में स्थित बलदेव विद्यापीठ इंटर कॉलेज सेवरा के छात्र पियूष कौशल ने हाई स्कूल की परीक्षा में 97.33 अंक के साथ प्रदेश में सातवां स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। पीयूष ने 600 अंकों में से 584 अंक प्राप्त किए। पीयूष कौशल के पिता रामबाबू कुचेरा बाजार में ही छोटी सी फुटवियर की दुकान चलाते हैं। परिणाम को देखते ही माता पुष्पा कौशल और पिता रामबाबू के आंखों में खुशी के आंसू छलक पड़े। परिणाम को सुनने के बाद क्षेत्र के सम्भ्रान्त व्यक्तियों ने छात्र पियूष के आवास पर पहुंचकर मुंह मीठा करा कर दुनिया में नाम रोशन करने की अग्रिम बधाई दी, वहीं विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव कुमार का कहना है कि बच्चा पढ़ने में शुरू से ही होनहार था और अध्यापकों की मेहनत और बच्चे की सीखने की ललक ने उसे इस मुकाम पर पहुंचाया है जिस पर पूरा विद्यालय परिवार गर्व कर रहा है। शाहगंज चैकी क्षेत्र में स्थित रामेश्वर प्रसाद सत्यनारायण इंटर कॉलेज की छात्रा गोल्डी यादव ने दसवीं में 91 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय प्रथम स्थान हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया।

मिल्कीपुर क्षेत्र के ही श्री चंद्रभान गुप्त इंटर कॉलेज के हाईस्कूल में कई छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया जिसमें नैना यादव ने हाई स्कूल में 93.10 प्रतिशि अंक लाकर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया जबकि दूसरे नंबर पर सृष्टि वर्मा 93 प्रतिशत व 90.33 अंकों के साथ सोनम कौशल तीसरे स्थान पर रही। वही इंटरमीडिएट में कीर्ति मिश्रा 88.4 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय में टॉपर रही जबकि दूसरे व तीसरे स्थान पर रिमझिम द्विवेदी व रितिका रही इसी तरह चैथे व पांचवें स्थान पर आराध्या व माधुरी क्रमशः 84 व 80.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। श्री चंद्रभान गुप्त इंटर कॉलेज के प्रबंधक श्री गोपाल जी गुप्ता ने सभी छात्र व छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी है। श्री गोपाल जी गुप्ता ने बताया कि हमारा विद्यालय हमेशा से ही सभी छात्र व छात्राओं को आगे बढ़ाने की प्रेरणा देता है मैं सभी छात्र व छात्राओं को उनकी सफलता पर हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। वहीं विद्यालय की टॉपर नैना यादव ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता व अपने गुरुजनों को दिया है। गोसाईगंज कस्बे के बलदेव प्रसाद मेमोरियल स्कूल की हाईस्कूल की छात्रा शुभी कसौधन ने जिले में टापफाइव व प्रदेश में बारहवां स्थान बनाकर विद्यालय सहित जिले का नाम रोशन किया है।शुभी कसौधन को 96.33प्रतिशत 578अंक प्राप्त हुआ है।शुभी कसौधन ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता पिता व गुरुजनों को दिया है।शुभी कसौधन ने बताया कि कड़ी मेहनत व सच्ची लगन से कोई कार्य असम्भव नही रहता है।शुभी कसौधन भविष्य में अफसर बनकर देश की सेवा करना चाहती है।आगामी बोर्ड की परीक्षा देने वाले छात्रों को कड़ी मेहनत व सच्ची लगन से पढ़ाई करने का संदेश दिया है।शुभी कसौधन गोसाईगंज कस्बे के तेलियागढ़ मुहल्ले के होम्योपैथी दवा के विक्रेता अशोककुमार गुप्ता की पुत्री है।उनकी माता कल्पना गुप्ता गृहणी है।शुभी कसौधन दो बहनें है, छोटी बहन श्रेया कसौधन आठवी कक्षा की पढ़ाई कर रही है।शुभी कसौधन की इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रबंधक रमेश जायसवाल व प्रधानाचार्य जेपी सिंह ने माला पहनाकर मुंह मीठा कराते हुए2100रुपये का प्रोत्साहन राशि देने का ऐलान किया है। उ0 प्र0 हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा की घोषित हाई स्कूल परिणाम में चैधरी चरण सिंह इंटर कालेज महोली की छात्रा शहजादी बानो पुत्री जाने आलम 96 .5 प्रतिशत बीआर पब्लिक इंटर कालेज की रिमझिम प्रजापति पुत्री राम केवल निवासी कपासी 96.5 प्रियांशिका पांडेय पुत्री अंजनी कुमार पांडेय 95.5 फीसदी 96.33 फैज ए आम अनुभव दूबे पुत्र रवि दूबे निवासी परानापुर 95.14 रायल पब्लिक स्कूल अनुभव मिश्रा ने 93 फीसदी अंक प्राप्त कर क्षेत्र का मान बढाय्सौम्या तिवारी सहित 91.2 चैधरी चरण सिंह इटर कालेज की नैसी दूबे 87 शिवि गुप्ता ने 86.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिला और क्षेत्र का मान बढ़ाया।

## जिला निर्वाचन कार्यालय का निरीक्षण



**बाराबंकी।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी कुमार ने निर्वाचर कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्वाचन सम्बंधी कार्यो के प्रगति की जानकारी ली। तथा निर्वाचन कार्यालय के अंदर प्रवेश करते समय सभी कर्मचारी आईडी कार्ड साथ रखने, समस्त उत्तरदायित्वों का पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन किये जाने को लेकर निर्देशित किया। इस मौके पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी/एडीएम अरुण कुमार सिंह, एसडीएम नवाबगंज विजय त्रिवेदी मौजूद रहे।

## तस्कर गिरफ्तार

बाराबंकी। थाना असन्द्रा पुलिस ने 1 मादक पदार्थ तस्कर लक्ष्मी पुत्र जगप्रसाद निवासी नैपुरा घाट मजरे जलालपुर थाना असन्द्रा को 6 किलो 300 ग्राम अवैध पोस्ता छिलका बरामद करते हुये गिरफ्तार किया है।

## 42 अभियुक्तों पर शातिभंग की कार्रवाई

**बाराबंकी।** जनपद में संदिग्ध व्यक्तियों, वांछित अभियुक्तों, वारण्टियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान में 04 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। तथा 42 अभियुक्तों के विरुद्ध शांतिभंग की धाराओं में कार्यवाही की गयी।

## अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट अविलम्ब हो लागू



**बाराबंकी।** जिला बार एसोसिएशन के तत्वाधान में अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट अविलम्ब लागू कराए जाने की मांग को लेकर अधिवक्ताओं ने महामहिम राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्टेज्ट को सौपा। ज्ञापन मे कहा गया है कि देश व प्रदेश मे अधिवक्ताओ के साथ लगातार आपराधिक घटनाये बढ़ती जा रही है। अधिवक्ता समाज न्यायिक प्रक्रिया का महत्वपूर्ण अंग होता है। वर्तमान समय मे अधिवक्ता समाज को सुरक्षा व संरक्षण की महती आवश्यकता है। जिला बार एसोिसशन प्रदेश मे अविलम्ब अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग करती है। इस मौके पर बार अध्यक्ष प्रदीप सिंह, बार महामंत्री शाहीन अख्तर, सुरेश चन्द्र गौतम, नीरज वर्मा, आर0पी सिंह, रमन द्विवेदी, दौलता कुमारी, अंशूमान सिंह, सुमेर सिंह, सतीश पाण्डे, सी0बी सिंह, धर्मेन्द्र वर्मा, पंकज आनन्द वर्मा, सूरज बाजपेई, आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

## प्रबंधक अरुण वर्मा ने उत्तीर्ण बच्चो को दी बधाई

**जैदपुर, बाराबंकी।** यूपी बोर्ड हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट परीक्षा के शनिवार को घोषित हुए परिणाम मे ग्राम खुशहालपुर स्थित सहयोगी इण्टर कालेज ने हाईस्कूल मे 96 प्रतिशत व इण्टरमीड़िएट मे 95 प्रतिशत प्राप्त कर अपना दब-दबा बनाया। परिणाम घोषित होते ही प्रबन्धक इं0 अरुण कुमार वर्मा ने सभी उत्तीर्ण छात्र-छात्राओ को सूचित करते हुये बधाई दी। तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## इंटर के छात्र ऋषभ शुक्ला ने विद्यालय का नाम किया रौशन



**बहराइच।** शनिवार को यूपी बोर्ड दसवीं और बारहवीं का परिणाम घोषित होते ही परिणाम देखकर परीक्षा में सफल विद्यार्थियों के चेहरे पर खुशी छा गई। कुछ बच्चों ने अपने मोबाइल पर तथा कुछ ने साइबर कैफे पर जाकर अपना परीक्षाफल देखा। इस दौरान बच्चों में अपने परिणाम जानने को लेकर उत्सुकता दिखाई दी।जिले के पयागपुर में स्थित रामबिहारी शुक्ला इंटर कालेज के 12 वी छात्र ऋषभ शुक्ला ने 84.2% स्थान प्राप्त कर विद्यालय व अपने क्षेत्र नाम रोशन किया। रिषभ के पिता सुनील शुक्ला पुत्र की सफलता से गदगद हैं उनका कहना है कि पुत्र को हम लोग आदर्श के नाम से पुकारते है जबकि विद्यालय में ऋषभ शुक्ला है।इस दौरान विद्यालय के प्रधनाचार्य ने शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की तथा असफल विद्यार्थियों को निराश न होने व पुनः परिश्रम करके अच्छे अंक प्राप्त करने की सलाह दी।

# बच्चों को बनायें अनुशासित और जिम्मेदार : विकास

जिला संवाददाता(vol)




**अयोध्या।** बालक बालिकाओं को आत्मरक्षा के गुण सिखाने के तीन दिवसीय कैंप लगाया गया। श्यामा देवी मानव सेवा संस्थान द्वारा राणी सती मंदिर मसौधा में कैंप का उद्घाटन कबड्डी संघ के प्रदेश अध्यक्ष विकास सिंह ने किया। इस दौरान बड़ी संख्या में बालक व बालिकाओं सहित स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर संस्था के अध्यक्ष हरिओम ने कबड्डी संघ के प्रदेश अध्यक्ष का माल्यार्पण व अंगवस्त्र पहना कर स्वागत किया गया। प्रशिक्षण कैंप में प्रशिक्षक नेहा रंजन द्वारा बच्चों को आत्मरक्षा के लिए जुडो कराटे जैसी ट्रेनिंग दी जाएगी।कबड्डी संघ के प्रदेश अध्यक्ष विकास सिंह ने कहा इस तरह के आयोजन बच्चों को आत्मरक्षा के गुण के साथ एक महत्वपूर्ण सबक देता है, वह है अनुशासन और जिम्मेदारी। बच्चे समाज का भविष्य है। बच्चों को आत्म-अनुशासित व अपने कार्यों के प्रति जिम्मेदार बनाना चाहिए। इस प्रकार के आयोजनों बच्चों में आत्मविश्वास, आत्म-अनुशासन और आत्म-सम्मान के साथ-साथ दूसरों के प्रति सम्मान विकसित होता है। श्यामा देवी मानव सेवा संस्थान की प्रबंधक उर्मिला सिंह ने कहा कि आत्मरक्षा एक बुनियादी अधिकार है जो बच्चों सहित सभी के लिए सुलभ होना चाहिए। आज के समाज में बच्चों को आत्मरक्षा सिखाना एक ऐसी चीज है जिसे हम अक्सर नजरअंदाज कर देते हैं, लेकिन यह अत्यंत महत्वपूर्ण है। हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि आवश्यकता होने पर हमारे बच्चे अपना बचाव कर सकें। जिसको लेकर बच्चों को आत्मरक्षा के गुण सिखाने के लिए तीन दिवसीय कैंप का आयोजन किया गया है। भाजपा मोर्चा की पूर्व नगर अध्यक्ष रीना द्विवेदी ने कहा कि आत्मरक्षा न केवल बच्चों को शारीरिक हमलों के खिलाफ खुद का बचाव करने का गुण सिखाता है बल्कि यह रोजमर्रा की जिंदगी में उनके लिए विभिन्न लाभ भी जगाती है। इस दौरान शशि रानी शर्मा, एकता भटनागर, शांति गुप्ता, रूबी रावत, सोनाली गौड़, शांती शर्मा, आशा देवी सहित बड़ी संख्या में बच्चे व स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

## माइक्रोऑब्जर्वर्स के प्रशिक्षण के लिए प्रशिक्षित किये गये मास्टर ट्रेनर्स



**बहराइच।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के मतदान को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जिले के क्रिटिकल एवं संवेदनशील मतदान केन्द्रों पर माइक्रोआर्ब्जवर की तैनाती की जाएगी। मतदान केन्द्र तैनात होने वाले माइक्रोआर्ब्जवर को प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए विकास भवन सभागार में मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रभारी अधिकारी कार्मिक/मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर, जिला विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार पाण्डेय, जिला प्रशिक्षण अधिकारी डॉ. सी.के. वर्मा व अन्य अधिकारियों ने मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सीडीओ रम्या आर ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था का मुख्य स्तम्भ स्वतन्त्र, निष्पक्ष और तटस्थ निर्वाचन प्रकिया है। मास्टर ट्रनर्स का दायित्व है प्रशिक्षण प्राप्त कर माइक्रोआब्जवर्स को भली प्रकार से प्रशिक्षित करें।

## अवध विविः स्नातक व परास्नातक सम सेमेस्टर के परीक्षा फार्म भरने की तिथि बढ़ी

जिला संवाददाता(vol)

- स्नातक एवं परास्नातक सम सेमेस्टर के विद्यार्थी 25 अप्रैल तक आनलाइन परीक्षा फार्म भर सकेंगे

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा स्नातक एवं परास्नातक सम सेमेस्टर की ऑनलाइन परीक्षा फार्म भरने की तिथि बढ़ाई गई। छात्र-छात्राएं 25 अप्रैल तक परीक्षा शुल्क के साथ ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। इससे पहले विश्वविद्यालय द्वारा अंतिम तिथि 15 अप्रैल निर्धारित की गई थी। विवि के परीक्षा नियंत्रक उमानाथ ने बताया कि कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल के निर्देश पर बीए, बीएससी व बीकॉम के द्वितीय, चतुर्थ व षष्टम सेमेस्टर तथा एमए, एमएससी, एमकॉम के द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर के छात्रों को परीक्षा फार्म भरने हेतु अंतिम अवसर देते हुए तिथि विस्तारित की गई है। 25 अप्रैल तक परीक्षा शुल्क के साथ ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। वही इन्हें 26 अप्रैल तक परीक्षा फार्म महाविद्यालय में जमा करना होगा। दूसरी ओर आवासीय परिसर एवं समस्त महाविद्यालयों को 27 अप्रैल तक परीक्षा फार्म को सत्यापित करना होगा। परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि यदि किसी छात्र-छात्रा के ऑनलाइन परीक्षा फार्म भरते समय त्रुटि हो जाती है तो ऐसी दशा में आवेदित परीक्षा फार्म को महाविद्यालय अपने स्तर से संशोधन के उपरांत ही सत्यापित करेगा। इसके अतिरिक्त छात्रों के परीक्षा फार्म की सूची महाविद्यालय द्वारा परीक्षा विभाग में नियत समय पर उपलब्ध कराना होगा। विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि समयान्तर्गत परीक्षा फार्म भराये के लिए आवासीय परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्यों को सूचित किया जा चुका है। इस अधिसूचना को विश्वविद्यालय की अधिकारिक वेबसाइट एवं कालेज लॉगिन पर अपलोड कर दिया गया है।

## डबल इंजन की सरकार की नीतियों तथा विकास से जनता में उत्साह का माहौल : लल्लू सिंह

**अयोध्या।** सांसद लल्लू सिंह ने अयोध्या तथा बीकापुर विधान सभा के दस स्थानों पर जन चैपाल लगाया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण व स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। उन्होंने चांदपुर, पातूपुर, जेरूआ, कटारी, दराबगंज, सरेठी, भदोखर, सुख्खापुर, ददेरा तथा कुशमाहा में जन चैपाल के माध्यम से लोगों से सर्म्पक व संवाद किया।

कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर ग्रामीणों द्वारा सांसद लल्लू सिंह का माल्यापर्ण कर स्वागत किया गया। जनचैपाल में सांसद लल्लू सिंह ने कहा डबल इंजन की सरकार की नीतियों तथा विकास से जनता में उत्साह का माहौल है। सरकार के कार्यकाल में भ्रष्टाचार पर कडे. प्रहार तथा जनकल्याणकारी सभी पात्र व्यक्तियों को लाभांवित किया गया है। स्वच्छ भारत अभियान, बेटी पढाओ-बेटी बचाओ, नमामि ग्सहभागिता का नया अध्याय प्रारम्भ किया गया है।

# व्यय प्रेक्षक टी. सेंथिल मुरूगन ने किया बलहा व नानपारा क्षेत्र का भ्रमण

**बहराइच।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र-56 बहराइच (अ.जा.) के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक टी. सेंथिल मुरूगन ने शुक्रवार को विधानसभा क्षेत्र नानपारा एवं बलहा का भ्रमण कर क्षेत्र में तैनात फ्लाईंग स्क्वायड टीम तथा एस.एस.टी. बैरियर्स का निरीक्षण कर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लागू आदर्श आचार संहिता/निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण का अनुपालन सुनिश्चित कराये जाने के उद्देश्य की जा रही कार्यवाही की बाबत जानकारी प्राप्त की।

विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र नानपारा के भ्रमण के दौरान व्यय प्रेक्षक श्री गुरूगन ने नानपारा बाईपास पर मौजूद फ्लाईंग स्क्वायड टीम की गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त की। एफएसटी प्रभारी अवर अभि. स.न.ख. नानपारा मो. जीशान ने बताया कि अब तक 15 वाहनों की जांच की गई है। वाहन जांच पंजिका का अवलोकन करते हुए व्यय प्रेक्षक ने निर्देश दिया कि जांच किये गये वाहनों के बारे में यह भी अंकित किया जाय वाहन कहां से आ रहा है और उसे कहां जाना है। साथ ही यात्रा के उद्देश्य के बारे में भी जानकारी प्राप्त की जाय।

इसी प्रकार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र बलहा के निरीक्षण के दौरान व्यय प्रेक्षक श्री मुरूगन ने मोतीपुर वन बैरियर, बेलछा वन बैरियर एवं बिछिया वन बैरियर पर तैनात एफ.एस.टी. व एसएसटी टीमों की गतिविधियों का जायजा लेते हुए अभिलेखों का अवलोकन करते हुए कहा कि निर्वाचन की शुचिता को बनाये रखने के लिए एफएसटी व एसएसटी टीमों की भूमिका अत्यन्त महत्वपूर्ण है। सभी टीमें मुस्तैदी के साथ कार्य करते हुए निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी की गयी मानक प्रचालन प्रक्रिया का अनुपालन सुनिश्चित कराएं।

इससे पूर्व व्यय प्रेक्षक ने मोतीपुर गेस्ट हाउस में उप जिलाधिकारी मिहींपुरवा (मोतीपुर) संजय कुमार, नायब तहसीलदार मिहींपुरवा अर्सनाल, थानाध्यक्ष मोतीपुर दद्दन सिंह व मुर्तिहा अमितेन्द्र सिंह व अन्य के साथ बैठक कर निर्देश दिया कि क्षेत्र में एफएस व एसएस टीमों की गतिविधियों का पर्यवेक्षण करते रहें तथा क्षेत्र के संवेदनशील स्थलों के बारे में जानकारी दी जाय ताकि आदर्श आचार संहिता के साथ-साथ व्यय अनुवीक्षण का अनुपालन सुनिश्चित कराया जा सके।

# अस्त्र-शस्त्र, मदिरा व असामाजिक तत्वों की आवाजाही पर निगाह रख रहे हैं स्टैटिक सर्विलांस दलः डीएम

जिला संवाददाता(vol)

**बहराइच।** लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लागू आदर्श आचार संहिता/निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण का अनुपालन सुनिश्चित कराये जाने के उद्देश्य से प्रत्येक विधानसभा क्षेत्रों के लिए तीन-तीन स्टैटिक सर्विलांस टीमों का गठन किया गया है। जनपद में गठित की गयीं सभी एस.एस. टीमें अधिसूचना के दिनांक से अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय हो गई है। निर्वाचन की शुचिता को बनाये रखने के लिए गठित टीमें पूरी निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान अत्यधिक प्रचार खर्चो, घूस की वस्तुओं का नकद या वस्तु के रूप में वितरण, अवैध हथियारों, गोला बारूद, मदिरा या असामाजिक तत्वों आदि की आवाजाही पर निगरानी रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी की गयी मानक प्रचालन प्रक्रिया का अनुपालन सुनिश्चित करायेंगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि सभी एस.एस. टीमें संवेदनशील बस्तियों में चेक पोस्ट स्थापित कर अपने क्षेत्र में अवैध शराब, रिश्वत की वस्तुओं या भारी मात्रा में नकदी, हथियार एवं गोला-बारूद के आवागमन तथा असामाजिक तत्वों की आवाजाही पर नजर रखेंगी। सभी टीमों को निर्देश दिये गये है कि जांच के लिए की जाने वाली सम्पूर्ण प्रक्रिया की अनिवार्य रूप से वीडियोग्राफी करते हुए उसका वीडियो तैयार करेंगें या सीसीटीवी में पूरी जॉच प्रक्रिया को रिकार्ड करेगें। डीएम ने बताया कि स्टैटिक सर्विलांस टीमों में तैनात मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिया गया है कि प्रत्येक दिन आयोग द्वारा निर्धारित प्रारूप में जिला निर्वाचन अधिकारी बहराइच को दैनिक कारगुजारी की रिपोर्ट प्रेषित करेंगे और उसकी एक-एक प्रति रिटर्निंग आफिसर, पुलिस अधीक्षक एवं प्रेक्षकों को भी उपलब्ध करायेंगे।

जिले में तैनात सभी एस.एस. टीमों को निर्देश दिया गया है कि कार्यकलाप मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में ही जॉच की कार्यवाही सम्पन्न करायेंगे और पूरी जांच प्रक्रिया की विधिवत्वीडियोग्राफी भी की जायेगी। सभी टीमों को सख्त हिदायत दी गयी है कि कार्यकलाप मजिस्ट्रेट की गैर मौजूदगी में कोई जॉच की कार्यवाही नहीं करेंगे। जॉच प्रक्रिया की वीडियोग्राफी के दौरान दिनांक, स्थान एवं टीम संख्या की पहचान के निशान के साथ तैयार किया गया वीडियो/सीसीटीवी का रिकार्ड अगले दिन रिटर्निंग आफिसर को उपलब्ध कराना होगा। आयोग द्वारा व्यवस्था दी गयी है कि जब कभी भी किसी एजेंसी द्वारा जिले/राज्य की सीमाओं पर या किसी अन्य स्थान पर किसी भी प्रयोजनार्थ चेक पोस्ट स्थापित किए जायेंगे तो उस क्षेत्र में जांच के दोहराव से बचने के लिए ऐसी टीम के साथ एस.एस.टी. के सदस्य भी वहां मौजूद रहेंगे और नकदी या अन्य मदों की जब्ती की रिपोर्टिंग, एस.एस.टी. द्वारा ही की जाएगी।

डीएम ने बताया कि जांच के दौरान यदि, अभ्यर्थी, उसके एजेंट, या पार्टी कार्यकर्ता को ले जाने वाले किसी वाहन में रू. 50,000/-. से अधिक की नकदी पायी जाती है या वाहन में पोस्टर या निर्वाचन सामग्री या कोई ड्रग्स, शराब, हथियार अथवा रू. 10,000/- के मूल्य से अधिक की ऐसी उपहार वस्तुएं ले जाती हुई पायी जायेंगी, जिनका इस्तेमाल निर्वाचकों को प्रलोभन दिए जाने की संभावना हो या वाहन में कोई अन्य गैर-कानूनी वस्तुयें पायी जाती हैं तो वे जब्त किए जाने की शर्त के अधीन होगी। जांच किये जाने और जब्ती के सम्पूर्ण घटनाक्रम को वीडियो/सीसीटीवी में दर्ज किया जाएगा जो रिटर्निंग अधिकारी को प्रतिदिन प्रस्तुत किया जाएगा।यदि कोई स्टार प्रचारक अनन्य रूप से अपने व्यक्तिगत उपयोग के लिए रू. एक लाख तक की नकदी ले जा रहा है, या कोई दलीय पदाधिकारी दल के कोषाध्यक्ष के उस प्रमाण-पत्र, जिसमें धनराशि और उसके अभिप्रेत उपयोग को उल्लेख किया गया हो, के साथ नकदी ले जा रहा हो तो स्थैतिक निगरानी दल में प्राधिकारीगण प्रमाण-पत्र की एक प्रति रख लेंगे और नकदी जब्त नहीं करेंगे। यदि वाहन में 10 लाख रुपए से अधिक की नकदी पाई जाती है और किसी अपराध से जुड़े होने या किसी अभ्यर्थी या अभिकर्ता या दलीय पदाधिकारी की सहलग्नता का कोई संदेह होता है तो स्थैतिक निगरानी दल नकदी जब्त नहीं करेगा, और आयकर कानूनों के अन्तर्गत आवश्यक कार्रवाई करने के लिए आयकर प्राधिकारी को सूचना देगा।

डीएम ने बताया कि जॉच के दौरान यदि अपराध होने की कोई आशंका है तो कार्यकारी मजिस्टेज्ट की उपस्थिति में सी.आर.पी.सी. के प्रावधानों के अनुसार एसएसटी के प्रभारी पुलिस अधिकारी द्वारा नकदी या अन्य मदों की जब्ती की जाएगी। एस.एस.टी. के प्रभारी पुलिस अधिकारी द्वारा क्षेत्राधिकारी वाले न्यायालय में 24 घण्टे के भीतर शिकायत/एफआईआर दर्ज की जाएगी। डीएम ने बताया कि सभी उड़नदस्ते और स्थैतिक निगरानी दलों को निर्देश दिया गया है कि सामान या वाहन की जांच करते समय विनम्र, मार्यादित एवं शिष्ट आचरण रखेंगे। किसी महिला द्वारा धारित पर्स की तब तक जांच नहीं की जाएगी जब तक कि वहां पर कोई महिला अधिकारी न हो। उड़नदस्ता अपने क्षेत्रों में जांच के दौरान स्टैटिक निगरानी दलों के कार्यकलाप एवं उपयुक्त आचरण का पर्यवेक्षण भी करेगा।

## सपा घनश्याम त्रिपाठी घायल, ट्रामा सेंटर रेफर

अयोध्या। हैरिंगटनगंज ब्लॉक के ग्राम आदिलपुर निवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय वीपत तिवारी के पौत्र वरिष्ठ सपा नेता पूर्व प्रधान घनश्याम त्रिपाठी मार्ग दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। बेहोशी हालत में उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया।

संक्षेप

## 10 बीघे फसल राख

जौनपुर। शॉर्ट सर्किट से किसानो की लगभग दस बीघे गेहूं की फसल जलकर राख गयी। सूचना पर विद्युत कर्मी व 112 नंबर की पुलिस मौके पर पहुंची ।किसानों की माने तो तार ढीले होने से एक दूसरे में टच होने से हुआ था ।,ढीले तारों को टाइट करने के लिए किसानों द्वारा कई बार विद्युत कर्मियों से शिकायत की गयी थी। बताते है कि सुरेरी थाना क्षेत्र के मारिकपुर गांव में किसानो के खेत के ऊपर से गये 11000 वोल्ट के तार ढीले होने के कारण एक दूसरे तारों में टच होने से हुए सार्ट सर्किट से किसानों के लगभग 10 बीघे फसल जलकर राख हो गयी।

## प्रशिक्षण में गायब रहे माइक्रो आब्जर्वर

जौनपुर । तिलकधारी सिंह इंटर कॉलेज में शनिवार को समस्त जोनल, सेक्टर मजिस्ट्रेट, समस्त माइक्रो आब्जर्वर, पिंक बूथ की महिला कार्मिक (पीठासीन एवं प्रथम मतदान अधिकारी) तथा प्रशिक्षण में अब तक अनुपस्थित समस्त कार्मिकों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया था। प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनरों द्वारा 27 कमरों में पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रशिक्षण कार्य को संपन्न कराया गया। आज प्रशिक्षण में पिंक बूथ से संबंधित पीठासीन एवं प्रथम मतदान अधिकारी से संबंधित समस्त कार्मिक उपस्थित रहे। माइक्रो आब्जर्वर हेतु केंद्रीय कर्मचारी लगाए गए थे, जिसमें से 13 कार्मिक अनुपस्थित रहे। सेक्टर एवं जोनल से संबंधित मजिस्ट्रेट द्वारा प्रशिक्षण कक्ष में उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त किया गया। जिला विकास अधिकारी बी0के0 यादव, परियोजना निदेशक जयकेश त्रिपाठी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा0 गोरखनाथ पटेल, डीपीआरओ नत्थूलाल गंगवार सहित अन्य उपस्थित रहे।

## भड़काऊ बयानबाजी पर फंसे सपा विधायक , केस दर्ज

बरेली। भाजपा के पूर्व मंत्री और बरेली लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी छत्रपाल सिंह गंगवार और उनके भतीजे को लुटेरे बताने वाले सपा विधायक एवं पूर्व मंत्री अताउर्रहमन के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। शहर के नेहरू युवा केंद्र पर भाजपा के पूर्व मंत्री और लोकसभा प्रत्याशी छत्रपाल गंगवार और उनके भतीजे को लुटेरा बताना बहेड़ी सपा विधायक अताउर रहमान को महंगा पड़ गया। वीडियो वायरल होने के बाद कोतवाली पुलिस ने उनके खिलाफ एसएसपी के निर्देश पर मानहानि करने, धर्म को लेकर भड़काऊ भाषण देने समेत आचार संहिता में माहौल खराब करने के आरोप में गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज की है। देवरनिया थाना क्षेत्र के रहपुरा गनीमत निवासी जितेन्द्र कुमार ने मीडिया को बताया कि वह भाजपा कार्यकर्ता है। उनकी लोकसभा क्षेत्र में छत्रपाल गंगवार को भाजपा प्रत्याशी बनाया गया है। 16 अप्रैल को समाजवादी पार्टी प्रत्याशी प्रवीन सिंह ऐरन का नामांकन हुआ था। इस दौरान नेहरू युवा केन्द्र में आयोजित सभा में अताउर रहमान ने सार्वजनिक रूप से भाजपा प्रत्याशी छत्रपाल गंगवार और उनके भजीजे को लुटेरा बता दिया।

## मजिस्ट्रेटों की हुई तैनाती

सोनभद्र। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने अवगत कराया है कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार लोक सभा सामान्य निर्वाचन,2024 एवं 403-दुद्धी (अ0ज0जा0) विधानसभा उप निर्वाचन,2024 के लिए कार्यक्रम निर्गत किया गया है। जनपद में 80-राबर्ट्सगंज (अ0जा0) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र एवं 403-दुद्धी (अ0ज0जा0) विधानसभा उप निर्वाचन,2024 के नाम निर्देशन की प्रक्रिया कलेक्ट्रेट लोढ़ी, सोनभद्र में सम्पन्न करायी जायेगी। उन्होंने बताया कि नाम निर्देशन की संवीक्षा 15 मई,2024 (बुधवार) को, नाम वापसी हेतु अंतिम तिथि 17 मई,2024 (शुक्रवार) को (राजकीय अवकाश दिनों को छोड़कर)। उन्होंने बताया कि नामांकन प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं सुचारू रूप से सम्पन्न कराने तथा आदर्श आचार संहिता का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को मजिस्ट्रेट के रूप में पदाभिहित किया गया है। निखिल यादव उप जिलाधिकारी राबर्ट्सगंज-9454416847 को निर्धारित स्थल डॉ0 भीमराव अम्बेडकर स्मृति द्वार से हाईवे के दोनों तरफ, सुभाष चन्द्र यादव अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) सोनभद्र-9005860763 को डॉ0 भीमराव अम्बेडकर स्मृति द्वार पर, अजय कुमार सिंह उप जिलाधिकारी ओबरा-9454416847 को कलेक्ट्रेट गेट पर तथा सहदेव कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) 9454417640 को कलेक्ट्रेट कैम्पस के अन्दर सम्पूर्ण नामांकन स्थल के लिए तैनात किया गया है।

# मतदान कार्मिकों को पोस्टल-बैलेट समय से उपलब्ध करायें



जिला संवाददाता(vol)

सोनभद्र। लोक सभा सामान्य निर्वाचन, 2024 के दृष्टिगत कार्यालयों में कार्यरत कार्मिकों को पोस्टल-बैलेट की सुविधा उपलब्ध कराये जाने हेतु की जा रही तैयारियों का जिलाधिकारीध्जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने विकास भवन स्थित डीआरडीए कार्यालय का निरीक्षण किये, निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रभारी अधिकारी पोस्टल बैलेट/उपायुक्त श्रम रोजगार रमेश यादव से कार्मिकों को पोस्टल-बैलेट की सुविधा उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में की जा रही कार्यवाही के सम्बन्ध में बिन्दुवार जानकारी प्राप्त की और प्रभारी अधिकारी पोस्टल-बैलेट को निर्देशित करते हुए कहा कि निर्वाचन ड्यूटी में लगे कार्मिकों को समय से पोस्टल-बैलेट उपलब्ध कराये जाने की कार्यवाही समय से पूर्ण कर ली जाये, जिससे कि कार्मिकों को पोस्टल-बैलेट से मतदान करने में किसी प्रकार की असुविधा न हो और वह समय से अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें।

इसके पश्चात जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित निर्वाचन कार्यालय का निरीक्षण किये, निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्वाचन कार्यालय में उपलब्ध सुविधाओं के सम्बन्ध में जानकारी सहायक निर्वाचन अधिकारी से प्राप्त की, जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान प्रपत्र, मतदान सामग्री, पोस्टल-बैलेट, ई0डी0सी0 के प्रपत्रों के सम्बन्ध में बिन्दुवार जानकारी प्राप्त की, इस दौरान उन्होंने निर्वाचन कार्यालय में स्थापित कम्प्यूटरों के स्थिति का जायजा लिये और निर्देशित करते हुए कहा कि निर्वाचन कार्यालय में जो भी सामग्री की आवश्यकता हो, उसे तत्काल क्रय करते हुए कार्यालय को सुव्यवस्थित ढंग से संचालित किया जाये। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) सहदेव कुमार मिश्र, सहायक निर्वाचन अधिकारी जगरूप सिंह पटेल, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।

## पंचायत राज विभाग की टीम मतदाताओं को कर रही जागरूक

सोनभद्र। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के तहत जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्र विजय सिंह के निर्देश पर एवं मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार के मार्गदर्शन में पंचायत राज विभाग की टीम प्रत्येक दिन 67 न्याय पंचायत के 67 बूथ पर लोगों को मतदान के लिए जागरूक कर रही है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान प्रतिशत बढ़ाये जाने का निर्देश दिया गया है। सभी लोग अपने मताधिकार का प्रयोग करें इसके लिए जिले की पंचायत राज विभाग की पूरी टीम एक्टिव हो गई है। सभी विकास खण्डों के 67 नया पंचायत में मतदाता जागरूकता अभियान का कार्यक्रम चलाया गया। जिसमें कर्मचारी घर-घर जाकर लोगों को आगामी 1 जून को मतदान किए जाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।




जिला पंचायत राज अधिकारी/सहायक प्रभारी अधिकारी स्वीप ने बताया की उन बूथों को सबसे अधिक प्राथमिकता दी जा रही है जिन पर बूथों पर पिछले विधानसभा एवं लोकसभा में मतदान प्रतिशत कम थे, ऐसे बूथों को चिन्हित कर उन बूथ पर मतदाताओं को मतदान के लिए शपथ दिला कर, रैली निकाल कर तथा घर-घर जाकर लोगों को आगामी 1 जून को होने वाले मतदान में अपना वोट देने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। राबर्ट्सगंज विकास खण्ड के ग्राम पंचायत देवरी खुर्द एवं हिंदूआरी में वृहद अभियान चलाकर रैली निकालकर लोगों को शपथ दिलाने के साथ ही घर-घर जाकर लोगो को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में पंचायत राज विभाग के सफाई कर्मी, सचिव, सहायक विकास अधिकारी पंचायत एवं न्याय पंचायत स्तर के समस्त कर्मचारी सम्मिलित रहे।

# सिविल बार एसोसिएशन दुद्धी की कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

जिला संवाददाता(vol)

दुद्धी, सोनभद्र। सिविल बार एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बार काउंसिल ऑफ यूपी के सदस्य विनोद कुमार पांडेय एवं समारोह अध्यक्ष सिविल जज जूनियर डिवीजन अरुण कुमार एवं विशिष्ट अतिथि अपर सिविल जज जूनियर डिवीजन प्रशांत कुमार व दुद्धी चेयरमैन कमलेश मोहन उपस्थित रहे। नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के अध्यक्ष विष्णुकांत तिवारी को मुख्य अतिथि श्री पांडेय ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

वहीं वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेंद्र जायसवाल को सिविल जज जूनियर डिवीजन अरुण कुमार एवं सचिव राजेन्द्र प्रसाद को अपर सिविल जज जूनियर डिवीजन प्रशांत कुमार ने शपथ दिलाई।

इसी प्रकार उपाध्यक्ष कमलेश्वरपुरी व प्रहलाद पांडेय, कनिष्ठ उपाध्यक्ष संजय यादव, कोषाध्यक्ष राकेश कुमार, सहसचिव प्रशासन राजीव मिश्रा, सहसचिव प्रकाशन वीरेन्द्र कुमार, सहसचिव पुस्तकालय नीरज गुप्ता, गवर्निंग काउंसिल वरिष्ठ में नंदलाल,इंद्रेश सिंह व जवाहर लाल अग्रहरि तथा सदस्य गवर्निंग काउंसिल कनिष्ठ में अनुराग त्रिपाठी,आदर्श कुमार, राकेश कुमार,भीम कुमार जायसवाल व अभिनय जायसवाल को इल्डर कमेटी चेयरमैन सिविल बार ओमप्रकाश मिश्रा ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री पांडेय ने कहा कि अधिवक्ताओं का हित सर्वोपरि है। बार काउंसिल के हित में अधिवक्ताओं के निःशुल्क बीमा योजना, अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट, नये जूनियर अधिवक्ताओं के लिए स्टाइपेंड आदि सुविधाएं दिए जाने की लड़ाई सरकार से लड़ रही है। अन्य अतिथियों ने नई कार्यकारिणी को बधाई दी और कहा कि संगठन के लिए यह गौरव का क्षण है। उन्होंने वादकारी हित में बार एवं बेंच को सामंजस्य स्थापित कर लोगों को न्याय दिलाने की अपील की। नवनिर्वाचित अध्यक्ष विष्णुकांत तिवारी ने सबका आभार जताया और कहा कि बार एवं बेंच की गरिमा को बरकरार रखते हुए, अधिवक्ताओं के सम्मान के लिए समर्पित रहूंगा। इल्डर कमेटी के चेयरमैन श्री मिश्रा ने अतिथियों का आभार जताया। इसके पूर्व मुख्य अतिथि समेत सभी अतिथियों का माल्यार्पण एवं अंगवस्त्रम से सम्मान किया गया।

इस मौके पर बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष रामलोचन तिवारी, सत्यनारायण सिंह, नंदलाल,कैलाश कुमार गुप्ता,कुलभूषण पांडेय, रामेश्वर तिवारी ,प्रभु सिंह,डॉ लवकुश प्रजापति,जिला पंचायत सदस्य सुषमा सिंह गोंड़ समेत सैकड़ो अधिवक्ता उपस्थित रहे ।संचालन मनोज मिश्रा ने किया।

# हरदोई से 5 व मिश्रिख से 3 लोगों ने नामांकन पत्र लिए



जिला संवाददाता(vol)

हरदोई। लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 में आज नामांकन के तीसरे दिन 31-लोक सभा सामान्य निर्वाचन क्षेत्र हरदोई से तथा लोक सभा सामान्य निर्वाचन क्षेत्र मिश्रिख के लिए प्रत्यासी हेतु कुल 08 लोगों ने नामांकन पत्र प्राप्त कियें, और किसी भी दल एवं निदेर्लीय प्रत्यासी के रूप में किसी ने हरदोई व मिश्रिख के लिए नामांकन नही किया गया है।

आज लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 31-हरदोई (अ०जा०) के लिए भीमराव अम्बेडकर, अवधेश कुमार, श्याम सुन्दर, श्री प्रदीप कुमार एवं ज्ञान चन्द्र द्वारा जिला मजिस्टेज्ट न्यायालय कक्ष से तथा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 32-मिश्रिख (अ०जा०) अपर जिलाधिकारी न्यायालय कक्ष से राम मिलन, बीआर अहिवार व मुकेश कुमार द्वारा नामांकन पत्र प्राप्त किये। आज तृतीय दिवस भी नामांकन प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हुआ।

## मां काली श्रृंगार, उमड़ी भीड़



जौनपुर। नगर के मोहल्ला नखास में बीती रात मां काली का भव्य श्रृंगार किया गया। मंदिर में विराजमान मां काली, मां अन्नपूर्णा देवी और बाबा भैरवनाथ के श्रृंगार के बाद उनका अद्भुत रूप सभी को मोहित कर रहा था। दोपहर में हवनकृपूजन के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। शाम को भण्डारे का आयोजन हुआ जहां मोहल्लेवासियों ने बढ़-चढ़कर सहयोग किया। शाम को जैसे ही भण्डारे का प्रसाद वितरण शुरू हुआ, वैसे ही मोहल्ले सहित अगलकृबगल के इलाकों के भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने प्रसाद का खूब आनन्द लिया। प्रसाद ग्रहण से पहले मां काली के भक्तों ने मंदिर में जाकर माता रानी के अलौकिक रूप का दर्शन पूजन किया। इस दौरान मंदिर में मोहल्ले की महिलाओं ने पचरा गाया जिससे पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। आयोजक अशोक जायसवाल ने आभार व्यक्त किया।

## नेता की जमीन पर दबंगों का कब्जा एसएसपी से की कार्रवाई की मांग

बरेली। वरिष्ठ भाजपा नेता व व्यापार संगठन के प्रदेश स्तर के बड़े पदाधिकारी जितेन्द्र रस्तोगी की जमीन पर कुछ लोगों ने अवैध कब्जा कर लिया है। करेली गांव के रहने वाले यह आसामाजिक व दबंग किस्म के लोग पहले भी एक बार यह हरकत कर चुके हैं। अब वह जमीन पर जाने वालों को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। व्यापारी नेता ने अपने साथियों के साथ जाकर आज इस मामले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से कार्रवाई की मांग की। उनकी मांग पर जांच कर कार्रवाई करने के आदेश दिए गए हैं। भाजपा व व्यापारी नेता श्री रस्तोगी ने एसएसपी को दी गई अपनी शिकायत में कहा है कि उनकी कृषि भूमि पर कब्जा कर लिया गया है। उनकी जमीन करेली गांव में है तथा इसका गाटा संख्या 130 है। यह तहसील सदर में आती है। कई वर्षों पूर्व भी इस मामले को लेकर एसएसपी बरेली के आदेश पर थाना सुभाषनगर में 447, 384, 506 की धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ था। जिसमें पुलिस द्वारा समझौता करा दिया गया। लेकिन दबंग किस्म के आसामाजिक तत्व अपनी हरकत से बाज नहीं आये। उन्होंने दोबारा से जमीन पर कब्जा कर लिया। जब श्री रस्तोगी के परिवार के लोग मौके पर गए तब इन दबंगों ने जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया। जिसकी वजह से उसका परिवार मानसिक उत्पीड़न से जूझ रहा है। वहीं पीड़ित ने परिवार की सुरक्षा व न्याय दिलाने को लेकर एसएसपी बरेली गुहार लगाई है। इस मामले में जांच करके कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया है।

## हादसे में एक ही परिवार के सात लोग घायल

जौनपुर । केराकत थाना क्षेत्र के ग्राम अहन निवासी चन्द्र प्रकाश सिंह विकास भवन जौनपुर में कर्मचारी हैं । वह अपने गांव अहन से ऑल्टो कार से जौनपुर अपने निवास पर आ रहे थे । बीती रात जैसे वह प्रसाद इंटरनेशनल स्कूल पहचटिया के पास पहुंचते हैं जौनपुर की तरफ से आराही बोलेरो में भिड़ंत हो गई। हादसे में प्रिया 20 वर्ष पिता मनोज सिंह प्रीति 35 वर्ष पत्नी चंद्र प्रकाश मनीष 35 वर्ष पिता राजेश सिंह अनन्या 20 वर्ष पिता चंद्र प्रकाश आदित्य 16 वर्ष पिता चंद्र प्रकाश श्रेया 15 वर्ष पिता चंद्र प्रकाश और चंदन 45 वर्ष गंभीर रूप से घायल हैं जिन्हे जिला अस्पताल लाया गया है और घायलों का इलाज चल रहा है बोलेरो चालक में एक घायल है जिसका इलाज तो किसी प्राइवेट अस्पताल में चल रहा है।

## पेड न्यूज मामलों पर रखें नजर

जौनपुर । जिला स्तर पर गठित मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति (एमसीएमसी) की बैठक कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित कन्ट्रोल रुम में सम्पन्न हुई। समिति द्वारा कन्ट्रोल रुम में तैनात किये गये कार्मिकों को निर्देशित किया गया कि प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में पेड न्यूज के मामलों पर नजर रखे, सोशल मीडिया प्लेटफार्मस और व्हाट्सएप ग्रुप, समाचार पत्रों पर प्रकाशित होने वाली खबरों पर पैनी नजर रखी जाए और कहीं भी आचार संहिता का उल्लंघन पाये जाने पर उसकी सूचना तत्काल समिति को दे, जिससे समय से कार्यवाही की जा सके। रजिस्टर सहित अन्य अभिलेख अपडेट रहे। पेड न्यूज दायरे में आने वाले समाचारों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि किसी प्रत्याशी की अत्यधिक प्रशंसा या आलोचना का प्रकाशन पेड न्यूज माना जाएगा। समिति द्वारा अवगत कराया गया कि इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के सभी माध्यमों टेलीविजन, न्यूज चैनल्स, सोशल मीडिया को किसी भी प्रकार की राजनीतिक प्रचार सामग्री के प्रसारण के लिए राज्य या जिला स्तरीय मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनीटरिंग कमेटी से पूर्व प्रमाणन कराना अनिवार्य होगा। समिति के सदस्य उपजिलाधिकारी सदर पवन कुमार सिंह, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय, अपर जिला सूचना अधिकारी शशि सिंह, ईडीएम प्रतीक उपाध्याय सहित अन्य उपस्थित रहे।

## यूपी बोर्ड परीक्षा परिणाम में निहारिका-सूर्य प्रताप सुष्मित और काजल यादव जिले का नाम किया रोशन

करमा सोनभद्र । यूपी बोर्ड द्वारा संचालित माध्यमिक शिक्षा परिषद के बोर्ड परीक्षा का परिणण 20 अप्रैल को घोषित कर दिया गया ।परीक्षा परिणाम जानने के लिए उत्सुक विद्यार्थियों की धुकधुकी बनी रही ।परन्तु वर्ष 2024 के भी परीक्षा परिणाम मे हंस वाहिनी इंटर कालेज कसया का दबदबा कायम रहा। इंटर मीडियट परीक्षा परिणाम मे हंस वाहिनी इंटर कॉलेज कसया के छात्र सूर्य प्रताप यादव ने 88.4ः अंक के साथ विद्यालय मे प्रथम स्थान बरकरार रखा है, सुश्मित मिश्र ने 86.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। इसी तरह हाई स्कूल मे काजल यादव ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय मे टॉप किया है। वही निहारिका मिश्रा ने 90.1ः अंक हासिल किया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य उमाकांत मिश्र व समस्त शिक्षकों ने टॉप टेन छात्र छात्राओं को मिठाई खिलाकर उन्हे शुभ कामना देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना दी है। उक्त दोनो छात्र हाई स्कूल परीक्षा 2022 के जनपद के टॉप टेन मे शामिल रहे।

## ऑनलाइन व ऑफ लाइन दोनों तरह से किया जा सकता है आवेदन

सोनभद्र। जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने अवगत कराया है कि जिले के कृषकों की दुर्घटनावश मृत्यु/दिव्यांगता की स्थिति में मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के सफल एवं सुचारू रूप से क्रियान्वयन किये जाने के दृष्टिगत शासन द्वारा दिये गये निदेर्शानुसार योजना के अन्तर्गत ऑन लाइन आवेदन करने के लिये राजस्व परिषद की वेबसाइट पर बेबपोर्टल/साफ्टवेअर विकसित कराकर अपलोड कराया दिया गया है। पोर्टल लागू होने के बाद भी आवेदक के लिये ऑनलाइन एव ऑफ लाइन दोनों व्यवस्था लागू रहेगी। ऑफलाइन प्राप्त प्रार्थना पत्रों को कार्यालय द्वारा पोर्टल पर फीड कराकर समस्त अग्रेतर कार्यवाही ऑनलाइन ही किया जायेगा। उन्होंने बताया कि वेबपोर्टल/साफट्वेअर के संचालन संबंधी दिशा-निर्देश की पी०पी०टी० सभी लागिन में उपलब्ध करा दी गयी है। आवेदक द्वारा ओ०टी०पी०के माध्यम से लागिन किया जायेगा। जिलाधिकारी उप जिलाधिकारी तहसीलदार व नायब तहसीलदार विभागीय महत्वपूर्ण लागिन पासवर्ड से लागिन करेंगे, राजस्व निरीक्षक एवं लेखपाल वरासत लागिन पासवर्ड से ही लागिन करेंगें।

## पत्रावलियां गायब होने के मामले में दो राजस्व कर्मियों के विरुद्ध केस दर्ज

बलिया ।जिले के बैरिया तहसील के तहसीलदार अदालत की पत्रावलियां गायब होने के मामले में दो राजस्व कर्मियों के विरुद्ध नामजद मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी ।बैरिया थाने के प्रभारी धर्मवीर सिंह ने शनिवार को बताया कि बैरिया तहसील के तहसीलदार सुदर्शन कुमार की तहरीर पर तहसीलदार अदालत में कार्यरत दो कर्मियों ओम प्रकाश पटेल और मनोज कुमार के विरुद्ध नामजद मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने दर्ज प्राथमिकी का हवाला देते हुए बताया कि तहसीलदार अदालत की 85 पत्रावलियां गायब हो गई हैं। उन्होंने बताया कि उक्त पत्रावली अदालत के वाद की थी, जो किसी के द्वारा गायब करा दी गई हैं। उन्होंने बताया कि अदालत स्थित अलमारी की चाबी ओम प्रकाश पटेल और मनोज कुमार के पास रहती है। उन्होंने बताया कि पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## जेलों में बंद कैदियों ने 10वीं 12वीं परीक्षा उत्तीर्ण की

प्रयागराज। गाजियाबाद, आगरा, लखनऊकी जेलों सहित उत्तर प्रदेश की विभिन्न जेलों में बंद कैदियों ने उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की 10वीं और 12वीं की परीक्षा दी जिसमें से क्रमशः 97.80 प्रतिशत और 82.86 प्रतिशत कैदी उत्तीर्ण हुए। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने शनिवार को यहां यूपी बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम जारी किये जिसके मुताबिक, 10वीं कक्षा की परीक्षा में गाजियाबाद की जेल से 17, आगरा जेल से आठ, मथुरा जेल से छह, रामपुर जेल से पांच, बरेली जेल से नौ और लखनऊजेल से नौ कैदी परीक्षा में शामिल हुए और ये सभी उत्तीर्ण हुए। यूपी बोर्ड की विज्ञप्ति के मुताबिक, प्रदेश के 30 जनपदों की जेलों में बंद कुल 91 कैदी 10वीं की परीक्षा में शामिल हुए जिसमें 89 कैदी परीक्षा में उत्तीर्ण हुए। इस तरह 97.80 प्रतिशत कैदी उत्तीर्ण हुए। विज्ञप्ति के अनुसार, इसी तरह, 12वीं बोर्ड की परीक्षा में 105 कैदी शामिल हुए जिसमें से 87 उत्तीर्ण हुए और इस तरह 82.86 प्रतिशत कैदी उत्तीर्ण हुए। विज्ञप्ति के मुताबिक, 12वीं की परीक्षा में सबसे अधिक 21 कैदी गाजियाबाद से शामिल हुए जिसमें से 17 कैदी परीक्षा में उत्तीर्ण हुए। इसके अनुसार इसी तरह, बुलंदशहर की जेल से 11 कैदी परीक्षा में शामिल हुए और इसमें से 10 उत्तीर्ण हुए। विज्ञप्ति के अनुसार हरदोई जेल से परीक्षा में शामिल हुए सभी चार कैदी उत्तीर्ण हुए।

# विजयगढ़ दुर्ग पर 22 से दो दिवसीय हिंदू मेले का आयोजन

जिला संवाददाता(vol)

सोनभद्र। विजयगढ़ दुर्ग प्रबंधन समिति सोनभद्र की ओर से विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी विजयगढ़ दुर्ग पर 22 अप्रैल से दो दिवसीय विशाल हिंदू

- मेले में पहुंचेंगे भारी संख्या में श्रद्धालु, सुरक्षा का रहेगा पुख्ता इंतजाम
- धर्मसभा की बैठक के साथ ही होगा ध्वज पूजन, अखंड हरिकीर्तन, रासलीला, रामसरोवर आरती, सुंदरकांड पाठ, शिवचर्चा और विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम

मेले का आयोजन किया गया है। मेले में भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचेंगे, जिसकी वजह से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहेगा। इसमें धर्मसभा की बैठक के साथ ही अखंड हरिकीर्तन, रासलीला, श्री राम सरोवर आरती, हनुमान जन्मोत्सव, सुंदरकांड पाठ, शिवचर्चा और विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूज्य संत समर्थ स्वामी



रामदास जी महाराज बालासाड गुजरात, विशिष्ट अतिथि राजा विजयगढ़ चंद्र विक्रम पदम शरण शाह, विश्व हिंदू परिषद गोरक्षा प्रमुख माधाराम जी और सोनभद्र सदर विधायक भूपेश चैबे जी होंगे।

विशाल हिंदू मेला विजयगढ़ दुर्ग के संयोजक एडवोकेट रवि प्रकाश चैबे ने बताया कि सोनभद्र मुख्यालय से 18 किमी पूर्व दिशा में स्थित विजयगढ़ दुर्ग पर विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी 22 अप्रैल से दो दिवसीय विशाल हिंदू मेले का आयोजन किया गया है। जिसमें भरी संख्या में श्रद्धालु पहुंचेंगे। इसके मद्देनजर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूज्य संत समर्थ स्वामी श्री रामदास जी महाराज बलसाड़ गुजरात होंगे। इसके अलावा विशिष्ट अतिथि राजा विजयगढ़ चंद्र विक्रम पदम शरण शाह, विश्व हिंदू परिषद गोरक्षा प्रमुख मधराम जी एवं सोनभद्र के सदर विधायक भूपेश चैबे जी होंगे। उन्होंने यह भी बताया कि 22 अप्रैल को प्रातः 8 बजे ध्वज पूजन के साथ ही अखंड हरिकीर्तन शुरू होगी। इसके अलावा रात्रि में वृंदावन से आए कलाकारों द्वारा रासलीला प्रस्तुत की जाएगी। 23 अप्रैल को ब्रह्म मुहूर्त में हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाएगा। सायं तीन बजे हवन, सायं पांच बजे श्री राम सरोवर दीपदान आरती, सायं छह बजे धर्मसभा की बैठक, रात्रि 10 बजे प्रसाद वितरण और रात्रि साढ़े दस बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उन्होंने विजयगढ़ दुर्ग पर आयोजित विशाल हिंदू मेले में अधिक से अधिक संख्या में लोगों को पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

# संसाधनों की कमी से जूझ रहा अग्नि शमन केंद्र धौरहरा




जिला संवाददाता(vol)

धौरहरा खीरी। बाढ़ व कटान का दर्द झेल रहे धौरहरा वासियों के लिए गर्मी के महीने भी कम कष्टकारी नही होते है। जनपद खीरी की सबसे बड़ी तहसील होने के साथ साथ गांजर क्षेत्र होने के चलते यहाँ आए दिन कहीं न कहीं आग लगने की घटनाएं होती रहती है। फिर भी प्रशासन के पास यहाँ आग से बचाव करने के पर्याप्त संसाधन नहीं है।

बीते दिनों मे आग लगने से करीब सैकड़ो एकड़ फसल जलकर राख हो चुकी है और दर्जनों आशियाने भी खाक हो गए जिसमे लाखों की क्षति हुई है। आलम यह है कि तहसील धौरहरा क्षेत्र के तीन विकास खंड ईसानगर, रमियाबेहड़ व धौरहरा के 210 ग्राम सभाओं को बचाने के लिए अग्नि शमन केन्द्र पर सिर्फ दो ही वाहन उपलब्ध है उसमें से एक 1995 माडल व एक 2006 माडल की छोटी गाड़ी। फिर भी दो गाड़ियों का लाभ आग लगने पर नहीं लिया जा सकता क्योंकि चालक एक ही है। सेन्टर पर पानी भरने के पर्याप्त साधन भी उपलब्ध नहीं है। बिजली न होने पर यदि कहीं आग लगती है तो कर्मचारियों के हाथ पैर फूल जाते है। केन्द्र पर पर्याप्त मात्रा मे कर्मचारी भी उपलब्ध नहीं है। आलम यह है कि एक सप्ताह में ही धौरहरा तहसील क्षेत्र में कई अग्नि काण्ड की घटनाएं हो चुकी है। जिसमें लाखों रुपयों की छति हुई है। जबकि अधिकतर घटनाओं की जानकारी अग्निशमन को हो भी नहीं पाती है। अग्निशमन केन्द्र धौरहरा के प्रभारी असलम खां बताते है कि उनके पास जो भी सीमित साधन उपलब्ध है उनके द्वारा वह बेहतर करने का प्रयास कर रहे है पर एक जगह की घटना में चले जाने पर सेन्टर बिल्कुल खाली हो जाता है। कई बार माँग किए जाने के बाद भी वाहन और कर्मचारियों की बढ़ोतरी नहीं की जा सकी है। धौरहरा फायर स्टेशन पर 37 कर्मचारियों की जगह पर सिर्फ 10 कर्मचारी और 05 वाहन की जगह पर सिर्फ 02 वाहन उपलब्ध है।

संक्षेप

## बांस काटने के विवाद में मारपीट को लेकर केस

**प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने बांस काटने के विवाद में पीड़ित की पिटाई को लेकर चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के शिवगढ़ मितई गांव निवासी मोहम्मद सलीम के पुत्र मोहम्मद ईशा ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि बीती अट्ठारह अप्रैल को शाम सात बजे आरोपी उसके दरवाजे आ धमके। आरोपियों ने गाली देते हुए मारपीट शुरू कर दी। पीड़ित घर में घुसकर जान बचाना चाहा तो आरोपी घर में भी मारपीट करने लगे। शोर मचाने पर आरोपी गांव के हबीब के पुत्र खालिक, खालिक के पुत्र इमरान तथा रसीद के पुत्र समीर व खालिक की पुत्री अबरीन ने घरेलू सामान तोड़कर नष्ट कर दिया। मारपीट में पीड़ित की मां किस्मतुल को भी चोटे आयी हैं। आरोपियों ने शिकायत करने पर पीड़ित को जानलेवा धमकी दी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी खालिक समेत चार के खिलाफ शुक्रवार की रात गम्भीर धाराओं में केस दर्ज किया है।

## नगर अध्यक्ष की नयी कार्यकारिणी गठित

**भरथना, इटावा।** सपा के नगर अध्यक्ष राजीव तिवारी ने नवीन कार्यकारिणी का गठन किया। विभिन्न पदों के अ50 नवनियुक्त पदाधिकारियों की घोषणा की। वार्ता के दौरान नगर अध्यक्ष राजीव तिवारी ने बताया कि उनके द्वारा गठित की गई नवीन कार्यकारिणी में राजकुमार भारती को महासचिव, राजेश गुप्ता को कोषाध्यक्ष, रोहित यादव व मो. वकील लारा को उपाध्यक्ष, सौरभ यादव को सचिव सहित 43 पदाधिकारियों को उपाध्यक्ष, प्रवक्ता, सचिव, सदस्य के पदों पर मनोनीत किया गया है। साथ ही सेक्टर प्रभारी, बूथ अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारियों को भी उनके-उनके पदीय दायित्वों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं उन्होंने बताया कि रविवार को कस्बा के सिन्धी कालोनी स्थित सिन्धी धर्मशाला में पार्टी के इटावा संसदीय सीट के उम्मीदवार जितेन्द्र दोहरे के चुनाव पार्टी कार्यालय का शुभारम्भ जिला पंचायत अध्यक्ष अभिषेक यादव अंशुल करेगें।

## करंट से बच्चा झुलसा

**ऊसराहार, इटावा।** हाईटेंशन लाइन से घर में करेट उतरने से बच्चा झुलस गया घर के ऊपर से गुजर रही लाइन से हादसा हुआ है। जर्जर हाईटेंशन लाइनें लोगों के लिए बढती गर्मियों में मुसीबतें बढा रही जिससे आये दिन हादसे हो रहे हैं, वहीं विभाग हाथ पर हाथ रखे बैठा है और बडे हादसे का इंतजार कर रहा है। मामला ब्लॉक क्षेत्र के कुदरैल गांव में शुक्रवार को राकेश बाल्मीकि के घर के ऊपर से गुजरी हाईटेंशन लाइन के करंट की चपेट में आने से आठ बर्षीय रुद्र बुरी तरह से झुलस गया। बताते चलें पीडित परिवार ने मेहनत मजदूरी से मकान बनवा लिया लेकिन छत नहीं बनवा सका, उसकी जगह टीनसेड डालकर गुजर कर रहा है जिसके ऊपर से हाईटेंशन लाइन निकली हुई है, शुक्रवार को घर के बाहर खेल रहे बच्चे ने लोहे के गेट को खोला तो करंट की चपेट में आ गया जिससे बुरी तरह झुलस गया, परिजनों ने कडी मशक्कत से बच्चे को करंट से बचाया और उपचार के लिए निजी अस्पताल ले गये जहां घायल का इलाज हो रहा है।

# आखिरी दिन गाजेबाजे के साथ वकीलों ने पेश की दावेदारी

### अध्यक्ष पद पर 8व महामंत्री पद पर 5 प्रत्याशियों के बीच होगा मुकाबला



**प्रतापगढ़।** संयुक्त अधिवक्ता संघ के चुनाव में मतदान के अखिरी दिन प्रत्याशियों द्वारा नामांकन को लेकर चुनाव समिति के कार्यालय के समक्ष धूम मची दिखी। गाजेबाजे के साथ प्रत्याशियों ने समर्थकों के उत्साह भरे माहौल में चुनाव समिति के अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल के समक्ष अपने अपने नामांकन पत्र दाखिल किये। अध्यक्ष पद पर शनिवार को राजेश चन्द्र तिवारी, घनश्याम मिश्र तथा विजय कुमार तिवारी ने नामांकन पत्र दाखिल किया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर शैलेन्द्र चतुर्वेदी, अबरार अहमद, विभाकर नाथ शुक्ल तथा उपाध्यक्ष पद पर बालेन्द्र कुमार त्रिपाठी, आशीष कुमार त्रिपाठी एवं विनय कुमार जायसवाल ने नामांकन पत्र दाखिल किया। महामंत्री पद पर संजीव कुमार तिवारी, महेश कुमार पटेल, अरविन्द पाण्डेय तपन ने अपने नामांकन पत्र प्रस्तुत किए। सहमंत्री पद पर वेद व्रत त्रिपाठी व पंकज त्रिपाठी तथा प्रचार मंत्री पद पर विनोद कुमार शर्मा ने नामांकन पत्र दाखिल किया। सदस्य कार्यकारिणी पद पर सतीश पाण्डेय, आशुतोष द्विवेदी तथा दानिस ने नामांकन पत्र दाखिल किया। अध्यक्ष पद पर अब आठ प्रत्याशी तथा महामंत्री पद पर पांच प्रत्याशियों के बीच मुकाबला होगा। चुनाव समिति के महामंत्री देवी प्रसाद मिश्र ने बताया कि नामांकन पत्रों की जांच दिनांक बाइस अप्रैल तथा तेईस अप्रैल को नाम वापसी की प्रक्रिया संचालित होगी। नामांकन प्रक्रिया की देखरेख में राममोहन सिंह, वीरेन्द्र सिंह अगई, शिवाकान्त उपाध्याय, अजय शुक्ल गुड्डू, कालिका प्रसाद पाण्डेय, राधा रमण शुक्ल, टीपी यादव को जुटे देखा गया। नामांकन प्रक्रिया के आखिरी दिन दिन भर तहसील परिसर में चुनावी गहमागहमी का माहौल दिखा।

## महिला ने खाया जहर

**इकदिल, इटावा।** गृहक्लेश से परेशान होकर एक महिला ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। थाना क्षेत्र के गांव देसरमऊ के रहने वाले दिलशाद की (28) साल की पत्नी नजमा ने शुक्रवार देर रात को गृहक्लेश से तंग आकर जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन लोग उसे एम्बुलेंस से बेहोशी की हालत में जिला अस्पताल ले गए।

# एलपीजी गैस के सुरक्षा उपाय बताये

**इटावा।** एलपीजी इंडेन के नोडल अधिकारी कौशल कुमार ने जनपद के समस्त डिलीवरी मेन को एलपीजी वितरण हेतु सुरक्षित उपाय बताये। इस अवसर पर कौशल कुमार ने बताया कि सुरक्षा इण्डियन ऑयल के डीएनए में है इस बात को ध्यान रखते हुये सभी डिलीवरी मेन जब भी एलपीजी उपभोक्ताओं को गैस डिलीवरी करे तो सर्वप्रथम सुरक्षा नियमों का जरूर पालन करें, जैसे, लीक चैक, हौज पाइप चैक एवं सभी सुरक्षा के आवश्यक मानकों को पूरा करें तब ही उपभोक्ताओं को रिफील प्रदान करें व एलपीजी आपातकालीन नम्बर 1906 की भी जानकारी उपभोक्ताओं को अवश्य ही प्रदान करें। इण्डियन ऑयल अपने उपभोक्ताओं की सुरक्षा को ही प्राथमिकता देती हैं। इण्डियन ऑयल ने अपने उपभोक्ताओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुये फैसला लिया है जो सुरक्षा पाइप अभी तक 190 रुपए की प्रदान की जाती थी उसमें भारी मात्रा में छूट प्रदान करते हुये अब उपभोक्ताओं को मात्र 150 रुपए की ही मिलेंगी। कौशल कुमार जी ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि जिन लोगो की सुरक्षा पाइप की अवधि पाँच वर्ष पूर्ण हो गयी हो वो तत्काल अपने डिलीवरी मैन से या इण्डेन गैस एजेंसी से सुरक्षा पाइप मात्र 150 रुपए देकर बदलवाए क्यूँकि अधिकांश एलपीजी दुर्घटनाओं में सुरक्षा पाइप का ही चटकना, लीकेज, या मानकविहीन सुरक्षा पाइप का होना ही पाया जाता हैं। एवं गैस लीकेज, या रिसाव की गन्ध आने पर तत्काल आपातकालीन नम्बर 1906 को डायल कर गैस रिसाव सम्बन्धित समस्या की शिकायत दर्ज कराए। उपभोक्ताओं की सुरक्षा ही इण्डियन ऑयल की प्राथमिकता है। इस अवसर पर तरनपाल सिंह लक्ष्मी गैस एजेंसी, रविन्द्र यादव सैफई इंडेन, उद्देश्य प्रकाश इकदिल इंडेन, वरुण पाण्डेय चकरनगर इंडेन, आशीष चैधरी इटावा गैस, अखिलेश कुमार जसोहन इंडेन आदि जनपद के समस्त इंडेन गैस एजेंसी संचालक अपने डिलीवरी मैन के साथ मौजूद रहे।

## सफाई निरीक्षकों के तबादले

**इटावा।** नगर पालिका अध्यक्ष के आदेशानुसार दो सफाई निरीक्षकों के कार्यक्षेत्र बदले गए। नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति सन्टू गुप्ता ने सफाई एवं खाद्य निरीक्षक आनंद कुमार के स्वास्थ्य को देखते हुए कार्यालय से सम्बन्ध किया वह कार्यालय का संबंधित कार्य बैठक आदि का कार्य देखेंगे वहीं सफाई एवं खाद्य निरीक्षक नत्थीलाल सफाई निरीक्षक आनंद कुमार के क्षेत्र का सफाई आदि व अन्य कार्य देखेंगे।

# प्रभात फेरी निकाल जन-जन तक पहुंचाया भगवान महावीर का संदेश



**इटावा।** भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के दूसरे दिन प्रातः 7 बजे नगर के सड़कों पर प्रभात फेरी निकालकर भगवान महावीर का संदेश जिओ और जीने दो, आपस में मैत्री भाव रखना जन-जन तक पहुंचाया। प्रभात फेरी जैन मंदिर डांडा से प्रारम्भ होकर नगर के स्थित मंदिर का भ्रमण करते हुए वाह अड्डा पर समाप्त हुई। संयोजक जितेन्द्र जैन हैप्पी एवं वैभव जैन ने बताया कि प्रभात फेरी में सबसे आगे जैन भजनों एवं पचरंगा ध्वजो से सजा हुआ वाहन चल रहा था। इसके पीछे युवा वर्ग अपने हाथों एवं वाहनों पर जैन ध्वज लगाकर जिओ और जीने दो का संदेश जन-जन तक पहुंचा रहे थे। प्रभात फेरी, छैराहा, पचराहा, सरायशेख, तिकोनिया, नौरंगाबाद, साबितगंज चैराहा, कटरा, मकसूदपुरा, गाड़ीपुरा, लालपुरा, महावीर मार्ग, राजागंज चैराहा होते हुए वाह अड्डा स्थित जैन मंदिर पर समाप्त हुई। जहां विधान प्रतिष्ठाचार्य पं. अजित जी अलवर राजस्थान द्वारा पंच परमेष्ठी पूजन विधान सम्पन्न कराया। शाम 7 बजे सपना उत्सव गार्डन में गर्भ कल्याणक एवं भव्य सांस्कृति कार्यक्रम महिला मण्डल द्वारा प्रस्तुत किये गये। प्रभात फेरी में अध्यक्ष प्रदीप जैन, महामंत्री अरूण जैन, शुभम जैन, रोविन जैन, शेखर जैन, रीतेश जैन, शैलेन्द्र जैन, वैभव, कल्लू, अंकित, अवनीत, जैकी, सुनील, पंकज, प्रभास, आकाश, अर्पित, स्पर्श, अक्षत, विकास, श्रवण कुमार सहित एक सैकड़ा से अधिक युवावर्ग उपस्थित रहा। मीडिया प्रभारी नितिन जैन ने बताया कि भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के तहत भव्य शोभायात्रा आज निकाली जायेगी। जिसमें प्रातः 7.30 बजे जिनेनद्र अभिषेक एवं नित्य पूजन के पश्चात 9 बजे भगवान महावीर जन्म कल्याणक महामहोत्सव की शोभायात्रा बाह अड्डा से प्रारम्भ होकर शहर में भ्रमण करेगी। जिसमें मुख्य आकर्षण विश्व प्रसिद्ध कलाकार राजश्री भागवत पुणे महाराष्ट्र द्वारा नगर के मुख्य मार्गो पर रंगोली का प्रदर्शन सहित एक दर्जन से अधिक झांकियां आकर्षण का केन्द्र रहेगी। शोभायात्रा का समापन शोरावाल इण्टर कालेज पर होगा। शाम 6.30 बजे से भगवान महावीर का पालन एवं जिनेन्द्र भक्ति के बाद रंगारंगा सांस्कृतिक कार्यक्रम सतेन्द्र शर्मा एण्ड पार्टी द्वारा प्रस्तुत किये जायेगे।

## डीईओ ने ईवीएम गोदाम का किया निरीक्षण

**रायबरेली।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की तैयारी हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने कलेक्ट्रेट परिसर में बने वीवीपैट वेयरहाउस में ईवीएम हॉल को जनपद के राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में निरीक्षण किया गया तथा ईवीएम तथा वीवीपैट की विस्तार से जानकारी संबंधित अधिकारियों से ली। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को बताया कि जनपद की विधानसभा वार ईवीएम व वीवीपैट मशीनों को मतदान केन्द्रों के लिए नियमानुसार रखा जाएगा। जिससे कि मतदान वाले दिन किसी प्रकार की असुविधा न हो। जिला निर्वाचन अधिकारी ने ईवीएम/वीवीपैट गोदाम की सुरक्षा, लाग बुक, सीसीटीवी कैमरा आदि के बारे में जानकारी भी ली। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी, अपर जिलाधिकारी न्यायिक, सहित जिला निर्वाचन कार्यालय के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बालक के अपहरण व हत्यारोपी गिरफ्तार



**इटावा।** 24 घंटे में नावालिक बालक का अपहरण कर उसकी हत्या करने वाले अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार। कब्जे से छुरा किया गया बरामद। 15 अप्रैल को वादी मुलायम सिंह पुत्र मुन्शीलाल निवासी ग्राम सिरसा की मडैया थाना जसवन्तनगर द्वारा थाना जसवन्तनगर पर अपने 8 वर्षीय नाबालिक पुत्र ओमजी उर्फ लकडो के गुम हो जाने के सम्बन्ध में लिखित तहरीरी सूचना दी गयी सूचना पर तत्काल थाना जसवन्तनगर पर मुकदमा दर्ज किया गया। एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि शुक्रवार को थाना जसवन्तनगर पुलिस थाना क्षेत्रान्तर्गत भ्रमणशील थी इसी दौरान आपराधिक अभिसूचना प्राप्त हुयी कि बालक का मृत शरीर ग्राम सिरसा की मढ़ैया के पास बीहड़ जंगल में पड़ा है सूचना पर थाना जसवन्तनगर पुलिस द्वारा मौके पर जाकर देखा गया। वादी मुलायम सिंह को मौके पर बुलाया गया तो उन्होंने बालक की पहचान ओमजी उर्फ लकडो के रूप में की इसी के सम्बन्ध में थाना जसवन्तनगर पर मामला दर्ज किया गया। अभियुक्त लवकुश पुत्र हजूरी सिंह का नाम वादी की तहरीर, विवेचना से प्रकाश में आया जिसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम प्रयासरत थी। शनिवार को प्राप्त आपराधिक अभिसूचना के आधार पर अभियुक्त लवकुश पुत्र हजूरी सिंह को ग्राम किरतपुर के सामने कचैराघाट के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस टीम में निरीक्षक कपिल दुबे प्रभारी थाना जसवन्तनगर रहे।

# याद किये गये स्वामी महावीर

**रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला, में जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर स्वामी महावीर की जयंती श्रद्धा-भाव के साथ मनाई गई। विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में सर्वप्रथम प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने स्वामी महावीर के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए उन्हें श्रद्धा-सुमन समर्पित किए। तत्पश्चात विद्यार्थियों द्वारा एक लघु नाटिका भी प्रस्तुत की गयी। जिसके माध्यम से महावीर स्वामी के पंचकर्मों सत्य, अहिंसा, ब्रम्हचर्य, अपरिग्रह, और अस्तेय का संदेश दिया गया। लघुनाटिका में भगवान् महावीर के रूप में युगांक और जैन धर्मावलंबियों के रूप में वेदांत, आशीष दीक्षित, वेदांत, आदित्य, वेदांत, सूर्यांश की प्रस्तुति ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में विद्यालय की छात्रा कृतिका और वासिफा ने 24 वें जैन तीर्थांकर वर्धमान महावीर के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इन्होंने सदैव सत्य, अहिंसा के पथ पर चलते हुए मधुर वाणी बोलने का उपदेश समाज को दिया। माना जाता है कि तीर्थांकर वर्धमान ने कठोर तप के द्वारा अपनी समस्त इन्द्रियों पर विजय प्राप्त किया और विजेता कहलाये।उनका कठिन तप पराक्रम के समान माना गया जिसके कारण उन्हें महावीर कहा गया। कार्यक्रम के अन्त में प्रधानाचार्य ने अपने सम्बोधन में कहा कि महावीर स्वामी का मानना था कि जो कार्य अपने लिए अच्छा न लगे ऐसे किसी भी कार्य को दूसरों के लिए नहीं करना चाहिए, उनके विचार थे कि वैराग्य संसार से नहीं मन से होना चाहिए। ऐसे महापुरुषों की जीवन शैली से हमें प्रेरणा लेते हुए सदैव उनके द्वारा बताए गए मार्ग का अपने जीवन में अनुसरण करना चाहिए। साथ ही उन्होंने उपस्थित समस्त विद्यार्थियों से अपेक्षा की, कि वे सभी सत्य के मार्ग पर चलें।

## हाईस्कूल में अर्पित ने प्रदेश में तीसरा स्थान हासिल कर लहराया सफलता का परचम



**प्रतापगढ़।** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल परीक्षा में लालगंज तहसील क्षेत्र के मेधावी ने प्रदेश में तीसरा स्थान हासिल कर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। सांगीपुर क्षेत्र के भगतपुर निवासी अश्वनी तिवारी का पुत्र अर्पित तिवारी सांगीपुर के सराय दलपत इण्टर कालेज में हाईस्कूल का छात्र है। अर्पित ने यूपी बोर्ड की हाईस्कूल परीक्षा में प्रदेश में तीसरा तथा जिले में प्रथम स्थान हासिल कर सफलता का परचम लहराया है। अर्पित के पिता अश्वनी तिवारी सराय दलपत के इंटर कालेज में ही अंग्रेजी प्रवक्ता हैं। माता रीना तिवारी गृहणी हैं। अर्पित की सफलता से घर परिवार तथा गांव में खुशी छा गयी है। मेधावी अर्पित का सपना है कि वह एनडीए के जरिए देश की सेवा कर सके।

## श्री राम के रूप में हम सबके आदर्श, लक्ष्मण के रूप में रहूंगा साथ : विनीत शारदा

**मेरठ।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक विनीत अग्रवाल शारदा के मेरठ स्थित अंसल सुशांत सिटी निवास पर भाजपा मेरठ -हापुड लोकसभा के प्रत्याशी अरुण गोविल विनीत शारदा से मिलने पहुंचे। विनीत शारदा के साथ उनकी धर्मपत्नी श्रीमती संगीता अग्रवाल शारदा, बेटा चिराग अग्रवाल शारदा, बहु सुहानी अग्रवाल शारदा सहित पूरे परिवार ने अरुण गोविल का फूल बरसाकर, तिलक लगाकर, सोल उठाकर, चांदी का मुकुट पहनाया, एवं श्री राम जी का मंदिर भेंट कर जोरदार स्वागत किया। भाजपा नेता शारदा ने भाजपा प्रत्याशी अरुण गोविल को विश्वास दिलाते हुए कहा जो मैंने कहा है मैं उसपर वचनबद्ध हूं। भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व एवं देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने आपको मेरठ-- हापुड लोकसभा का प्रत्याशी बनाया है आप श्री राम के रूप में हम सबके आदर्श हैं वही मैं लक्ष्मण के रूप में तन, मन, धन से आपके साथ रहूंगा, हमें पूर्ण विश्वास है जीत श्री राम और सत्य की होगी।

## चार आरोपियों के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट व तोड़फोड़ का मुकदमा

**प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट तथा गालीगलौज एवं धमकी व तोड़फोड़ का केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के दीना सिंह का पुरवा निवासी रामदास के पुत्र अर्जुन कोरी ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि सत्रह अप्रैल को गांव के रामसेवक पुत्र ननकू, नीरज व कुलदीप तथा अमरजीत एक राय होकर दरवाजे पर आ धमके। आरोपियों ने पीड़ित को गाली देते हुए मारापीटा है। शोर मचाते पीड़ित घर में घुस गया तो आरोपी वहां भी पहुंचकर उसे मारपीटकर चुटहिल कर दिए। आरोपियों ने पीड़ित की दीवाल गिरा दी तथा घरेलू सामान तोड़फोड़ कर नुकसान पहुंचाया। लोगों को जुटता देख आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गए। तहरीर के आधार पर पुलिस ने शुक्रवार की रात आरोपी रामसेवक समेत चार के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## राहुल व अखिलेश ने विधायक मोना को दी जन्मदिन की बधाई, समर्थकों के खिले चेहरे

**प्रतापगढ़।** लोकसभा चुनाव प्रचार अभियान के तहत शनिवार को राहुल गांधी द्वारा क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना को जन्मदिन पर बधाई देने की जानकारी मिलने पर यहां कांग्रेसियों के चेहरे खिल उठे दिखे। कार्यकताओं का उत्साह आराधना मिश्रा मोना को राहुल गांधी के साथ सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव द्वारा भी गठबंधन के मंच पर बधाई देने को लेकर और भी बढ़ गया नजर आया। शनिवार को अमरोहा में इण्डिया गठबंधन की रैली में मंच पर जैसे ही प्रदेश कांग्रेस विधान मण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना पर राहुल गांधी की नजर पड़ी वह उन्हें जन्मदिन की बधाई देने लगे। राहुल गांधी आराधना मिश्रा मोना की ओर मुखातिब होते हुए उनका यह कहकर हौसला बढ़ाया कि जन्मदिन पर भी वह गठबंधन की मजबूती को लेकर रैली में मौजूद हैं। वहीं मंच पर ही सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भी विधायक मोना को जन्मदिन पर बधाई दी। दोपहर बाद जानकारी यहां कांग्रेस कार्यकताओं को हुई तो कैम्प कार्यालय पर विधायक मोना का जन्मदिन मना रहे कार्यकताओं के चेहरे खिल उठे दिखे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल के हवाले से यहां दी गयी है।

## भागवत कथा जीवन जीने की युक्ति बताती है : आचार्य देवव्रत महराज




**प्रतापगढ़।** क्षेत्र के मादामई के पूरे दुबान में हो रही भागवत कथा में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी दिखी। कथा व्यास आचार्य देवव्रत महराज ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा का महात्म अकथनीय है। उन्होंने बताया कि भगवान की जितनी ही कृपा होती है उतना ही वाणी से प्रस्फुटित होता है। देवव्रत जी ने कहा कि यह कथा जीवन जीने की युक्ति बताती है। उन्होंने भक्तों को बताया की हर मानव को एक आधार की जरूरत है। आचार्य ने श्रद्धालुओं को समझाया कि यह कथा अमर ग्रन्थ है व जीवन का मुक्ति का मार्ग है। कथा के दौरान जिले के भाजपा सांसद संगम लाल गुप्ता ने भी व्यास पीठ से आशीर्वाद लिया। इस मौके पर नेता अभिषेक मिश्र, कुलवंत सिंह, नागेश प्रताप सिंह, बनलू नेता, सुरेश सिंह, देवेंद्र मिश्र गट्टे महराज, धीरज सिंह, रोहित सिंह भी व्यासपीठ का पूजन अर्चन करते दिखे। कथा के संयोजक प्रदीप गुप्ता ने व्यासपीठ का पूजन किया। श्रद्धालुओं का स्वागत आचार्य शास्वत एवं संजय शुक्ला ने किया।

## कस्बे दो इलाकों में लगी आग, तीन बकरियां मरी

**बकेवर, इटावा।** बकेवर व लवेदी क्षेत्र में शनिवार को दो जगह अज्ञात कारणों से आग लग गई एक स्थान पर आग से तीन बकरियां जलकर मर गई वहीं दूसरी जगह गांव के किनारे जंगल में आग लगी थी। फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने पहुंचकर आग पर काबू पा लिया। लवेदी थाना क्षेत्र के ग्राम धर्मपुरा में अचानक पशु बाड़े में लगी आग से तीन बकरियां जलकर मर गयी। बीस कुंतल भूसा जल गया। लवेदी थाना क्षेत्र के ग्राम धर्मपुरा में अचानक दोपहर साढ़े बारह बजे गोविन्द प्रसाद पुत्र गयादीन के पशु बाड़े में अज्ञात कारणों से अचानक आग लग गयी। आग की जानकारी होने पर ग्रामीण मिलकर आग बुझाने में जुट गए। लेकिन जब तक आग बुझा पाते तब तक पशुबाड़े में बंधे दो बकरा, एक बकरी जलकर मर गये। इसके अलावा बाड़े में भरा 20 कुंतल भूसा, 4 चारपाई व बाड़े का छप्पर, जलकर नष्ट हो गया। आग लगने कि सूचना मिलते ही ग्राम प्रधान पिंटू राजपूत, मलखान सिंह, सुभाष, पवन कुमार, देवेंद्र कुमार पचायत सहायक दीपू आदि सहित ग्राम वासियों ने पानी डालकर आग को बुझाया जिससे आग पर काबू पा लिया नहीं तों गांव में बढ़ा हादसा हो जाता। इसके अलाबा बकेवर थाना क्षेत्र के अजीतमल बॉर्डर क्षेत्र से सटे गांव मड़ैया अहिरान में गांव के किनारे बीहड़ में आग अज्ञात कारणों से आग लग गयी। आग की सूचना पर चकरनगर क्षेत्र की फायरब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुँची तथा आग जब तक खेतों में पहुंचती तब तक आग को फायरब्रिगेड व ग्रामीणों ने मिलकर काबू पा लिया। फायरब्रिगेड के एसआई सुभाष आर्या ने बताया कि मड़ैया अहिरान में आग गांव के किनारे जंगल में लगी थी जिसे बुझा लिया गया। किसी का नुकसान नही हुआ।

# विधायक के जन्मदिन पर सशक्तीकरण का लिया गया संकल्प







**प्रतापगढ़।** नारी सशक्तीकरण के मिशन के साथ क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना के जन्मदिन पर समर्थकों ने मतदाता जागरूकता का भी अभियान चलाने का संकल्प लिया। बाबा घुइसरनाथ धाम में शनिवार को विधायक आराधना मिश्रा मोना के जन्मदिन पर नारी सशक्तीकरण सम्मान-2024 का भी आयोजन हुआ। कार्यक्रम में महिलाओं को विविध क्षेत्रों मे सशक्तीकरण के योगदान के लिए सम्मानित किया गया। वहीं बाबा धाम में आयोजको द्वारा विधायक मोना के जन्मदिन पर हवन पूजन कर दीर्घजीवन की कामना की गयी। बाबा धाम में विधायक के समर्थकों ने मंदिर परिसर से लेकर सई घाट तक स्वच्छता अभियान भी चलाया। कार्यक्रम में विधायक के जन्मदिन पर बतौर मुख्यअतिथि रामपुर संग्रामगढ़ की पूर्व ब्लाक प्रमुख पुष्पा देवी ने कहा कि विधायक मोना ने अपने कुशल नेतृत्व में जनसेवा का उच्च आदर्श समाज और देश प्रदेश में रखते हुए जनप्रतिनिधि के गौरव को बढ़ाया है। अध्यक्षता करते हुए माध्यमिक शिक्षक संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष भगवती प्रसाद तिवारी ने विधायक मोना के अनेक गुणों की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में नारी सशक्तीकरण को दिशा मिली है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पुष्पादेवी व सांगीपुर ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह बबलू तथा लालगंज प्रमुख इं0 अमित प्रताप सिंह पंकज एवं चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने सशक्तीकरण के तहत महिलाओं को शॉल एवं पुष्पगुच्छ व सम्मान पत्र सौंपकर सम्मानित किया। आयोजन के दौरान बडी संख्या मे मौजूद लोगों के साथ कार्यकताओं ने केक काटकर विधायक मोना के जन्मदिन पर एक दूसरे का मुंह मीठा कराया। कार्यक्रम में ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह बबलू व लालगंज प्रमुख अमित सिंह पंकज तथा चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम का संयोजन अधिवक्ता शैलेन्द्र मिश्र तथा संचालन मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया। यहां वक्ताओं ने विधायक मोना के विधायी गुणों, महिलाओं को सशक्तीकरण के क्षेत्र में हाल ही में दस समूहो को डा0 अलका नारी शक्ति केन्द्र के जरिए सकारात्मक प्रोत्साहन तथा प्रगतिशील नेतृत्व में सर्वश्रेष्ठता आदि गुणों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में लगातार विधानसभा में तीन बार प्रतिनिधित्व को लेकर विधायक के जनता के विश्वास को समृद्धिशाली ढांचा प्रदान करने मे उत्कृष्ट जनसेवा की सराहना हुई। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य रघुनाथ सरोज तथा जिला पंचायत सदस्य लालजी यादव व पूर्व प्रमुख द्दगपाल यादव एवं के0डी0 मिश्रा तथा पूर्व प्रमुख रामकृपाल सरोज एवं जिला पंचायत सदस्य रघुनाथ सरोज तथा संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश एवं उपाध्यक्ष लाल विनोद प्रताप सिंह व प्राचार्य डॉ0 अमिताभ शुक्ल ने भी विधायक मोना के सार्वजनिक क्षेत्र में विविध योगदानों की सराहना की। विधायक के जन्मदिन पर त्रिभू तिवारी, गिरिजाशंकर पाण्डेय आदि ने सांगीपुर सीएचसी में मरीजों तथा तीमारदारों को फल वितरित किया। लालगंज तहसील स्थित बार एसोशिएसन के शेड मे भी अधिवक्ता गीता सिंह के संयोजन में विधायक मोना का जन्मदिन मनाया गया। यहां पूर्व अध्यक्ष देवी प्रसाद मिश्र, अजय शुक्ल गुड्डू, संतोष पाण्डेय, ज्ञानप्रकाश वर्मा, शैलेन्द्र सिंह बघेल आदि अधिवक्ताओं को विधि के क्षेत्र मे भी योगदान के लिए माल्यार्पण कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में सुधाकर पांडेय, पप्पू तिवारी, आशुतोष मिश्र, रामबोध शुक्ल, अभिनव शुक्ला, भूपेन्द्र काजू, यादवेन्द्र तिवारी, राजू मिश्र, छोटे लाल सरोज, अतुल शुक्ल, अमर बेदर्दी, दीपक मिश्र, राजू पाण्डेय, आशीष तिवारी, शिवम पाण्डेय, प्रीतेन्द्र ओझा, महेन्द्र तिवारी, मंदाकिनी तिवारी, दिनेश सिंह, माता शुक्ला, राकेश चतुवेर्दी आदि रहे। विधायक के कैम्प कार्यालय पर भी कार्यकर्ताओं ने विधायक के जन्मदिन पर केक काटकर खुशियां मनायी।

● **शतायु की कामना को लेकर मरीजों को हुआ फल वितरण, केक काटकर मनायी गयीं खुशियां**

# लोकसभा चुनाव में बदलाव चाहता है भारत

## केंद्र लोकतांत्रिक प्रक्रिया को दरकिनार कर कानून बना रहा : प्रियंका गांधी

एजेंसी

त्रिशूर (केरल)। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाद्रा ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर शनिवार को आरोप लगाया कि वह लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को दरकिनार कर कानून ला रही है और उन्हें लोगों की इच्छा के विरुद्ध उन पर लागू कर रही है। कांग्रेस नेता ने यह भी आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी महिलाओं के अधिकारों के लिए लड़ने का दावा कर रहे हैं, लेकिन उनकी सरकार बलात्कारियों को बचा रही है।

उन्होंने दावा किया कि नीतियां प्रधानमंत्री के एकाधिकारी मित्रों को लाभ पहुंचाने के लिए बनाई जा रही हैं, जबकि जनता को बेरोजगारी और गरीबी की ओर धकेला जा रहा है। प्रियंका ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री के लोग भारत के उस संविधान को बदलने की बात बड़े अभिमान से करते हैं, जो हमारे स्वतंत्रता सेनानियों और शहीदों के खून से लिखा गया। उन्होंने चालकुडी लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार बेन्नी बेहनन



के लिए प्रचार करते हुए कहा, वे (भाजपा) भारत के संविधान को अपने लालच और महत्वाकांक्षा का साधन मानते हैं, जैसे कि यह कोई कागज का टुकड़ा हो। प्रियंका ने कहा कि जब वह भारत के संस्थापक सिद्धांतों के तबाही के कगार पर होने की बात करती हैं, तो कुछ लोग उनसे कहते हैं कि नया भारत बन रहा है। उन्होंने कहा, हमें जिस नए भारत के बारे में बताया जा रहा है, वह ऐसा भारत है जहां ताकत, सच्चाई पर हावी रहती है, लोकतांत्रिक प्रक्रिया को दरकिनार कर कानून बनाए जाते हैं और इन्हें लोगों पर उनकी इच्छा के विरुद्ध लागू किया जाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस नए भारत में सत्ता में बैठे लोग महिलाओं को बताते हैं कि क्या पहनना है, वे ऐसे कानूनों का प्रचार करते हैं, जो महिलाओं की गतिविधियों को पुलिस में दर्ज कराने की बात करते हैं और वे यह तय करने का अधिकार होने का दावा करते हैं कि महिलाएं किससे प्रेम कर सकती हैं और किससे शादी कर सकती हैं।

प्रियंका ने कहा, सरकार बलात्कारियों की रक्षा करती है और महिलाओं का उत्पीड़न करने वालों का बचाव करती है, वे उत्पीड़न की पीड़िताओं के चरित्र पर सवाल उठाकर अपने प्रशासन की पूरी ताकत का उपयोग करके जघन्य अपराधों की पीड़िताओं को बदनाम करते हैं।

# समाज में प्रेम, सद्भावना फैलाने का ले संकल्प : राष्ट्रपति मुर्मू



नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को देशवासियों को महावीर जयंती की शुभकामनाएं दीं और लोगों से समाज में प्रेम एवं सद्भावना फैलाने का संकल्प लेने को कहा। मुर्मू ने कहा, यह पर्व हमें प्रेम एवं शांति का संदेश देता है। भगवान महावीर ने एक आदर्श और सभ्य समाज के निर्माण के लिए अहिंसा, ब्रह्मचर्य, सत्य और त्याग का रास्ता दिखाया। राष्ट्रपति ने महावीर जयंती की पूर्व संध्या पर कहा कि उनकी शिक्षाएं मानव कल्याण के लिए हमेशा प्रासंगिक बनी रहेंगी। मुर्मू ने कहा, इस अवसर पर, आइए हम समाज में प्रेम और सद्भावना फैलाने का संकल्प लें और राष्ट्र के विकास के लिए समर्पण के साथ काम करें। उन्होंने अपने संदेश में कहा, महावीर जयंती के पावन अवसर पर, मैं देशवासियों और विशेष रूप से जैन समुदाय को शुभकामनाएं देती हूं।

**ओडिशा में नाव दुर्घटना में लोगों की मौत के बारे में जानकर व्यथित हूं: राष्ट्रपति मुर्मू**

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को कहा कि वह ओडिशा में एक नाव दुर्घटना में लोगों की मौत के बारे में जानकर व्यथित हैं और उन्होंने शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। एक अधिकारी ने बताया कि ओडिशा के झारसुगुड़ा जिले में महानदी से पांच और शव मिलने के साथ ही नौका पलटने की घटना में मारे गए लोगों की संख्या शनिवार को बढ़कर सात हो गई। यह हादसा तब हुआ जब लगभग 50 लोग ओडिशा के बारगढ़ जिले के पथरसेनी कुडा स्थित मंदिर के दर्शन करने के बाद नौका से लौट रहे थे। नाव झारसुगुड़ा जिले के रेंगाली पुलिस थाना अंतर्गत शारदा घाट पहुंचने वाली थी कि इससे पहले यह हादसे का शिकार हो गई। मुर्मू ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, यह जानकर बहुत दुख हुआ कि ओडिशा में झारसुगुड़ा के निकट महानदी नदी में एक नाव पलट जाने से कई लोगों की जान चली गई। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना। मैं हादसे में प्रभावित हुए सभी लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं।

संक्षेप

## चीन की तीन बेलारूस कंपनी पर प्रतिबंध

वाशिंगटन। अमेरिका ने पाकिस्तान को बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम के लिए उपकरण मुहैया कराने को लेकर चीन की तीन और बेलारूस की एक कंपनी पर प्रतिबंध लगाया है। अमेरिका के विदेश विभाग ने यह जानकारी दी। अमेरिका ने चीन की जिन तीन कंपनियों पर प्रतिबंध लगाया है, उनमें शियान लॉन्गडे टेक्नोलॉजी डेवलेपमेंट, तियानजिन क्रिएटिव सोर्स इंटरनेशनल ट्रेड और ग्रानपेक्ट कंपनी लिमिटेड शामिल है। जबकि बेलारूस के मिंस्क व्हील ट्रैक्टर प्लांट पर प्रतिबंध लगाया गया है। अमेरिका के विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने शुक्रवार को कहा कि ये कंपनियां ऐसी गतिविधियों या लेन-देन में लिप्त पाई गई हैं जिन्होंने सामूहिक विनाश के हथियारों या उनके वितरण के साधनों के प्रसार में भौतिक रूप से योगदान दिया है।

## कई सांसदों को जबरन वसूली के पत्र मिले

सिंगापुर। सिंगापुर के विदेश मंत्री विवियन बालाकृष्णन और कई सांसदों को जबरन वसूली के पत्र मिले हैं जिनमें आपत्तिजनक स्थितियों में उनकी फर्जी तस्वीरें थीं। भारतीय मूल के बालाकृष्णन ने फेसबुक पर एक पोस्ट में कहा कि कई सांसदों और उन्हें पत्र मिले हैं जिनमें धमकी देने के साथ फर्जी आपत्तिजनक तस्वीरें थीं। उन्होंने कहा, यह कृत्य निंदनीय है और उन मूल्यों और परंपरा के बिल्कुल विपरीत है जिन्हें हम अपने समाज में विकसित करने की कोशिश कर रहे हैं। हमने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है और उचित कानूनी कार्वाई की जाएगी। पुलिस अधिकारियों ने शुक्रवार को कहा कि जबरन वसूली के ये पत्र डाक द्वारा कार्यस्थलों पर भेजे गए। इन पत्रों में आपत्तिजनक तस्वीरें थीं। पुलिस ने कहा कि अगर पीड़ित ईमेल पते पर संपर्क करते हैं, तो उनसे उनकी आपत्तिजनक तस्वीरों और वीडियो को लीक होने और सोशल मीडिया पर प्रसारित करने से रोकने के लिए धन हस्तांतरित करने के लिए कहा जाता है। चैनल न्यूज एशिया की खबर के अनुसार, मार्च से लेकर अब तक ऐसे जबरन वसूली के पत्रों के संबंध में 70 से अधिक मामले दर्ज किए गए हैं। पत्रों में दिए गए संबंधित ई-मेल पते पर संपर्क नहीं करने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी गई।

## रूस ने यूक्रेन के 50 ड्रोन को किया नष्ट

कीव। रूस ने शनिवार को कहा कि उसके ऊर्जा बुनियादी ढांचे को निशाना बनाने के लिए यूक्रेन द्वारा छोड़े गए 50 ड्रोन को रूसी हवाई सुरक्षा बलों ने नष्ट कर दिया गया। रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि इनमें से 26 ड्रोन को यूक्रेन की सीमा के करीब स्थित पश्चिमी बेलगोरोड क्षेत्र में नष्ट कर दिया गया। रूस के पश्चिम और दक्षिण में ब्रांस्क, कुर्स्क, तुला, स्मोलेंस्क, रियाजान, कलुगा क्षेत्रों के साथ-साथ मॉस्को क्षेत्र में भी कई ड्रोन को नष्ट कर दिया गया। यूक्रेन के अधिकारी आमतौर पर रूस में हमलों के बारे में टिप्पणी करने से इनकार करते हैं। हालांकि, ऐसा प्रतीत होता है कि रूस के ऊर्जा बुनियादी ढांचे को निशाना बनाने के लिए कई ड्रोन छोड़े गए।

# पंजाब में मकान ढहने से तीन मजदूरों की मौत

एजेंसी

रूपनगर। पंजाब में रूपनगर जिले की प्रीत कॉलोनी में एक दो मंजिला मकान ढह जाने से तीन मजदूरों की मौत हो गई, जबकि एक अभी भी मलबे में फंसा हुआ है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मलबे में फंसे हुए मजदूर को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए बचाव-अभियान जारी है।

उन्होंने बताया कि यह घटना बृहस्पतिवार को हुई थी। उस दौरान मजदूर मकान का लेंटर ऊंचा करने में जुटे हुए थे। रूपनगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गुलनीत सिंह खुराना ने बताया, मकान ढहने से कुल पांच मजदूर मलबे में दब गये थे, जिसमें से तीन की मौत हो गई।

उन्होंने बताया कि जब मजदूरों को बाहर निकाला गया तो दो की पहले ही मौत हो चुकी थी जबकि एक ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। खुराना ने बताया कि मलबे से सुरक्षित बाहर निकाले गये एक मजदूर का अस्पताल में इलाज चल रहा है जबकि एक मजदूर अभी भी मलबे में फंसा हुआ है और उसे बाहर निकालने के प्रयास किये जा रहे हैं। पुलिस ने बताया कि जब इमारत गिरी तो जोरदार विस्फोट की आवाज सुनाई दी।

# मप्र भर्ती घोटाले में किसे बचाया जा रहा : कांग्रेस

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मध्य प्रदेश में हुई जनसभा से पहले शुक्रवार को पेपर लीक एवं कथित भर्ती घोटाले को लेकर राज्य की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पर निशाना साधा और कहा कि प्रधानमंत्री को बताना चाहिए कि भर्ती घोटाले में किसे बचाया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी दमोह में एक चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे हैं।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर पोस्ट किया, आज प्रधानमंत्री मध्य प्रदेश जा रहे है। ये राज्य को लेकर उनसे हमारे सवाल हैं। पेपर लीक और भर्ती घोटाले में प्रधानमंत्री किसे बचा रहे हैं? वन अधिकार कानून को ठीक ढंग से लागू न करके भाजपा आदिवासियों की



आजीविका और उनके अधिकारों के साथ खिलवाड़ क्यों कर रही है? मध्यप्रदेश में दलितों के ख़िलाफ़ अपराध दर सबसे अधिक है। यह क्यों लगातार बढ़ता जा रहा है? उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने भले ही कर्मचारी चयन बोर्ड का नाम बदल दिया हो, लेकिन दस साल पहले प्रदेश को हिलाकर रख देने वाले मध्य प्रदेश व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापमं) घोटाले को कोई नहीं भूला है।

रमेश का कहना है, व्यापमं के बाद भी नर्सिंग स्टाफ, स्कूली शिक्षक, कांस्टेबल और कृषि विकास अधिकारियों की भर्तियों में धांधली के आरोप लगे हैं, लेकिन भाजपा सरकार ने जो कुछ भी किया है वह सिर्फ़ इन्हें नजरंदाज करने के लिए और इनसे ध्यान भटकाने के लिए किया है। अभी पिछले साल ही पटवारी भर्ती परीक्षा में घोटाले के आरोप लगे थे। उन्होंने सवाल किया कि प्रधानमंत्री मोदी यह सुनिश्चित करने के लिए क्या कर रहे हैं कि युवाओं को दोबारा इस तरह के अन्याय का सामना न करना पड़े? रमेश ने कहा, 2006 में कांग्रेस ने क्रांतिकारी वन अधिकार अधिनियम (एफआरए) पारित किया था।

# गुजरात : कारोबारी और स्कूली बच्चे सहित 35 बनेंगे जैन भिक्षु

एजेंसी

अमहदाबाद। गुजरात में 11 साल के एक लड़के और एक धनवान दंपति सहित जैन समाज के 35 लोग 22 अप्रैल को गृहस्थ जीवन छोड़कर दीक्षा लेंगे और जैन भिक्षु बन जाएंगे। एक धार्मिक न्यास ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। गुजरात और महाराष्ट्र के जैन समुदाय के सदस्यों के लिए पांच दिवसीय दीक्षा समारोह बृहस्पतिवार को साबरमती रिवरफ्रंट पर अध्यात्म नगरी में शुरू हुआ जो 22 अप्रैल को समाप्त होगा। सूरत से संचालित न्यास श्री अध्यात्म परिवार ने एक विज्ञप्ति में बताया कि 35 लोग जैन मुनि आचार्य विजय योगतिलकसूरीश्वरजी महाराज से दीक्षा लेंगे। विज्ञप्ति में कहा गया है कि 35 लोगों में दस की उम्र 18 साल से कम है। इनमें भी सबसे छोटा 11 साल का लड़का है। भिक्षुक बनने वाले किशोरों में सूरत के 13 वर्षीय हेत शाह भी हैं। हेत ने उपधान तप करने के लिए लगभग दो साल पहले अपनी पढ़ाई छोड़ दी थी। इसके तहत व्यक्ति को 47 दिन तक घर से दूर एक संन्यासी की तरह रहना पड़ता है। हेत की मां रिम्पल शाह ने बताया, उसे स्कूल और आध्यात्मिक गतिविधियों में संतुलन बनाने में कठिनाई हो रही थी इसलिए उसने हमारे गुरुओं के साथ रहने के लिए लगभग दो साल पहले अपनी पढ़ाई छोड़ दी।

# केजरीवाल के खिलाफ रची जा रही साजिश : संजय

एजेंसी

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने शुक्रवार को अपनी पार्टी का यह आरोप फिर से दोहराया कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ गहरी साजिश रची जा रही है और जेल में उनके साथ कुछ भी हो सकता है।

यहां एक संवाददाता सम्मेलन में सिंह ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) तंत्र किसी की हत्या करने के स्तर तक गिर सकता है। संजय सिंह के आरोपों पर भाजपा ने तुरंत कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। राज्यसभा सांसद ने केजरीवाल की बीमारी का मजाक उड़ाने के लिए भाजपा नेताओं की आलोचना की। साथ ही उन्होंने यह





भी कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री के बारे में मीडिया के माध्यम से भ्रामक खबरें फैलाई जा रही हैं। उन्होंने सवाल किया, यदि जेल के नियमों के अनुसार किसी कैदी की स्वास्थ्य संबंधी जानकारियां साझा करने की इजाजत नहीं होती है तो ईडी ने बृहस्पतिवार को मीडिया में केजरीवाल का फर्जी आहार चार्ट क्यों साझा किया? संजय सिंह के आरोप पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। सिंह ने इस बात पर जोर देते हुए कहा कि केजरीवाल न तो टूटेंगे और न ही झुकेंगे। दिल्ली की कैबिनेट मंत्री आतिशी ने बृहस्पतिवार को यह आरोप लगाया था कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जेल में घर के बने भोजन और इंसुलिन से वंचित कर मारने की साजिश रची जा रही है, लेकिन जेल अधिकारियों ने उनके इस आरोप को सिरे से खारिज कर दिया। ईडी ने दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में केजरीवाल को 21 मार्च को गिरफ्तार किया था।

ईडी द्वारा एक अदालत के समक्ष यह दावा किए जाने के कुछ घंटों बाद आतिशी ने ये आरोप लगाए हैं। निदेशालय ने कहा था कि केजरीवाल मेडिकल जमानत या अस्पताल में स्थानांतरित होने के लिए मधुमेह होने के बावजूद हर दिन आम, केले और मिठाई जैसे ज्यादा चीनी वाले खाद्य पदार्थ खा रहे हैं।

# नामांकन पर विचार करने लगे तो पैदा होगी अराजकता

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को एक याचिका खारिज करते हुए कहा कि अगर शीर्ष अदालत नामांकन पत्रों की अस्वीकृति के खिलाफ याचिकाओं पर विचार करना शुरू कर देती है तो अराजकता पैदा हो जायेगी। शीर्ष अदालत की एक पीठ ने बिहार के एक व्यक्ति की याचिका खारिज कर दी, जो निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में लोकसभा चुनाव लड़ने का इरादा रखता था, लेकिन उसका नामांकन पत्र खारिज कर दिया गया था।

पीठ ने कहा कि इसका समाधान नामांकन पत्रों की ऐसी अस्वीकृति के खिलाफ चुनाव याचिका दायर करने में है, न कि शिकायत के साथ शीर्ष अदालत पहुंचने में। प्रधान न्यायाधीश



डी. वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला की पीठ ने कहा, अगर हम नामांकन पत्रों की अस्वीकृति के खिलाफ संविधान के तहत अनुच्छेद 32 के तहत याचिकाओं पर विचार करना शुरू कर देंगे तो अराजकता पैदा हो जाएगी। हालांकि, पीठ ने जवाहर कुमार झा की तरफ से पेश वकील अलख आलोक श्रीवास्तव को उचित कानूनी उपाय का सहारा लेने की अनुमति दे दी। लोकसभा चुनाव के लिए बांका सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में झा का नामांकन पत्र निर्वाचन अधिकारी (आरओ) ने खारिज कर दिया था। सुनवाई के दौरान प्रधान न्यायाधीश ने कहा, अगर हम नोटिस जारी करते हैं और मामले की सुनवाई करते हैं, तब तक यह चुनाव बीत जाएगा। आपको चुनाव कानून के नियम का पालन करना होगा। हम नामांकन पत्र की अस्वीकृति के खिलाफ याचिका पर विचार करने के इच्छुक नहीं हैं। याचिकाकर्ता कानून के तहत उपलब्ध उपचार का सहारा ले सकता है। अपनी याचिका में झा ने नामांकन पत्र को खारिज करने में निर्वाचन अधिकारियों द्वारा विवेक के मनमाने और दुर्भावनापूर्ण इस्तेमाल पर नियंत्रण लगाने के लिए निर्वाचन आयोग को निर्देश देने का अनुरोध किया था।

## पेज एक का शेष

### हाईस्कूल में

दिनों में उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य पूरा किया गया।

उन्होंने बताया कि 10वीं की परीक्षा में 27,49,364 विद्यार्थी शामिल हुए, जिनमें 14,39,243 लड़के और 13,10,121 लड़कियां हैं तथा 86.05 प्रतिशत लड़के और 93.40 प्रतिशत लड़कियां उत्तीर्ण हुईं। उन्होंने बताया कि इसी तरह, इंटरमीडिएट की परीक्षा में 24,52,830 विद्यार्थी शामिल हुए, जिनमें 13,41,356 लड़के और 11,11,474 लड़कियां हैं तथा 77.78 प्रतिशत लड़के और 88.42 प्रतिशत लड़कियां उत्तीर्ण हुईं। देव ने बताया कि ये परीक्षाएं 22 फरवरी से नौ मार्च, 2024 के बीच कुल 8,265 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गई थीं।

### एक ही कॉलेज

सीता इण्टर कालेज के हाईस्कूल की छात्रा प्राची निगम ने 98.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश की मेरिट में पहला स्थान प्राप्त किया। वहीं नव्या सिंह ने 98 फीसदी अंक प्राप्त कर तीसरा, अंशिका वर्मा ने 97.67 अंक प्राप्त कर पांचवां, वर्तिका सोनी ने 97.5 प्राप्त कर छठा, अंशी मौर्या ने 97.33 अंक प्राप्त कर सांतवां, अगम्या वर्मा 97.17 प्रतिषत लाकर आठवां, हेमंत वर्मा ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर नवां तथा अल्पना गुप्ता ने 96.83 अंक प्राप्त कर प्रदेश मेरिट में दसवां स्थान तथा इसी कालेज के इण्टर के शुभम वर्मा ने 97.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पहला, राज वर्मा ने 97.6 प्रतिशत लाकर दूसरा, शीतल वर्मा ने 97.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा, अनुभव शुक्ला व पलक मौर्या ने 97 प्रतिशत अंक लाकर पांचवां, शिवानी वर्मा ने 96.6 प्रतिशत अंक के साथ सांतवां, सूरज शाहू व सूरज वर्मा ने 96.4 प्रतिशत अंक लाकर आठवां, आयुष मौर्या व वैभव मिश्रा ने 96.2 प्रतिशत जाकर नवां तथा सूरज मौर्य ने 96 प्रतिशत अंक अर्जित कर दसवां स्थान प्राप्त किया। संस्था के डिप्टी मैनेजर आंजनेय आशीष व वागीश दिनकर ने बताया कि संस्था के हाईस्कूल के आठ व इण्टरमीडिएट के 11 विद्यार्थियों के यूपी मेरिट में स्थान लाने पर विद्यार्थियो को बधाई दी। कालेज के होनहार विद्यार्थियों के उज्ज्वल भवि की कामना की।

### लखनऊ के रक्षित

प्राप्त किये हैं। वहीं, हाईस्कूल की परीक्षा परिणाम की बात की जायें तो प्रदेश की मेरिट में राजधानी के किसी मेधावी ने स्थान नहीं बनाया। एसएस भूपति मेमोरियल स्कूल की आस्था मौर्य और श्री दुर्गा मां बाल गोविंद इंटर कॉलेज, अंचलीखेड़ा मोहनलालगंज के आदर्श वर्मा ने संयुक्त रूप से टॉप किया। दोनों ने एक समान 96.67 अंक हासिल किये हैं। रक्षित तिवारी के अलावा कक्षा 12 में ही एसकेडी एकेडमी के कौशल और लखनऊ पब्लिक स्कूल की श्वेता प्रजापति ने 96.6 फीसदी अंक हासिल करके प्रदेश में सातवां और शहर में दूसरा स्थान हासिल किया है। पायनियर मांटेसरी इंटर कॉलेज की कृषिका गुप्ता 96.4 फीसदी अंकों के साथ प्रदेश में आठवें और जनपद में तीसरे स्थान पर हैं। बाल गाइड इंटर कॉलेज की अपराजिता ने 96.2 फीसदी अंक के साथ प्रदेश में नौवां और शहर में चौथा स्थान हासिल किया है। नेशनल इंटर कॉलेज की रुबी निषाद, माउंट बेरी के मो. ताहिर, ब्राइट वे इंटर कॉलेज के आर्यन सिंह और महात्मा बी मेमोरियल स्कूल के अंशू कश्यप संयुक्त रूप से प्रदेश में 10वें स्थान पर और शहर में पांचवे नंबर पर हैं। इन सभी ने एक समान 96 फीसदी अंक प्राप्त हुए हैं।

### नतीजों से

का इंतजार कर रही है। जैसे ही 26 अप्रैल को वायनाड में मतदान पूरा हो जायेगा वैसे ही ये शहजादे के लिए एक और सुरक्षित सीट की तलाश करेंगे क्योंकि अमेठी के बाद उन्हें वायनाड भी छोड़ना होगा। परभणी में एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि 2024 का लोकसभा चुनाव भारत को विकसित और आत्मनिर्भर देश बनाने के लिए है। उन्होंने मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा, कांग्रेस एक ऐसी बेल है, जिसकी अपनी न कोई जड़ है, न जमीन। इसे जो सहारा देता है, यह उसे ही सुखा देती है। उन्होंने कांग्रेस पर देश का विभाजन करने का आरोप लगाया और दावा किया कि उसने अनुच्छेद 370 के बहाने कश्मीर में संविधान लागू नहीं होने दिया।

### केवल अमीरों

माहौल देने का कार्य किया किया है। प्रथम चरण के जो रुझान देखने को मिले हैंए पूर्ण विश्वास है कि सातों चरण में भी यही माहौल देखने को मिलेगा। सीएम योगी ने राजस्थान के चुनावी दौरे पर निकलने से पहले कहा कि राजस्थान परिवारवाद नहीं बल्कि राष्ट्रवाद, विकास, सुरक्षा और सुशासन के मोदी मॉडल को स्वीकार करते हुए प्रचंड बहुमत के साथ जिताने का कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि मुझे दूसरी बार राजस्थान में चुनावी जनसभाओं के लिए जाने का अवसर मिल रहा हैए जिसे लेकर मैं उत्साहित हूं। वहां हर बार नये स्वरूप में लोगों में उत्साह देखने को मिलता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस बार भी शत प्रतिशत सीटें राजस्थान की जनता भाजपा को देने का कार्य करेगी।

### पीएम मोदी पर

बताऊं-पहले चरण में कांग्रेस-सपा (समाजवादी पार्टी) का सूपड़ा साफ हो गया है। इंडिया गठबंधन के प्रमुख नेताओं राहुल गांधी और अखिलेश यादव को लेकर तंज कसते हुए शाह ने कहा, 2017 में दो शहजादे एकत्र होकर आये थे और पत्रकार कहते थे दो लड़के इकट्ठा हो गये, मैं बताना चाहता हूं कि 2017 में इकट्ठा हुए तो सबसे बड़े मार्जिन (अंतर) से भाजपा की सरकार बनी, 2024 में एकत्र हुए तो सबसे ज्यादा सीट उत्तर प्रदेश में भाजपा जीतेगी। वर्ष 2017 में उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और सपा ने गठबंधन करके चुनाव लड़ा था और तब 403 सदस्यीय राज्य विधानसभा में भाजपा गठबंधन को 325 सीट मिलीं थीं। शाह की सभा से पहले कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को अमरोहा की सभा में चुनावी मंच साझा किया। यादव ने सभा में राज्य में पहले चरण के मतदान से माहौल बदलने का दावा करते हुए कहा कि भाजपा की फिल्म पहले दिन पहले शो में ही फ्लॉप हो गयी है। वहीं, मथुरा में शाह ने मतदाताओं को उत्साहित करते हुए कहा, दूसरे चरण में इसी यात्रा को आगे निकाल कर उत्तर प्रदेश की जनता को वृंदावन होते हुए काशी तक कमल (भाजपा के चुनाव चिह्न) को विजयी बनाना है। विपक्षी दलों पर प्रहार करते हुए गृहमंत्री शाह ने कहा, एक ओर 12 लाख करोड़ रुपये के घोटाले, घपले, भ्रष्टाचार करने वाली कांग्रेस पार्टी और समाजवादी पार्टी है और दूसरी ओर ऐसे नरेन्द्र मोदी हैं जिन्होंने 23 साल तक मुख्यमंत्री रहकर शासन किया लेकिन उन पर चार आने के भ्रष्टाचार का आरोप नहीं है। शाह ने कहा, दो खेमे हैं। एक ओर गरीब के घर में पैदा हुए हमारे नेता नरेन्द्र मोदी हैं और दूसरी ओर चांदी के चम्मच के साथ पैदा हुए राहुल बाबा हैं। दोनों के बीच में आपको तय करना हैं।

### लोकतंत्र व

अडाणी का इतने सारे राष्ट्रीय संसाधनों पर नियंत्रण हो गया है। उनके पास सभी बंदरगाह, हवाई अड्डे और बिजली विनिर्माण इकाइयां हैं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष गांधी ने कहा मोदी ने 22 से 25 उद्योगपतियों का करीब 16 लाख करोड रुपए माफ कर दिए। हमने जितनी कर्ज की रकम किसानों की माफ की उससे 25 गुना मोदी सरकार ने उद्योगपतियों के माफ कर दिये। यह मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) योजना के लिए 25 वर्षों के परिव्यय के बराबर है। कांग्रेस के नेतृत्व वाला इंडिया गठबंधन गरीबों की आर्थिक सहायता के लिए प्रतिबद्ध है। गांधी ने कहा, अगर कांग्रेस सत्ता में आयी तो वह महालक्ष्मी जैसी योजनाओं के जरिए गरीबों की मदद करेगी। इस महालक्ष्मी योजना के तहत हर गरीब परिवार की एक महिला सदस्य को सीधे नकद हस्तांतरण के माध्यम से एक लाख रुपये की वार्षिक सहायता का प्रस्ताव है।

### अखिलेश ने

दानिश अली के समर्थन में आयोजित सभा को संबोधित कर रहे थे। लोकसभा चुनाव के पहले चरण में उत्तर प्रदेश की आठ सीट सहारनपुर, बिजनौर, कैराना, मुजफ्फरनगर, नगीना (आरक्षित), मुरादाबाद, रामपुर और पीलीभीत में शुक्रवार को मतदान हुआ। इसमें अधिकांश सीट पश्चिमी उत्तर प्रदेश में आती हैं। सपा अध्यक्ष यादव इन आठ लोकसभा क्षेत्रों में हुए पहले चरण के मतदान का जिक्र कर रहे थे। उन्होंने कहा पश्चिम से चलने वाली हवा ने दृश्य बदल दिया है, न केवल उनकी फिल्म फ्लॉप हुई है, बल्कि कोई भी उनकी घिसी पिटी कहानी या संवाद नहीं सुनना चाहता है। कोई भी उन्हें वोट नहीं देना चाहता। उन्होंने सपा उम्मीदवार सुनीता वर्मा के लिए समर्थन मांगा। अखिलेश यादव-राहुल गांधी जिंदाबाद नारों के बीच अमरोहा में यादव ने उमड़ी भीड़ की ओर इशारा करते हुए कहा इस जगह दिखायी पड़ रहा है कि ऐतिहासिक वोट से दानिश अली जीतने जा रहे हैं। सपा प्रमुख यादव ने कहा, मैं हर सभाओं में कह रहा हूं कि इस बार पश्चिम की हवा जो चलेगी वह भारतीय जनता पार्टी का न केवल उत्तर प्रदेश, बल्कि देश में सफाया करेगी। इसके पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को अमरोहा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रत्याशी कंवर सिंह तंवर के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित किया था। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा था कि फिल्मै दो शहजादे की जोड़ी की शूटिंग चल रही है, लेकिन उनकी फिल्म पहले ही रिजेक्ट हो चुकी (नकारी जा चुकी) है।

### हम फिर

हैं कि जब वे हारेंगे तो उन्हें पैसे की आवश्यकता होगी। हालांकि, निर्मला जी कह रही हैं (वे) जीतेंगे और इसे (चुनावी बॉण्ड योजना) वापस लाएंगे। उन्होंने चुनावी बॉण्ड मुद्दे पर आरएसएस प्रमुख मोहन भगत पर निशाना साधा और पूछा कि वह इस मामले पर चुप क्यों हैं। सिब्बल ने चुनावी बॉण्ड का बचाव करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर भी निशाना साधा और कहा कि चुनाव के दौरान इस तरह की बातें करना गलत है।

### सड़क हादसों

सड़क किनारे खड़ा करके उसे ठीक कर रहे थे, तभी तेज रफ्तार ट्रक ने ट्रैक्टर-ट्रॉली में टक्कर मार दी, जिससे उसमें बैठे कई लोग घायल हो गए। इस हादसे में फुलमत (35), रमाकांती देवी (45) और संजय देवी (30) की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि द्रोपदी देवी (40) की अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। वहीं, मुजफ्फरनगर जिले के न्यूमंडी थानाक्षेत्र के जानसठ रोड पर एक कार के जेसीबी मशीन से टकरा जाने से तीन व्यक्तियों की मौत हो गई। न्यूमंडी थाने के प्रभारी बब्लू सिंह ने शनिवार को बताया कि शुक्रवार देर रात तीन युवकों को ले जा रही कार अचानक अनियंत्रित हो गयी और आगे चल रही जेसीबी मशीन से टकरा गई। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान अनुराग (35), सतपाल (30) और राहुल 28 के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि युवक बिजनौर से मुजफ्फरनगर जा रहे थे। उन्नाव जिले के बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र अंतर्गत लखनऊ आगरा एक्सप्रेस-वे पर शनिवार तड़के बारातियों को ले जा रही एक बस पलट गई जिससे 32 व्यक्ति घायल हो गए। पुलिस क्षेत्राधिकारी अरविंद कुमार ने बताया कि बस में सात बच्चों सहित 32 लोग सवार थे। यात्रियों में से एक को गंभीर चोटें आईं और उसे लखनऊ के एक अस्पताल में भेजा गया है। कुछ अन्य को मामूली चोटें आईं, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

TATA IPL





## अंक तालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रनरेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 07 | 06 | 01 | 12 | .677 |
| हैदराबाद | 07 | 05 | 02 | 10 | .914 |
| कोलकाता | 06 | 04 | 02 | 08 | 1.399 |
| चेन्नई | 06 | 04 | 02 | 08 | .726 |
| लखनऊ | 06 | 03 | 03 | 06 | .038 |
| मुंबई | 07 | 03 | 04 | 06 | -.133 |
| दिल्ली | 08 | 04 | 04 | 06 | -.477 |
| पंजाब | 07 | 02 | 05 | 04 | -.251 |
| गुजरात | 07 | 03 | 04 | 06 | -1.303 |
| बेंगलुरु | 07 | 01 | 06 | 02 | -1.185 |

ऑरेंज कैप: विराट कोहली आरसीबी/361 रन

पर्पल कैप: जसप्रीत बुमराह राजस्थान/12 विकेट

# सनराइजर्स की विस्फोटक पारी

## सनराइजर्स हैदराबाद ने दिल्ली कैपिटल्स को 67 रन से हराया

**नयी दिल्ली,एजेंसी।** मैन ऑफ द मैच ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा की ताबड़तोड़ पारियों और दोनों के बीच पहले विकेट के लिए महज 38 गेंद में 131 रन की साझेदारी के बाद नटराजन की शानदार गेंदबाजी (चार विकेट) के दम पर सनराइजर्स हैदराबाद ने आईपीएल के 35वें मैच में शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स 67 रन से करारी शिकस्त दी। सनराइजर्स ने सात विकेट पर 266 रन का बड़ा स्कोर खड़ा करने के बाद दिल्ली की टीम को .19.1 ओवर में 199 रन पर आउट कर दिया।दिल्ली के लिए जैक फ्रेजर गुर्क ने 18 गेंद में 65 रन का योगदान दिया।

हैदराबाद के सलामी बल्लेबाज हेड ने 32 गेंद की पारी में 11 चौके और छह छक्कों की मदद से 89 रन बनाये जबकि अभिषेक ने महज 12 गेंद की पारी में दो चौके और छह छक्कों की मदद से 46 रन जड़ दिये।इन दोनों की मौजूदगी में सनराइजर्स ने पांच ओवर में आईपीएल इतिहास का सबसे तेज रनों का शतक पूरा किया और फिर पावरप्ले में रिकॉर्ड 125 रन बनाये। दोनों ने शुरुआती छह ओवरों में 10 छक्के और इतने ही चौके लगाये। शाहबाज अहमद ने आखिरी ओवरों में 29 गेंद में नाबाद 59 रन की पारी खेल टीम को 266 रन तक पहुंचाया जो आईपीएल इतिहास का चौथा सबसे बड़ा स्कोर है।शाहबाज ने अपनी पारी में दो चौके और पांच छक्के लगाने के साथ पांचवें विकेट के लिए नीतिश कुमार रेड्डी (27 गेंद में 37 रन) के साथ 47 गेंद में 67 रन की साझेदारी की। दिल्ली के लिए कुलदीप यादव ने चार चार जबकि अक्षर पटेल और मुकेश कुमार ने एक-एक विकेट लिये। हेड और शर्मा ने सनराइजर्स को ताबड़तोड़ आगाज कराया।हेड ने पहले ओवर में खलील के खिलाफ छक्का और दो चौका लगाया तो अभिषेक ने ओवर का अंत चौके से किया।हेड ने इसके बाद एनरिच नोर्किया और ललित यादव के खिलाफ बाउंड्री की बौछार कर महज 2.4 ओवर में टीम का पचासा पूरा करने के बाद छक्के के साथ महज 16 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया।दूसरे छोर से अभिषेक ने भी पांचवें ओवर में कुलदीप का स्वागत लगातार दो छक्के से करने के बाद ओवर का अंत भी छक्के से किया जिससे टीम ने महज पांच ओवर में रनों का शतक पूरा कर लिया। हेड ने छठे ओवर में मुकेश कुमार के खिलाफ लगातार चार चौके लगाने के बाद आखिरी गेंद पर छक्का जड़ा जिससे टीम ने आईपीएल पावरप्ले में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड कायम किया।पावरप्ले में सनराइजर्स ने बिना किसी नुकसान के 125 रन बना लिये।



हैदराबाद के सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड व अभिषेक शर्मा ने पावरप्ले में बिना कोई विकेट खोए 125 रन बनाए

# सीएसके की धड़कन हैं धोनी : फ्लेमिंग



**लखनऊ।** महेंद्र सिंह धोनी को चेन्नई सुपर किंग्स के दिल की धड़कन बताते हुए कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने कहा कि घुटने की चोट से उबरने के बाद वह लंबे समय तक बल्लेबाजी नहीं कर सकते लिहाजा शानदार फॉर्म के बावजूद उन्हें बल्लेबाजी क्रम में ऊपर नहीं भेजा जा सकता। 42 वर्ष के धोनी ने लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ शुक्रवार को नौ गेंद में 28 रन बनाये लेकिन उनकी टीम आठ विकेट से हार गई। धोनी के फॉर्म के बारे में फ्लेमिंग ने कहा कि यह प्रेरणास्पद है ना। अभ्यास के दौरान भी वह बहुत उम्दा बल्लेबाजी कर रहे हैं।टीम इससे हैरान नहीं है क्योंकि सत्र से पहले तैयारी में भी वह शानदार खेल रहे थे। उन्होंने कहा कि उनके घुटने में दर्द है और वह इससे उबरने की प्रक्रिया में कुछ ही गेंद खेल सकते हैं। उन्होंने कहा कि हर कोई उन्हें लंबे समय तक बल्लेबाजी करते देखना चाहता है लेकिन हम उन्हें पूरे टूर्नामेंट में खेलते देखना चाहते हैं।इसलिये दो तीन ओवर खेलना ही ठीक है।वह हर समय अपनी भूमिका बखूबी निभा रहे हैं और उसे देखने में मजा आ रहा है। लंबे समय से चेन्नई के कोच रहे फ्लेमिंग ने कहा कि पांच बार टीम को खिताब दिलाने वाले धोनी टीम के दिल की धड़कन हैं और हर स्टेडियम पर दर्शकों से उन्हें मिल रहे अपार प्रेम के बीच उनकी मौजूदगी के हर पल का टीम लुत्फ उठा रही है। उन्होंने कहा, जब वह मैदान पर आते हैं तो क्या जबर्दस्त माहौल होता है।वह भी दर्शकों का पूरा मनोरंजन करते हैं।हमें उनकी उपलब्धियों पर गर्व है।वह टीम के दिल की धड़कन हैं।उनकी मौजूदगी के हर मिनट का हम पूरा आनंद लेते हैं।

## वर्ल्ड कप खेलने के लिए तैयार हूं : डीके

आईपीएल के इस सत्र में शानदार फॉर्म में चल रहे अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने भारत के लिए फिर से खेलने के अपने सपने को नहीं छोड़ा है और टी20 विश्व कप के लिए टीम में जगह बनाने के लिए वह वो सबकुछ करेंगे जो वह कर सकते हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका और वेस्टइंडीज में एक जून से शुरू होने वाले टी20 विश्व कप तक कार्तिक 39 साल के हो जायेंगे। वह 2022 में आस्ट्रेलिया में टी20 अंतरराष्ट्रीय विश्व कप के अंतिम चरण का भी हिस्सा थे जो भारतीय टीम के लिए उनका अंतिम टूर्नामेंट था। तब से वह क्रिकेट विशेषज्ञ बन गये हैं और कमेंट्री भी करने लगे हैं।

## संक्षेप

### राहुल, रूतुराज पर लगा 12 लाख का जुर्माना

**लखनऊ।** लखनऊ सुपर जाइंट्स के कप्तान केएल राहुल और चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान रूतुराज गायकवाड़ पर आईपीएल के मैच के दौरान धीमी ओवरगति के लिये 12.12 लाख रूपये जुर्माना लगाया गया है। लखनऊ ने अपने मैदान पर खेलते हुए चेन्नई को शुक्रवार को आठ विकेट से हराया। आईपीएल की आचार संहिता के तहत धीमी ओवरगति का इन टीमों का यह पहला अपराध था तो राहुल और रूतुराज पर जुर्माना लगाया गया। आईपीएल ने एक बयान में कहा कि लखनऊ सुपर जाइंट्स के कप्तान के एल राहुल पर टाटा इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के दौरान चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ धीमी ओवरगति के लिये जुर्माना लगाया गया है। इसी तरह से चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान रूतुराज गायकवाड़ पर भी धीमी ओवरगति के लिये जुर्माना लगाया गया है।

### डेविड, पोलार्ड पर भी लगा जुर्माना

**नयी दिल्ली।** मुंबई इंडियंस के बल्लेबाज टिम डेविड और बल्लेबाजी कोच कीरोन पोलार्ड पर 18 अप्रैल को मुल्लांपुर में पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच के दौरान आईपीएल की आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। यह जुर्माना मैच का एक वीडियो वायरल होने के कारण खड़े हुए विवाद के बाद लगाया गया है।इस वीडियो में दिख रहा था कि पांच बार की चैम्पियन मुंबई इंडियंस के सदस्य और सहयोगी स्टाफ कथित रूप से बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को रिव्यू लेने के लिए कह रहे थे जो आईपीएल की आचार संहिता के खिलाफ है। आईपीएल की शनिवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया, डेविड और पोलार्ड ने आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.20 के अंतर्गत लेवल एक का अपराध किया है।डेविड और पोलार्ड पर उनकी मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।

### विनेश, रीतिका, अंशु को मिला पेरिस ओलंपिक का कोटा

**बिश्केक (किर्गिस्तान)।** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ लंबे समय तक विरोध प्रदर्शन करने के बाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मजबूत वापसी करते हुए भारत की स्टार पहलवान विनेश फोगाट ने शनिवार को यहां एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में दमदार प्रदर्शन के बूते महिलाओं के 50 किग्रा वर्ग में पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल कर लिया। अंशु मलिक (57 किग्रा) और अंडर-23 विश्व चैम्पियन रीतिका (76 किग्रा) ने भी मजबूत प्रदर्शन से फाइनल में पहुंचकर पेरिस ओलंपिक के लिए अपना टिकट पक्का कर लिया।भारत ने अब पेरिस ओलंपिक के लिए चार कोटे हासिल कर लिये हैं।सबसे पहले अंतिम पंघाल ने पिछले साल विश्व चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीतकर 53 किग्रा वर्ग में कोटा हासिल किया था।

# यूपी के कौस्तुभ सिंह बालक एकल चैंपियन



खेल संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** हेजलनट आल इंडिया सीएस-7 अंडर-14 बालक व बालिका टेनिस टूनामेंट में दूसरी वरीय उत्तर प्रदेश के कौस्तुभ सिंह ने बालक एकल खिताब जीत लिया।दूसरी ओर बालक युगल का खिताब उत्तर प्रदेश के रोहिन राज की जोड़ी ने अपने नाम किया। गोमतीनगर स्थित कमलेश शुक्ला प्रोफेशनल टेनिस अकादमी में आयोजित चैंपियनशिप में बालक एकल फाइनल में कौस्तुभ सिंह ने उत्तर प्रदेश के ही रोहिन राज को तीन सेट तक चले मुकाबले में 4-6,6-4, 6-2 से हराकर विजेता ट्रॉफी अपने नाम कर ली।इसके बाद खेले गए बालक युगल फाइनल में यूपी के अर्जुन शर्मा व रोहिन राज ने यूपी के रिशांत जायसवाल व किंजलक श्रीवास्तव को 7-5, 6-4 से हराकर खिताबी जीत दर्ज की। समापन समारोह में मुख्य अतिथि हेजलनट फैक्ट्री के प्रबंध निदेशक बादल साहनी ने विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया।

# गौतमबुद्धनगर का दबदबा, पहले दिन जीते आठ स्वर्ण

खेल संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** गौतमबुद्धनगर के खिलाड़ियों ने उत्तर प्रदेश स्टेट कैडेट, जूनियर, अंडर-21 व सीनियर कराटे चैंपियनशिप के पहले दिन सर्वाधिक आठ स्वर्ण पदक जीतते हुए अपना दबदबा कायम किया। दूसरी ओर मेजबान लखनऊ की टीम 6 स्वर्ण पदक के साथ दूसरे स्थान पर चल रही है।चौक स्टेडियम के लालजी टंडन बहुउद्देश्यीय हाल में कराटे एसोसिएशन ऑफ यूपी के तत्वावधान में आयोजित चैंपियनशिप का मीडिया पार्टनर राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अमर उजाला है।

चैंपियनशिप में पहले दिन गौतमबुद्धनगर ने 8 स्वर्ण, 3 रजत व 6 कांस्य पदक सहित कुल 17 पदक जीते। इसके बाद लखनऊ ने 6 स्वर्ण, 7 रजत व 5 कांस्य सहित कुल 18 पदक अपने नाम किए है जबकि वाराणसी ने शनिवार को 5 स्वर्ण, 6 रजत व 5 कांस्य सहित कुल 16 पदक जीते है।इस चैंपियनशिप में पहले दिन लखनऊ के ज्ञानेश कुमार सिंघल, सूरज कुमार एवं मेरठ की खुशी ने दोहरी स्वर्णिम सफलता हासिल की। पहले दिन के पदक विजेताओं को मॉडर्न अकादमी ग्रुप ऑफ कॉलेजेज एंड स्कूल्स के निदेशक सुनील तुली सहित स्पोर्ट्स नेटवर्क इंडिया के निदेशक डॉ.आनंद किशोर पाण्डेय ने पदक पहनाकर सम्मानित किये। इस चैंपियनशिप का उद्घाटन मुख्य अतिथि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पूर्वी क्षेत्र के संगठन मंत्री घनश्याम शाही सहित विशिष्ट अतिथि डॉ.कीर्ति विक्रम सिंह (संयुक्त निदेशक, इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी, लखनऊ) एवं कराटे एसोसिएशन ऑफ यूपी के आजीवन अध्यक्ष इंजी.योगेश कुमार (निदेशक-कामर्शियल, मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड) ने किया। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता कराटे एसोसिएशन ऑफ यूपी के अध्यक्ष टीपी हवेलिया ने की जबकि महासचिव जसपाल सिंह ने धन्यवाद दिया।



उत्तर प्रदेश स्टेट कैडेट, जूनियर, अंडर-21 व सीनियर कराटे चैंपियनशिप में पदक विजेता

- **मेजबान लखनऊ ने छह स्वर्ण पदक जीत दूसरे स्थान पर**
- **लखनऊ के ज्ञानेश, सूरज व मेरठ की खुशी ने जीते दोहरे स्वर्ण**

# लड़कियों को खेलों में बढावा दें, वे चेहरे पर मुस्कान लायेंगी : तेंदुलकर



**रांची,एजेंसी।** चैम्पियन क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने अभिभावकों से लड़कियों को खेलों में उतरने के लिये प्रोत्साहित करने का अनुरोध करते हुए कहा कि वे उनके चेहरों पर मुस्कुराहटें लायेंगी। तेंदुलकर और उनकी पत्नी अंजलि यहां युवा फाउंडेशन की फुटबॉल खिलाड़ी लड़कियों की हौसलाअफजाई के लिये आये हैं।युवा और सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन मिलकर लड़कियों को फुटबॉल का प्रशिक्षण देते हैं। तेंदुलकर और अंजलि ने फुटबॉल खिलाड़ियों से बात भी की।तेंदुलकर ने कहा कि बच्चों की ऊर्जा संक्रामक होती है।मैने उन्हें कड़ी मेहनत करते और खेल का मजा लेते देखा तो मुझे अपना बचपन याद आ गया। उन्होंने कहा कि मैं कई बच्चों से प्रेरणा लेता हूं क्योंकि उनके लिये यह सफर आसान नहीं था।उनके जीवन में भी कई दुश्वारियां हैं।कई बार उनका फुटबॉल खेलना माता पिता को पसंद नहीं आता।मैं उनसे अनुरोध करूंगा कि बच्चों को प्रोत्साहित करें।ये बच्चे उनके चेहरे पर मुस्कान लायेंगे।

# सीएमएस स्टेशन रोड कैंपस ओवरऑल विजेता, कुंवर ग्लोबल स्कूल को दूसरा स्थान

- **प्रथम समर कप इंटर स्कूल ताइक्वांडो चैंपियनशिप**

खेल संवाददाता (vol)





**लखनऊ।** सिटी मांटेसरी स्कूल स्टेशन रोड कैंपस ने प्रथम समर कप इंटर स्कूल ताइक्वांडो चैंपियनशिप-2024 में सर्वाधिक 218 अंकों के साथ ओवरऑल चैंपियनशिप ट्रॉफी जीत ली।लखनऊ जिला ताइक्वांडो एसोसिएशन के तत्वावधान में लखनऊ ताइक्वांडो क्लब द्वारा शुक्रवार को आयोजित इस चैंपियनशिप में कुंवर ग्लोबल स्कूल की टीम 189 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रही। वहीं,सिद्धांत वर्ल्ड स्कूल को 112 अंकों के साथ तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा। मुख्य अतिथि यूपी ओलंपिक संघ के कोषाध्यक्ष डा.सैयद रफत जुबैर रिजवी ने बच्चों को आशीर्वाद दिया। इससे पूर्व सिटी मांटेसरी स्कूल स्टेशन रोड शाखा की प्रिसिंपल दीपाली गौतम ने चैंपियनशिप का उद्घाटन किया था।यूपी ताइक्वांडो एसोसिएशन व लखनऊ जिला ताइक्वांडो एसोसिएशन के सचिव राजकुमार ने बताया कि इस चैंपियनशिप में लखनऊ के लगभग 60 क्लब/स्कूल/ट्रेनिंग सेंटर के 700 से अधिक खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया।

**पदक विजेताओं के नाम इस प्रकार हैं**

**स्वर्ण :** अमित विक्रम कृष्णा, हर्षाली खान, आदित्य प्रताप सिंह, स्वास्तिक शुक्ला, आराध्या त्रिवेदी, प्रीशा श्रीवास्तव। **रजत :** आराध्या शिखर, प्याली मिश्रा, अनिका वर्मा। **कांस्य :** अयान सिंह, अक्षिव प्रताप सिंह।

# चैलेंजर्स के सामने केकेआर की चुनौती

**मैच दोपहर 3.30 बजे से**

**कोलकाता,एजेंसी।** हार दर हार से आजिज आ चुकी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर को बखूबी पता है कि अब किसी चूक की गुंजाइश नहीं है लिहाजा रविवार को केकेआर के खिलाफ आईपीएल के मैच में उसे हर हालत में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। सात मैचों में से छह हार के बाद आरसीबी का पहला आईपीएल खिताब जीतने का सपना टूटता नजर आ रहा है। लगातार पांच हार के बाद आरसीबी अंकतालिका में सबसे नीचे है और प्लेआफ की उम्मीदें बनाये रखने के लिये उसे बाकी सातों मैच जीतने होंगे। आरसीबी की कमजोर कड़ी उसके गेंदबाज साबित हुए हैं और टीम पूरी तरह से विराट कोहली, फाफ डु प्लेसी और दिनेश कार्तिक की बल्लेबाजी पर निर्भर रही है।ऐसे में केकेआर की चुनौती उसके लिये काफी कठिन होगी। कप्तान फाफ डु प्लेसी ने कहा था कि गेंदबाजी में हमारी तरकश में ज्यादा तीर नहीं है।इससे सारा दबाव बल्लेबाजों पर आन पड़ा है। हम सिर्फ बड़े स्कोर बनाकर ही मैच जीत सकते हैं। सनराइजर्स हैदराबाद ने आरसीबी के खिलाफ ही टूर्नामेंट का सर्वोच्च स्कोर तीन विकेट पर 287 रन बनाया था। इस सत्र में सबसे महंगे 11 करोड़ 50 लाख रूपये में खरीदे गए अल्जारी जोसफ ने तीन मैचों में एक ही विकेट लिया और 11.89 की इकॉनॉमी रेट से रन दिये। आस्ट्रेलियाई हरफनमौला ग्लेन मैक्सवेल भी फॉर्म के लिये जूझ रहे हैं जिन्होंने मानसिक थकान का हवाला देकर सनराइजर्स के खिलाफ नहीं खेला। उनके कूल्हे की मांसपेशी में खिंचाव के कारण वह कुछ और मैचों में बाहर रह सकते हैं। बल्लेबाजी में टीम कोहली, डुप्लेसी और कार्तिक पर ही निर्भर है। कोहली 72.20 की औसत से 361 रन बना चुके हैं लेकिन 135 का स्ट्राइक रेट चिंता का विषय है। वह सातवें से 15वें ओवर के बीच स्पिनरों के सामने तेजी से रन नहीं बना पा रहे। कार्तिक ने 205 से अधिक की औसत से 226 रन बनाये हैं।

## जीत के इरादे से उतरेंगे पंजाब व गुजरात

**मुकाबला शाम 7.30 बजे से**

**मुल्लांपुर।** लगातार हार के बाद अंकतालिका में नीचे खिसकी पंजाब किंग्स और गुजरात टाइटंस इंडियन प्रीमियर लीग में रविवार को जब आमने सामने होंगी तो दोनों का इरादा जीत की राह पर लौटने का होगा। पूर्व चैम्पियन गुजरात टाइटंस पिछले मैच में दिल्ली कैपिटल्स से हारने के बाद आठवें स्थान पर खिसक गई है।दिल्ली ने उसे 89 रन पर समेट दिया था और चार मैचों में यह उसकी तीसरी हार थी। पंजाब किंग्स नौवे स्थान पर है जिसे मुंबई इंडियंस ने नौ रन से हराया। सात मैचों में पांच हार और दो जीत से टीम का आत्मविश्वास डिगा हुआ है लेकिन विरोधी टीम का भी वही हाल है। पंजाब को प्रभावी कप्तान शिखर धवन की कमी खल रही है और उनका रविवार के मैच में भी खेल पाना निश्चित नहीं है। धवन कंधे की चोट से उबरने की प्रक्रिया में है जो उन्हें नौ अप्रैल को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ घरेलू मैच में लगी थी। उनकी जगह सैम कुरेन कप्तानी का जिम्मा संभाल रहे हैं। धवन ने पांच मैचों में 125.61 की औसत से 152 रन ही बनाये हैं लेकिन उनकी मैदान पर मौजूदगी जीतने का तरीका भूल चुकी टीम के लिये टॉनिक का काम करती।

## अर्थ

## संक्षेप

### इंडिगो 21 से सभी घरेलू उड़ानों का संचालन टर्मिनल 3 से करेगा

**नई दिल्ली।** इंडिगो ने घोषणा की है कि लखनऊ में इसकी सभी घरेलू उड़ानें 21 अप्रैल, 2024 से टर्मिनल 3 से संचालित होंगी, और अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें टर्मिनल 1 से चलती रहेंगी।इस परिवर्तन के बारे में सभी यात्री पूरी तरह से सूचित रहें, इसके लिए सक्रिय कदम उठाए गए हैं।इंडिगो एसएमएस, कॉल्स, और टिकट रिजर्वेशन के वक्त दी गई ईमेल्स द्वारा सभी यात्रियों और ट्रैवल एजेंट्स से संपर्क करके इस परिवर्तन की जानकारी दे रहा है।किसी भी असुविधा से बचने के लिए इंडिगो के यात्री एयरलाईन की वेबसाईट पर जाकर या मोबाईल ऐप द्वारा अपने टिकट का पीएनआर नंबर जाँच लें और एयरपोर्ट जाने से पहले अपने टर्मिनल का पता लगा लें।इंडिगो अपने अतुलनीय नेटवर्क पर किफायती, ऑन-टाईम, विनम्र और सुगम यात्रा का अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# रत्न,आभूषण निर्यात 2023-24 में 12.17 प्रतिशत घटा : जीजेईपीसी

**मुंबई,एजेंसी।** देश का रत्न और आभूषण निर्यात बीते वित्त वर्ष के दौरान 12.17 प्रतिशत घटकर 2,65,187.95 लाख करोड़ रुपये रहा। रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्द्धन परिषद (जीजेईपीसी) के आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।इस दौरान अमेरिका में ऊंची ब्याज दरों और चीन में धीमे सुधार के कारण उद्योग का प्रदर्शन प्रभावित हुआ।

वित्त वर्ष 2022-23 में रत्न एवं आभूषण का निर्यात 3,01,925.97 करोड़ रुपये था। जीजेईपीसी के चेयरमैन विपुल शाह ने कहा कि पिछला वित्त वर्ष सभी उत्पाद श्रेणियों के लिए बहुत चुनौतीपूर्ण था। ऐसा मुख्य रूप से अमेरिका में ऊंची ब्याज दरों से उत्पन्न मंदी के कारण हुआ, जो इस क्षेत्र में भारत का सबसे बड़ा निर्यात बाजार है। इसके अलावा, चीन में कोविड-19 के बाद सुधार की प्रक्रिया धीमी रहने से भी प्रभाव पड़ा।इस बीच, वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान तराशे और पॉलिश किए गए हीरों का कुल निर्यात 25.23 प्रतिशत घटकर।,32,128.29 करोड़ रुपये रह गया, जबकि 2022-23 की समान अवधि में यह।,76,716.06 करोड़ रुपये था। पॉलिश वाले कृत्रिम हीरों का अनंतिम सकल निर्यात बीते वित्त वर्ष में 13.79 प्रतिशत घटकर 11,611.25 करोड़ रुपये रह गया, जो वित्त वर्ष 2022-23 में 13,468.32 करोड़ रुपये था। हालांकि, अनंतिम आंकड़ों के अनुसार सोने के आभूषणों का कुल निर्यात 2023-24 में 20.57 प्रतिशत बढ़कर 92,346.19 करोड़ रुपये हो गया, जो 2022-23 में 76,589.94 करोड़ रुपये था।



## पाक ने आईएमएफ से एक व राहत पैकेज मांगा

**वाशिंगटना/इस्लामाबाद।** नकदी संकट से जूझ रहे पाकिस्तान ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से 6-8 अरब डॉलर का एक और राहत पैकेज मांगा है। एक मीडिया रिपोर्ट में शनिवार को बताया गया कि पाकिस्तान ने जलवायु वित्तपोषण के जरिए राहत पैकेज जारी करने का औपचारिक अनुरोध किया है। पाकिस्तान ने विस्तारित फंड सुविधा (ईएफएफ) के तहत अगले राहत पैकेज के लिए अगले महीने आईएमएफ से समीक्षा मिशन भेजने का भी अनुरोध किया है। जियो न्यूज ने वाशिंगटन से बताया कि मई 2024 में अगले कार्यक्रम की रूपरेखा पर आम सहमति बनने के बाद ही नए पैकेज का सटीक आकार और समय-सीमा तय की जाएगी।

# केंद्र का लक्ष्य भारत को विनिर्माण, सेवाओं के लिए आकर्षक गंतव्य बनाना : सीतारमण



**अहमदाबाद,एजेंसी।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि केंद्र ने भारत को विनिर्माण और सेवाओं के लिए एक आकर्षक गंतव्य बनाने के लिए नीतियां तैयार की हैं। उन्होंने आगे जोड़ा कि न केवल घरेलू बाजार के लिए बल्कि निर्यात के लिए भी उत्पादन करने पर सरकार का जोर है। वह अमेरिकी उद्योगपति एलन मस्क के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ अपनी बैठक स्थगित करने पर एक सवाल का जवाब दे रही थीं। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, निवेश आकर्षित करने के लिए नीतियां बनाई गई हैं। हम चाहते हैं कि विनिर्माता और निवेशक न केवल भारत के लिए, बल्कि यहां से निर्यात करने के लिए भी आएं और उत्पादन करें। हम नीतियों के माध्यम से विनिर्माताओं और निवेशकों को आकर्षित करने का प्रयास करेंगे।

टेस्ला के सीईओ मस्क ने शनिवार को कहा कि कंपनी के भारी दायित्वों के कारण उनकी भारत यात्रा में देरी हो रही है। सीतारमण ने कहा, जब बड़ी कंपनियां भारत आने में रुचि दिखाती हैं, तो हम उनके लिए यहां आने और निवेश को आकर्षक बनाने के लिए सब कुछ करेंगे। उस प्रक्रिया में, अगर चर्चा करने के लिए कुछ भी होगा, तो हम निश्चित रूप से चर्चा करेंगे। हमने जो भी किया है, नीति के जरिए किया है। उन्होंने कहा कि नीतियों को इस तरह से तैयार किया गया है ताकि भारत को विनिर्माण और सेवाओं के लिए एक आकर्षक गंतव्य बनाया जा सके। वित्त मंत्री ने मुद्रास्फीति के बारे में बोलते हुए कहा कि मोदी सरकार के तहत एक महीने को छोड़कर, यह कभी भी सहनशील सीमा को पार नहीं कर पाई। उन्होंने आगे जोड़ा कि 2014 से पहले अर्थव्यवस्था खराब स्थिति में थी और मुद्रास्फीति दोहरे अंकों में थी। सीतारमण ने कहा, उस समय (2014 से पहले) किसी को भी देश से कोई उम्मीद नहीं थी। बहुत कड़ी मेहनत के बाद, हम दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरे हैं और आत्मविश्वास से कह रहे हैं कि अगले दो से ढाई साल में हम तीसरे स्थान पर होंगे। रोजगार के बारे में उन्होंने कहा कि औपचारिक और अनौपचारिक दोनों क्षेत्रों के आंकड़ों में कमी है, लेकिन केंद्र की पहल से लाखों लोगों को रोजगार मिला है।

# दलित व पिछड़ों की विरोधी है कांग्रेस

## राजस्थान की चुनावी सभा में बरसे केंद्रीय गृहमंत्री

एजेंसी

जयपुराकोटा। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कांग्रेस को अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की सबसे बड़ी विरोधी पार्टी बताते हुए शनिवार को कहा कि वह अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति व अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को लेकर झूठ फैला रही है। शाह ने कहा कि कांग्रेस आरक्षण को हटाना भी चाहे तो भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ऐसा करने नहीं देगी। शाह ने कहा कि पूरी दुनिया में देश

**○ आरक्षण को लेकर झूठ फैला रही कांग्रेस : शाह**

का सम्मान बढ़ाने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी खुद ओबीसी से आते हैं और कांग्रेस आरक्षण को लेकर झूठ फैला रही है। शाह कोटा में पार्टी के उम्मीदवार और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के समर्थन में आयोजित एक चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे।

शाह ने कहा, हम 400 पार की बात करते हैं तो कांग्रेस के पेट में दर्द होता है। वह झूठ फैला रहे हैं कि 400 सीट भाजपा को मिलेगी तो आरक्षण चला जाएगा। ये झूठ के सरदार हैं। हमारे पास पूर्ण बहुमत दस साल से है। आपने 2014 में भी पूर्ण बहुमत दिया, 2019 में भी दिया। हमने बहुमत का उपयोग आरक्षण हटाने के लिए नहीं किया। कांग्रेस वालों आपको बहुमत मिला आपने आपातकाल लगाया। हमें



बहुमत मिला हमने अनुच्छेद 370 को समाप्त कर दिया। हमें बहुमत मिला हमने राम जन्मभूमि पर मंदिर बनाया। हमें बहुमत मिला हम हिंदू, सिख, बौद्ध शरणार्थियों को नागरिकता देने के लिए सीएए (नागरिकता संशोधन अधिनियम) लेकर आए। उन्होंने कहा, कांग्रेस पार्टी अगर आरक्षण हटाना चाहती है तो भी जब तक भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता जिंदा है हम एससी, एसटी, ओबीसी के आरक्षण को हटाने नहीं देंगे। ये मोदी की गारंटी है। ये लोग झूठ फैला रहे हैं। उन्होंने कहा, ओबीसी का सबसे बड़ा विरोधी दल कांग्रेस पार्टी है। काका कालेलकर की रिपोर्ट को गायब कर दिया।

मंडल कमीशन की रिपोर्ट पर अमल नहीं किया। जब संसद में आरक्षण की बात आई तो राजीव गांधी ने ढाई घंटे विरोध में भाषण किया। वहीं मोदी जी ने ओबीसी कमीशन को संवैधानिक मान्यता देने का काम किया। देश में सभी केंद्रीय संस्थानों में हमने ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देने का काम किया। पूरी दुनिया में देश का सम्मान बढ़ाने वाले मोदी जी भी ओबीसी से आते हैं। शाह ने कहा, राहुल बाबा आपको कहने आया हूं। आपको कुछ नहीं मालूम। छोटी छोटी जातियों लुहार, सुथार, दर्जी, कारपेंटर, नाव बनाने वाले इनके लिए अब तक देश में कोई योजना नहीं लाया था। मोदी ने 13000 करोड़ खर्च करके सभी को स्किल डेवलपमेंट (कौशल विकास) से जोड़ा। शाह ने कहा कि लोग भाजपा को वोट दें और ईवीएम पर कमल के निशान पर ऐसा बटन दबाएं कि करंट इटली तक जाए। उन्होंने कहा, एक ओर अपनी राष्ट्रभक्ति, परिश्रम और कुशलता के कारण दुनिया के सर्वोच्च नेता बनने वाले नरेन्द्र मोदी जी हैं।

# नये आपराधिक न्याय कानून हमारे समाज के लिए ऐतिहासिक क्षण

नयी दिल्ली। प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डी. वाई. चंद्रचूड़ ने नए आपराधिक न्याय कानूनों के अधिनियमन को समाज के लिए ऐतिहासिक क्षण बताते हुए शनिवार को कहा कि भारत अपनी आपराधिक न्याय प्रणाली में महत्वपूर्ण बदलाव के लिए तैयार है।

उन्होंने आपराधिक न्याय प्रणाली के प्रशासन में भारत का प्रगतिशील पथ विषय पर यहां आयोजित एक सम्मेलन में कहा कि नए कानून तभी सफल होंगे जब वे लोग इन्हें अपनाएंगे, जिन पर इन्हें लागू करने का जिम्मा है। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि नए अधिनियमित कानूनों के कारण आपराधिक न्याय संबंधी भारत के कानूनी ढांचे ने नए युग में प्रवेश किया है। उन्होंने कहा कि पीड़ितों के हितों की रक्षा करने और अपराधों की जांच एवं अभियोजन में कुशलता के लिए अत्यावश्यक सुधार



किए गए हैं। उन्होंने कहा, भारत तीन नए आपराधिक कानूनों के भावी कार्यान्वयन के जरिए अपनी आपराधिक न्याय प्रणाली में एक महत्वपूर्ण बदलाव के लिए तैयार है... ये कानून हमारे समाज के लिए एक ऐतिहासिक क्षण को दर्शाते हैं क्योंकि कोई भी कानून, हमारे समाज के दिन-प्रतिदिन के आचरण को आपराधिक कानून जितना प्रभावित नहीं करता। सीजेआई ने कहा, संसद द्वारा इन कानूनों को अधिनियमित किया जाना इस बात का स्पष्ट संकेत है कि भारत बदल रहा है एवं आगे बढ़ रहा है और मौजूदा चुनौतियों से निपटने के लिए नए कानूनी उपकरणों की जरूरत है। इस सम्मेलन में केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता भी मौजूद थे।

संक्षेप

## उ. कोरिया ने मुखास्त्र व विमान रोधी मिसाइल का किया परीक्षण

सियोल। उत्तर कोरिया ने शनिवार को कहा कि उसने पश्चिमी तटीय क्षेत्र में एक अत्यधिक बड़े क्रूज मिसाइल मुखास्त्र और एक विमान रोधी मिसाइल का परीक्षण किया है। अमेरिका और दक्षिण कोरिया के साथ बढ़ते तनाव के बीच उत्तर कोरिया तेजी से अपनी सैन्य क्षमताओं को बढ़ा रहा है और हाल में उसने कई मिसाइल परीक्षण किए हैं। उत्तर कोरिया की सरकारी मीडिया ने अपनी एक खबर में कहा कि शुक्रवार को ह्वासल-। रा-3 रणनीतिक क्रूज मिसाइल के लिए तैयार किए गए मुखास्त्र का शक्ति परीक्षण किया गया साथ ही प्योलजी- I-2 विमान रोधी मिसाइल का परीक्षण किया गया। उत्तर कोरिया की सरकारी समाचार समिति कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी द्वारा जारी की गई तस्वीरों में लॉन्चर ट्रक से कम से कम दो मिसाइलें दागी जाती दिखाई दे रही हैं। खबर में कहा गया कि शुक्रवार को किया परीक्षण देश की सैन्य विकास गतिविधियों का हिस्सा थे और इसका आसपास के हालात से कोई लेना देना नहीं है। कोरियाई प्रायद्वीप पर कुछ वर्षों में काफी तनाव है। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन देश के हथियारों के जखीरे को बढ़ाने के लिए लगातार प्रयार कर रहे हैं।

# ट्रंप के खिलाफ मामले की सुनवाई रोकने का अनुरोध अस्वीकार

एजेंसी

न्यूयॉर्क। न्यूयॉर्क की एक अपीली अदालत ने अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा एक पॉर्न स्टार को गुप्त रूप से धन देने संबंधी मामले की सुनवाई रोके जाने की आखिरी समय में की गई कोशिश को शुक्रवार को खारिज कर दिया। ट्रंप ने जूरी के चयन में अनुचित जल्दबाजी की बचाव पक्ष की शिकायतों के मद्देनजर यह अनुरोध किया था। न्यायमूर्ति मार्शा माइकल ने संक्षिप्त सुनवाई के कुछ ही मिनट बाद फैसला सुनाया। सुनवाई रोके जाने के अनुरोध पर मध्य-स्तरीय अपीली अदालत में दलीलें उस समय पेश की गई जब कुछ ही घंटों पहले इस मामले की सुनवाई के लिए जूरी चयन प्रक्रिया पूरी हुई थी। अदालत के इस फैसले के बाद ट्रंप के खिलाफ आपराधिक मुकदमे में सोमवार से बहस शुरू हो सकेगी। ट्रंप द्वारा पॉर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल्स को धन दिए जाने का यह मामला 2016 का है। उस समय ट्रंप के पॉर्न स्टार के साथ संबंध होने की बातें सामने आई थीं और आरोप है कि उन्होंने इसे छिपाने के लिए स्टॉर्मी को एक लाख 30 हजार डॉलर का भुगतान किया था।

# नीतीश ने परिवारवाद के बहाने लालू पर साधा निशाना

एजेंसी

कटिहार। बिहार के मुख्यमंत्री और जदयू प्रमुख नीतीश कुमार ने राजनीति में परिवारवाद को लेकर राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद के परिवार पर शनिवार को निशाना साधते हुए दावा किया कि राष्ट्रीय जनता दल शासनकाल के दौरान किसी को नौकरी नहीं दी गयी, राज्य में जो भी नियुक्तियां हुईं, वे उनके कार्यकाल के दौरान हुईं।

कटिहार में एक चुनावी सभा के दौरान लालू प्रसाद और उनके परिवार के सदस्यों पर प्रहार करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, आजकल कुछ लोग सब कुछ दावा करते हैं। हट गए



तो बीवी को बना दिया और अब बाल-बच्चे को पैदा तो बहुत कर दिए। इतना ज्यादा पैदा करना चाहिए किसी को बाल-बच्चा लेकिन उतना किया और उसी में कई दो बेटी और दो बेटा को लगाकर (राजनीति में) ये लोग क्या बोलते रहते हैं। वे पुरानी बातें भूल जाते हैं इसलिए मैं सभी को बताना चाहता हूं कि कोई भी काम नहीं हो पाता था। उन्होंने राजद के 15 वर्षों के शासनकाल की ओर इशारा करते हुए पार्टी सुप्रीमों पर प्रहार किया और दावा करते हुए कहा, कभी किसी को नौकरी देते नहीं थे।

हमने इन लोगों अपनी सरकार में रखा था पर बाद में हटा दिया पर आजकल उनका बेटा बोलते रहता है कि हम किए। अब बताइए उसने क्या किया। 2020 में ही हमने अपने सात निश्चय कार्यक्रम के तहत 10 लाख नौकरी दिए जाने के बारे में तय कर दिया था।

# ऑस्ट्रेलिया में भारी बारिश और अचानक बाढ़ की घटनाएं बढ़ीं

एजेंसी

सिडनी। (द कन्वरसेशन) जलवायु परिवर्तन वास्तव में बढ़ने से पहले, पूर्वी ऑस्ट्रेलिया की आकस्मिक तीव्र निम्न दबाव प्रणालियाँ - समुद्र के बाहर दक्षिण और पूर्व दोनों ओर विकसित हो रही हैं। इसका मतलब यह है कि ये प्रणालियाँ, जो आमतौर पर ठंडे महीनों के दौरान पूर्वी तट की अधिकांश





बाढ़ ग्रेट डिवाइडिंग रेंज के पूर्व में हमारे तटीय क्षेत्रों पर केंद्रित थी।

लेकिन वह क्रम बदल रहा है. अब भीतरी भागों में बहुत अधिक बाढ़ आती है, जैसे कि 2012 और 2022 में ब्रोकन हिल और 2022 में कोबार, बॉर्के और निंगन। अचानक बाढ़ वह होती है जो बारिश के एक से छह घंटे के भीतर आती हैं, जबकि नदी में बाढ़ बनने में अधिक समय लगता है। क्यों? ग्लोबल वार्मिंग जलवायु कारकों को बढ़ा रही है, जिससे यह निर्धारित होता है कि अचानक बाढ़ कहाँ आती है और कितनी बार आती है। दुनिया भर में, हम कम समय में भारी बारिश देख रहे हैं, जिससे बाढ़ आ रही है - जैसा कि हमने इस सप्ताह दुबई में देखा। हमारे शोध से पता चलता है कि पूर्वी तट का निचला स्तर - भारी मात्रा में पानी ले जाने वाली बारिश लाती हैं, अब अधिक बारिश समुद्र में फेंक रही हैं। इसके बजाय, हम कोरल सागर से गर्म, नम हवा को नीचे की ओर धकेलते हुए देख रहे हैं, जिससे अंदरूनी इलाकों में तूफान और बाढ़ आ रही है।

इस महीने, क्वींसलैंड और न्यू साउथ वेल्स तटों पर एक तटीय ट्रफ और एक आंतरिक भाग ट्रफ के परिणामस्वरूप असामान्य रूप से व्यापक बाढ़ आई, जिससे सिडनी के साथ-साथ भीतरी क्षेत्र में भी बाढ़ आ गई। तटों पर, संतृप्त जलग्रहण क्षेत्रों में छोटी, तीव्र बारिश से अत्यधिक बाढ़ आती है। 2022 में लिस्मोर और 2011 में ग्रांथम में आई विनाशकारी बाढ़ के बारे में सोचें। भीतरी भागों में अचानक बाढ़ तब आती है जब तेज बारिश छोटे शहरी जलग्रहण क्षेत्रों को प्रभावित करती है।

# विश्वनाथन की मां ने सुप्रीमकोर्ट में किया जमानत का विरोध

एजेंसी

नयी दिल्ली। टेलीविजन पत्रकार सौम्या विश्वनाथन की मां ने उच्चतम न्यायालय का रुख कर उसकी हत्या के चार दोषियों को दी गई जमानत का विरोध किया है। सौम्या की 2008 में हत्या कर दी गई थी। मामले में चार दोषी उम्र कैद की सजा काट रहे हैं।

दिल्ली उच्च न्यायालय ने 12 फरवरी को रवि कपूर, अमित शुक्ला, बलजीत सिंह मलिक और अजय कुमार की सजा निलंबित कर दी तथा उन्हें उनकी दोषसिद्धि एवं सजा को चुनौती देने वाली अपीलों के लंबित रहने तक जमानत दे दी। कपूर, शुक्ला और



मलिक को 2009 के जिगिशा घोष हत्याकांड में भी दोषी करार दिया गया था और वे अब भी जेल में हैं। सौम्या एक प्रमुख अंग्रेजी समाचार चैनल में काम करती थीं। दक्षिण दिल्ली के नेल्सन मंडेला मार्ग पर 30 सितंबर को तड़के गोली मारकर उनकी हत्या कर दी गई। यह घटना उस वक्त हुई, जब वह दफ्तर से अपनी कार से घर लौट रही थीं। सौम्या की मां माधवी विश्वनाथन द्वारा दायर याचिका पर न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ के सुनवाई करने की संभावना है। उच्च न्यायालय ने 23 जनवरी को दिल्ली पुलिस से चारों आरोपियों की अपीलों पर जवाब देने को कहा था। एक विशेष अदालत ने 26 नवंबर 2023 को रवि कपूर, अमित शुक्ला, बलजीत मलिक और अजय कुमार को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 302(हत्या) और महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण कानून की संबद्ध धारा के तहत उम्र कैद की दो सजाएं सुनाई थी।

# इबारत पढ़ ली और अपना भारत दौरा स्थगित : कांग्रेस

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने टेस्ला के प्रमुख एलन मस्क का भारत दौरा स्थगित होने को लेकर शनिवार को नरेन्द्र मोदी सरकार पर कटाक्ष किया और लोकसभा चुनाव का परोक्ष रूप से हवाला देते हुए दावा किया कि इस अमेरिकी अरबपति ने भी दीवार पर लिखी इबारत पढ़ ली है।

टेस्ला के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एलन मस्क ने शनिवार को कहा कि उनकी भारत यात्रा कंपनी संबंधी भारी दायित्वों के कारण टाल दी गई है। मस्क अप्रैल के चौथे सप्ताह में भारत की यात्रा पर आने वाले थे। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर पोस्ट किया, यह अजीब था कि एलन मस्क एक निवर्तमान प्रधानमंत्री (नरेन्द्र मोदी) से मिलने के लिए भारत आ रहे थे। उन्होंने भी अब दीवार पर लिखी इबारत पढ़ ली है और अपनी यात्रा स्थगित करने का फैसला किया है। उन्होंने कहा, भारत के प्रधानमंत्री जल्द ही उनका स्वागत करेंगे और भारत सरकार इलेक्ट्रिक वाहनों को और भी अधिक आक्रामक तरीके से बढ़ावा देगी।

इंटरटेनमेंट...

# 'दो और दो प्यार' व 'एलएसडी-2' ओपनिंग-डे पर रहीं फ्लॉप

**मुंबई**। इस शुक्रवार बॉक्स ऑफिस पर दो फिल्में 'दो और दो प्यार' और 'एलएसडी 2' रिलीज हुई हैं। ओपनिंग डे पर इनकी बॉक्स ऑफिस परफॉर्मेंस इतनी बेकार रही कि दोनों ही फिल्में मिलाकर भी 1 करोड़ रुपए नहीं कमा पाईं।

पहले बात करते हैं विद्या बालन, प्रतीक गांधी, इलियाना डिक्रूज और सेंथिल स्टारर 'दो और दो प्यार' की। इस फिल्म ने ओपनिंग डे पर मात्र 50 लाख रुपए कमाए। यह इंडिया में 543 और ओवरसीज 271 स्क्रीन्स पर रिलीज हुई थी। शीर्षा गुहा ठाकुरता निर्देशित इस फिल्म की ऑक्यूपेंसी पहले दिन मात्र 9.10% रही। 'दो और दो प्यार' में विद्या, प्रतीक गांधी, इलियाना और सेंथिल पहली बार साथ नजर आ रहे हैं। दूसरी तरफ दिबाकर बैनर्जी की फिल्म 'छरऊ 2' की तो कमाई और ही कम रही। इस फिल्म ने पहले दिन सिर्फ 15 लाख रुपए का बिजनेस किया। इस फिल्म को एकता कपूर ने प्रोड्यूस किया है और इसमें परितोष तिवारी, बोनिता राजपुरोहित और





अभिनव सिंह जैसे कलाकार नजर आ रहे हैं। पहले दिन इस फिल्म की ऑक्यूपेंसी सिर्फ 5.48% रही। फिल्म क्रिटिक तरण आदर्श ने एक ट्वीट शेयर करते हुए दोनों फिल्मों के कलेक्शन पर निराशा जताई है। तरण ने लिखा, नया शुक्रवार पर फिर वहीं कहानी सूखा जारी है।

तरण के अलावा कई और फिल्म क्रिटिक्स ने भी इस हफ्ते हुए बॉलीवुड कलेक्शन पर निराशा जाहिर की है। इससे पहले पिछले हफ्ते रिलीज हुई 'बड़े मियां छोटे मियां' और 'मैदान' भी बॉक्स ऑफिस पर कोई खास कमाई नहीं कर पाई थीं। इस हफ्ते रिलीज हुई दोनों फिल्मों से ज्यादा कमाई अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ स्टारर 'बड़े मियां छोटे मियां' ने की है। फिल्म ने अपने दूसरे शुक्रवार को 1 करोड़ 40 लाख रुपए कमाए। अब इंडियन बॉक्स ऑफिस पर इसका टोटल कलेक्शन 51 करोड़ 30 लाख रुपए हो चुका है। वहीं 'मैदान' ने दूसरे शुक्रवार को 1 करोड़ 45 लाख रुपए का बिजनेस किया।

# फायरिंग इंसीडेंट के 5 दिन बाद दुबई पहुंचे सलमान

मुंबई। घर के बाहर हुए फायरिंग इंसीडेंट के 5 दिन बाद ही सलमान खान दुबई पहुंचे हैं। वो यहां एक इवेंट में शामिल हुए जहां से उनके कई वीडियोज सामने आए हैं। इन्हीं में से एक वीडियो में सलमान इवेंट में बेली डांस एंजॉय करते नजर आ रहे हैं।

14 अप्रैल को सलमान खान के घर के बाहर गोलियां चली थीं। मामले में आरोपी रहे दो युवकों को मुंबई क्राइम ब्रांच ने दो दिनों के भीतर ही गिरफ्तार कर लिया था। अब इस हादसे के 5 दिन बाद ही एक्टर दुबई पहुंचे हैं। सोशल मीडिया पर इस इवेंट के कई वीडियोज वायरल हैं। इन्हीं में से एक वीडियो में एक्ट्रेस एलनाज नौरोजी बैली डांस करती नजर आ रही हैं। वहीं सलमान स्टेज के सामने



बैठकर उनका डांस एंजॉय करते दिखे। सलमान और एलनाज के अलावा इवेंट में एक्टर/प्रेजेंटर मनीष पॉल भी नजर आए। उन्हें सलमान ने स्टेज पर गले लगाया। इवेंट के दौरान सलमान बेहद कंफर्टेबल नजर आए।

# इम्तियाज ने 'चमकीला' की कास्टिंग पर की चर्चा

मुंबई। फिल्म डायरेक्टर इम्तियाज अली ने कहा है कि उन्होंने फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' में दिलजीत दोसांझ को इसलिए कास्ट किया क्योंकि वो पैसे बचाना चाहते थे। बिहाइंड द सीन वीडियो में इम्तियाज के अलावा दिलजीत दोसांझ, परिणीति चोपड़ा ने भी फिल्म में काम करने के अपने एक्सपीरियंस शेयर किए।

सबसे पहले इम्तियाज ने कहा, 'इस फिल्म में हम एक एक्टर को एक काम के लिए हायर नहीं कर रहे थे। मैं एक्टर और सिंगर दिलजीत को कास्ट करके कास्टिंग में अपने पैसे बचा रहा था। फिल्म का थ्रिल इसका म्यूजिक है। इम्तियाज अली ने ये भी बताया कि फिल्म में उन्होंने दिलजीत और परिणीति के लिए लाइव सिंगिंग को कैसे पॉसिबल बनाया। उन्होंने कहा, 'हमने उनके लिए पूरा बैंड बना दिया था



तो वो सच में लाइव सिंगिंग कर रहे थे जिसे हमने ऑन-स्क्रीन जीवंत कर दिया।

हमने बैकग्राउंड म्यूजिशियन बुलाए जिनके साथ दिलजीत और परिणीति ने तीन-चार दिन तक गाने गाए और इसी दौरान कुछ चीजें लाइव रिकॉर्ड कर लीं। फिल्म में अमर सिंह चमकीला का किरदार निभाने पर दिलजीत बोले, 'फिल्म की कहानी म्यूजिक के इर्द-गिर्द घूमती है और म्यूजिक मेरे लिए भगवान है।





Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com

C M Y K